डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021/2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल 09.10.2023 से 15.10.2023 ▶ वर्ष-40 ▶ अंक-[illegible] ▶ मूल्य ₹ 10.00

संक्षिप्त खबर

बाल कैंसर रोगियों के लिए राज्य सहायता समन्वय केंद्र प्रारंभ

भोपाल, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने भोपाल में राज्य सहायता समन्वय केंद्र एवं घर से दूर घर का उद्घाटन किया। यह केन्द्र स्वास्थ्य विभाग के साथ कैनकिड्स की साझेदारी से स्थापित किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के साथ मिलकर काम करते हुए, इस केंद्र की स्थापना की गई है। इस केंद्र में कैंसर से पीड़ित बच्चों के लिए उपचार, देखभाल और परामर्श की व्यवस्था की गई है।

प्रथम चरण की काउंसलिंग का कार्यक्रम निर्धारित

भोपाल, प्रदेश के शासकीय स्वशासी और निजी आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के लिये प्रवेश की कार्यवाही एमपी ऑनलाइन के माध्यम से कराई जायेगी। इसके लिये संचालनालय आयुष ने प्रथम चरण का कार्यक्रम निर्धारित कर दिया है। इसके लिये पंजीयन 11 से 16 अक्टूबर तक होगा। अभिलेख का सत्यापन 11 से 17 अक्टूबर प्रात: 10 से शाम 6 बजे तक होगा। रिक्त सीटों की स्थिति का प्रदर्शन 18 अक्टूबर को और इसके बाद मेरिट सूची का प्रकाशन 19 अक्टूबर को किया जायेगा। अभ्यर्थी च्वाइस फिलिंग, लॉकिंग तथा एडिट 20 से 24 अक्टूबर तक कर सकेंगे। सीट आवंटन की कार्यवाही 31 अक्टूबर को शाम 4 बजे होगी। महाविद्यालय में अस्थाई प्रवेश प्राप्त करने की तिथि एक से 4 नवम्बर तक प्रात: 10 से शाम 7 बजे तक हो सकेगी। प्रवेश निरस्तीकरण कार्य एक से 5 नवम्बर शाम 6 बजे तक होगा।

समर्थन मूल्य पंजीयन अवधि बढ़ी

भोपाल, प्रमुख सचिव, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण ने कहा कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा के लिए किसान पंजीयन की निर्धारित दिनांक 5 अक्टूबर को बढ़ाकर पंजीयन की अवधि को 15 अक्टूबर कर दिया गया है।

आवेदन आमंत्रित

- **महात्मा गांधी चित्रकूट विश्वविद्यालय चित्रकूट** प्रोफेसर पदों हेतु
- **जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर**
  स्किल्ड सपोर्ट स्टाफ, वाहन चालक पदों हेतु
- **तकनीकी शिक्षा संचालनालय, भोपाल**
  अतिथि व्याख्याताओं के आवेदन
- **म.प्र. अर्बन डेवलपमेट कम्पनी लि. भोपाल**
  कार्यालय प्रबंधक, परियोजन प्रबंधक, सहायक अधीक्षक पदों हेतु
- **लोक निर्माण विभाग, भोपाल**
  मुख्य राजस्व कन्सल्टेंट पद हेतु
- **संचालनालय आयुष विभाग, भोपाल**
  मुख्य राजस्व कन्सल्टेंट पद हेतु
- **मुख्य वन संरक्षक संजय टाइगर रिजर्व, सीधी**
  सहायक महावत पद हेतु

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

लोकार्पण व शिलान्यास समारोह | जबलपुर में रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती समारोह में विशाल जनसभा का आयोजन

संस्कारधानी में प्रधानमंत्री ने कहा मध्यप्रदेश को विकास में शीर्ष पर ले जाने की गारंटी मोदी की



जबलपुर में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी

भोपाल, हमें उन महापुरुषों को नहीं भुलाना चाहिए, जिनके त्याग और शौर्य के फलस्वरूप आजादी मिली है। वीरांगना रानी दुर्गावती का जीवन हमें सर्वजन हिताय की सीख देता है। जबलपुर में बनने वाला वीरांगना रानी दुर्गावती का भव्य स्मारक एवं उद्यान हर माता और हर नौजवान को यहां आने के लिए आकर्षित करेगा और प्रेरणा देगा। यह एक अनोखा यात्रा धाम बनेगा। यह कहना है प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का। श्री मोदी ने जबलपुर में वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती पर समारोह में विशाल जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने मध्यप्रदेश के विभिन्न स्थानों से जुड़ी 12 हजार करोड़ से अधिक राशि की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

कार्यक्रम में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल सहित प्रदेश के सांसद और अन्य जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे। श्री मोदी ने कहा कि मध्यप्रदेश को विकास में टॉप पर ले जाने की मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक जो सत्ता में रहे उन्होंने जनजातीय बंधुओं और उनके सम्मानित वीरों, नेताओं को कभी सम्मान नहीं दिया।

प्रगति की ओर बढ़ रहा मध्यप्रदेश

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि मध्यप्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य हुआ है। आने वाले 20-25 साल में भी विकास में कोई रुकावट या गिरावट नहीं लौटेगी। प्रदेश में रहने वाले 25 वर्ष से छोटे लोगों ने प्रगति की ओर बढ़ रहे मध्यप्रदेश को ही देखा है। अब आने वाली पीढ़ी को आन-बान और शान वाला मध्यप्रदेश देखने को मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश कृषि निर्यात में टॉप पर है और अब औद्योगिक विकास में भी आगे लाना है। रोज़गार के अवसरों में वृद्धि के साथ ही अन्य कई क्षेत्रों में भी मध्यप्रदेश तेजी से प्रगति कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण अवसर है।

- 12 हजार 614 करोड़ के कार्यों का हुआ लोकार्पण और शिलान्यास।
- रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती पर डाक टिकट जारी।
- पहले 8 या दस वनोपजों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित था, अब 90 से अधिक वन उपज को एम.एस.पी. के दायरे में लाया गया है।

जनजातियों को पूरा सम्मान, वंचितों को वरीयता

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि जनजातीय समाज के आज़ादी के आंदोलन में योगदान का स्मरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनजातियों के लिए अटल जी के कार्यकाल में अलग मंत्रालय बनाया और विकास के लिए बजट बढ़ाया तथा उनका सम्मान सुनिश्चित किया है। देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति पद को पहली बार जनजातीय समाज की प्रतिनिधि ने सुशोभित किया है। श्री मोदी ने कहा कि मैं दुनिया के नेताओं से मिलता हूं तो उन्हें गोंड चित्रकला के नमूने भेंट करता हूं। देश में पंचतीर्थ का विकास हुआ है। महू हो अथवा सागर अनुसूचित जाति के महापुरुषों के स्मारक विकसित करना और उन्हें सम्मानित करना हमारी प्रतिबद्धता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बन रहे रानी दुर्गावती स्मारक को देखने देशभर से लोग आएंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि करोड़ों लोगों के लिए गांव में साफ पानी पहुंचाने का कार्य किया गया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाया गया।

जनजातीय नायकों और नायिकाओं के बन रहे स्मारक

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में मंडला मेडिकल कॉलेज का नामकरण शहीद हिरदेशाह और छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय का नाम शहीद शंकर शाह के नाम पर किया गया है। भोपाल में रानी कमलापति के नाम पर रेलवे स्टेशन का नामकरण किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की परम्परा प्रारंभ की। प्रदेश के टंट्या मामा और भीमा नायक सहित अनेक जनजातीय नायकों और नायिकाओं के स्मारक विकसित किए जा रहे हैं।

नई परिवहन क्रांति
भोपाल-इंदौर में मेट्रो रेल ट्रायल रन

सीहोर, मंडीदीप, विदिशा और रायसेन तक होगा मेट्रो रेल का विस्तार - मुख्यमंत्री

भोपाल, राजधानी भोपाल में मेट्रो आरंभ होने के साथ ही हमारा तांगे वाला भोपाल अब मेट्रो रेल वाला भोपाल हो गया है। मेट्रो रेल भोपाल में परिवहन की नई क्रांति लाएगी और विकास पथ पर भोपाल तीव्रगति से दौड़ेगा। यह कहना है मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का। मेट्रो रेल के ट्रायल रन अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि भोपाल मेट्रो का विस्तार सीहोर, मण्डीदीप के साथ-साथ रायसेन और विदिशा तक भी किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मेट्रो रेल को सुभाष

नगर डिपो से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने मेट्रो रेल में सुभाष नगर स्टेशन से रानी कमलापति स्टेशन तक सफर कर जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि इससे पहले मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इंदौर में मेट्रो रेल का ट्रायल रन किया था।

दो शहरों में मेट्रो का ट्रायल रन हुआ- मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इन्दौर के बाद भोपाल में नई परिवहन क्रांति का सूत्रपात हो रहा है। जिस राज्य को सड़कों के गड्ढों के लिए जाना जाता था, वहां एक सप्ताह में दो शहरों में मेट्रो का ट्रायल रन हुआ है। उन्होंने कहा कि हमने कम समय और तय समय-सीमा से पहले सब कर दिखाया है, यह मेट्रो टीम के साथियों, इंजीनियर और वर्कर्स की मेहनत है।

(शेष पृष्ठ 13 पर)

मध्यप्रदेश टूरिज्म के टीवीसी ने जीता प्रथम पुरस्कार

भोपाल, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा हाल ही में लॉन्च किये गए नए टीवीसी 'जो आया, वो वापस आया, ये है एमपी की माया' को चहुंओर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। विगत दो सप्ताह पहले लॉन्च किये गए टीवीसी को राष्ट्रीय

स्तर पर सम्मान भी मिलना शुरू हो गया है। महाराष्ट्र के औरंगाबाद में इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (आईएटीओ) के वार्षिक सम्मेलन में डिजिटल मीडिया एडवरटाइजिंग कैटेगरी में प्रथम पुरस्कार मिला है। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने कहा है कि प्रदेश के रमणीय पर्यटन स्थलों को देश-विदेश में प्रचारित करने के उद्देश्य से पर्यटन विभाग द्वारा रचनात्मक प्रयोग किये जाते रहे हैं।

राज्य स्तरीय समारोह

बहनों की जिंदगी सम्मानजनक बनाना मेरे जीवन का है मिशन

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में 36 लाख उज्ज्वला योजना हितग्राही और लाड़ली बहनों के खातों में गैस रिफिल योजना के 219 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की। इस अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि बहनों की जिंदगी बेहतर बनाने के मिशन में लाड़ली लक्ष्मी योजना, कन्या विवाह योजना, लाड़ली बहना योजना इस मिशन का ही भाग हैं। पंचायत और नगरीय निकायों में महिलाएं चुनकर आएं इसके लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई। शासकीय सेवाओं में महिला आरक्षण को बढ़ाकर अब 35 प्रतिशत किया गया है। अब नारी केवल अबला नहीं है।

बीच के अंतर की राशि सरकार देगी- मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बहनों को प्रतिमाह 450 रुपये में सिलेंडर उपलब्ध कराने की स्थाई व्यवस्था कर दी गई है। गैस सिलेंडर की कीमत और 450 रुपये के बीच के अंतर की राशि राज्य सरकार द्वारा भरवायी जाएगी। बहनों को गैस कंपनी को उतनी ही राशि का भुगतान करना होगा जितनी राशि का गैस सिलेंडर है। गैस कंपनी के गैस सिलेंडर की कीमत और 450 रुपये के बीच के अंतर की राशि बहनों के खाते में राज्य शासन द्वारा जारी की जाएगी।

बहनों की जिंदगी बनाना जीवन का मिशन- मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि महिलाओं के कल्याण की कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। बहनों की जिंदगी सम्मानजनक बनाना जीवन का मिशन है। बहनें संगठित रहकर समस्याओं का सामना करें और आगे बढ़ती रहें इसी उद्देश्य से लाड़ली बहना सेना का गठन किया गया है।

30 सितम्बर

जम्मू-कश्मीर ने सौ प्रतिशत ओडीएफ प्लस मॉडल का दर्जा हासिल किया

● वर्तमान 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के दौरान हासिल एक और उल्लेखनीय

उपलब्धि में केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर ने 20 जिलों के 285 ब्लॉकों में अपने सभी 6650 गांवों को ओडीएफ प्लस मॉडल घोषित किया है। केन्द्र शासित प्रदेश के सभी गांवों के लिए ओडीएफ प्लस मॉडल की उपलब्धि एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि यह प्रत्येक गांव में गंदले पानी (ग्रे वाटर) और ठोस कचरे का प्रबंधन करके स्वच्छता की दिशा में शौचालयों के निर्माण और उपयोग करने से बढ़कर उपलब्धि प्राप्त करना है। किसी गांव को ओडीएफ प्लस मॉडल का दर्जा हासिल करने के लिए ओडीएफ प्लस के तीन चरणों महत्वाकांक्षी, उन्नतिशील और आदर्श गांव से गुजरना पड़ता है।

● एनसीआर में वायु गुणवत्ता में समग्र सुधार की प्रवृत्ति को जारी रखते हुए, जनवरी-सितंबर 2023 के बीच की अवधि के लिए दिल्ली की दैनिक औसत वायु गुणवत्ता ने पिछले 6 वर्षों यानी 2016 से 2023 (कोविड प्रभावित 2020 को छोड़कर) की इसी अवधि की तुलना में अपना सर्वश्रेष्ठ सूचकांक दर्ज किया। चालू वर्ष के दौरान उपरोक्त उल्लिखित अवधि में दिल्ली के एक्युआई का दैनिक औसत क्रमशः 167 दर्ज किया गया है, जबकि इसी अवधि के दौरान यह क्रमशः 2022 में 184, 2021 में 180, 2019 में 188 और 2018 में 193 दर्ज किया गया था। सितंबर, 2023 के महीने में 10 सितंबर, 2023 को वर्ष का एकमात्र "अच्छी" वायु गुणवत्ता वाला दिन (एक्युआई - 45) देखा गया, जो संयोगवश नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन के अंतिम दिन था।

1 अक्टूबर

सैन्य नर्सिंग सेवा ने अपना 98वां स्थापना दिवस मनाया

● सैन्य नर्सिंग सेवा (एमएनएस) ने 1 अक्टूबर 2023 को अपना 98वां स्थापना दिवस मनाया। सशस्त्र बलों की सबसे पुरानी और सबसे प्रतिष्ठित महिला सेवाओं में से एक, इस सेवा में सशस्त्र बलों के विभिन्न अस्पतालों में 5,000 से अधिक अधिकारी तैनात हैं। 98वीं वर्षगांठ मनाने के लिए, अतिरिक्त डीजीएमएनएस मेजर जनरल आई डेलोस फ्लोरा के नेतृत्व में सेवारत और सेवानिवृत्त अधिकारियों ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। दिल्ली सैन्य चौकी के एमएनएस अधिकारियों ने एएच (आर एंड आर) में केक काटने का समारोह आयोजित किया। एमएनएस ऑफिसर्स मेस, एएच (आर एंड आर), नई दिल्ली में दिल्ली सैन्य चौकी में तैनात संपूर्ण एमएनएस की ओर से अतिरिक्त डीजीएमएनएस ने एक सामाजिक मिलन समारोह आयोजित किया।

● इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (आईडीएस) मुख्यालय ने अपना 23वां स्थापना दिवस मनाया। चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ टू द चेयरमैन, चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी (सीआईएससी) लेफ्टिनेंट जनरल जेपी मैथ्यू ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और इस अवसर पर शहीद नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सीआईएससी ने "पर्पल बिरादरी" के सभी रैंकों को बधाई दी है और उन्हें एकीकृत सशस्त्र बलों के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयास जारी रखने के लिए प्रेरित किया है। भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा संरचना के महत्वपूर्ण उद्देश्य को पूरा करने के लिए इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (आईडीएस) मुख्यालय को 1 अक्टूबर 2001 को एक त्रि-सेवा संस्था के रूप में स्थापित किया गया था। यह सेवाओं के बेहतर तालमेल और समर्पण को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से अपने आदर्श-वाक्य 'संयुक्तता के माध्यम से विजय' को पूरा करने के उद्देश्य से कई पहलों में सबसे आगे बना हुआ है।

2 अक्टूबर

जल्द ही 22 भारतीय भाषाओं में आयोजित होंगी प्रतियोगी परीक्षाएं

● विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि आने वाले समय में

कर्मचारी चयन आयोग सभी 22 भारतीय भाषाओं में प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित करेगा। उन्होंने कहा, सरकार का इरादा सभी इच्छुक उम्मीदवारों को भाषाई बाध्यताओं से परे समान अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा इस वर्ष से कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षाएं हिन्दी और अंग्रेजी के अलावा 11 क्षेत्रीय भाषाओं के साथ कुल 13 भाषाओं में आयोजित की जा रही हैं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि जेईई, एनईईटी और यूजीसी परीक्षाएं भी बारह भारतीय भाषाओं में आयोजित की जा रही हैं और इस ऐतिहासिक निर्णय से स्थानीय युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा और क्षेत्रीय भाषाओं को प्रोत्साहन मिलेगा।

● सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने 15वें ताशकंद अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह के उद्घाटन में भारत का प्रतिनिधित्व किया। भारत और उज्बेकिस्तान के बीच सोवियत काल से ही फिल्म निर्माण के क्षेत्र में मजबूत सहयोग की परंपरा रही है। राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम और उज्बेक फिल्मों के साझा प्रयासों से यह संबंध और प्रगाढ़ होने की संभावना है। इससे पहले, डॉ. मुरुगन ने उज्बेकिस्तान के संस्कृति और पर्यटन मंत्री उज्दबेक नज़ारबेकोव से मुलाकात की।

3 अक्टूबर

पहली दो तिमाही में भारतीय रेल ने की 758.20 मीट्रिक टन माल ढुलाई

● संचयी आधार पर अप्रैल-सितंबर 2023 की अवधि के लिए भारतीय रेल ने 758.20

मीट्रिक टन माल की ढुलाई की, जबकि पिछले वर्ष 736.68 मीट्रिक टन माल की ढुलाई की गई थी, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 21.52 मीट्रिक टन की वृद्धि दर्शाता है। रेलवे ने पिछले वर्ष के 78991 करोड़ रुपये की तुलना में 81697 करोड़ रुपये की आय अर्जित की है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में लगभग 2706 करोड़ रुपये अधिक है। सितंबर 2023 के महीने के दौरान, 123.53 मीट्रिक टन का प्रारंभिक माल ढुलाई का लक्ष्य हासिल किया गया है, जबकि सितंबर 2022 में 115.80 मीट्रिक टन माल की ढुलाई की गई थी। इस प्रकार पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 6.67 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

● भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने लैंको अमरकंटक पावर लिमिटेड में पीएफसी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड, आरईसी लिमिटेड, एसजेवीएन लिमिटेड और दामोदर वैली कॉर्पोरेशन की 100 फीसदी हिस्सेदारी के प्रस्तावित अधिग्रहण को अपनी मंजूरी दे दी है। पीएफएल, भारत सरकार के उपक्रम पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। आरईसी, पीएफसी की सहायक कंपनी है। वर्तमान में यह एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है, जिसे भारतीय रिजर्व बैंक ने अवसंरचना से संबंधित वित्तीय कंपनी के रूप में वर्गीकृत किया है। एसजेवीएन, हिमाचल प्रदेश सरकार और सार्वजनिक शेयरधारकों के स्वामित्व वाली एक सूचीबद्ध कंपनी है। डीवीसी, दामोदर घाटी निगम अधिनियम 1948 के तहत स्थापित एक वैधानिक कॉर्पोरेशन है।

4 अक्टूबर

आर्मी हॉस्पिटल ने कॉक्लियर प्रत्यारोपण के 50 ऑपरेशन कर इतिहास रचा

● दिल्ली कैंट स्थित आर्मी हॉस्पिटल (आर एंड आर) के कान, नाक और गला (ईएनटी) विभाग ने पिछले 18 महीनों में मरीजों

के दोनों कानों में एक साथ कॉक्लियर प्रत्यारोपण के 50 ऑपरेशन किए हैं और वह इतने सफल प्रतिरोपण ऑपरेशन करने वाला देश का एकमात्र सरकारी अस्पताल बन गया है। कॉक्लियर इम्प्लांट एक अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण है जिसके जरिए सुनने में अक्षम मरीजों को न सिर्फ सुनने में मदद मिलती है, बल्कि यह उन्हें मुख्यधारा में आने में सक्षम बनाता है। इस इम्प्लांट की कीमत हमेशा चिंता का विषय रही है, जिससे इसकी पहुंच सीमित हो गई।

● राष्ट्रीय निवेश और अवसंरचना फंड (एनआईआईएफ) ने 600 मिलियन डॉलर का भारत-जापान फंड (आईजेएफ) लॉन्च करने के लिए जापान बैंक फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन (जेबीआईसी) के साथ साझीदारी की है, जिसमें जेबीआईसी और भारत सरकार एंकर निवेशकों के रूप में रहेंगे। यह घोषणा एनआईआईएफ के पहले द्विपक्षीय फंड को चिन्हित करती है जिसमें भारत सरकार लक्षित कोष में 49 प्रतिशत का योगदान देगी और शेष 51 प्रतिशत का योगदान जेबीआईसी द्वारा दिया जाएगा। इस फंड का प्रबंधन एनआईआईएफ लिमिटेड (एनआईआईएफएल) द्वारा किया जाएगा और जेबीआईसी आईजी (जेबीआईसी की एक सहायक कंपनी) एनआईआईएफएल को भारत में जापान के निवेश के बढ़ाने में सहायता करेगी।

5 अक्टूबर

ड्रोन पायलटों के लिए नए ड्रोन नियम अधिसूचित

● वायुयान अधिनियम 1934 (1934 का 22) की धारा 5, धारा 10 की उपधारा 2

और धारा 10ए, 10बी, और 12ए द्वारा प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने ड्रोन पायलटों के लिए नए ड्रोन (संशोधन) नियम 2023 को अधिसूचित किया है। इस संशोधन के बाद यदि ड्रोन पायलट के पास पासपोर्ट नहीं है, तो रिमोट पायलट प्रमाणपत्र के लिए आवेदन करने के लिए सरकार द्वारा जारी पहचान प्रमाण पत्र और सरकार द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र यानी वोटर आईडी, राशन कार्ड या ड्राइविंग लाइसेंस को अब स्वीकार किया जा सकता है। विशेष रूप से ग्रामीण भारत के कृषि क्षेत्र में इच्छुक ड्रोन पायलटों के लिए पासपोर्ट होने की शर्त बाधा बन रही थी।

● नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) ने संयुक्त अरब अमीरात में घरेलू कार्ड स्कीम (डीसीएस) के कार्यान्वयन के लिए अल एतिहाद पेमेंट्स (एईपी) के साथ एक कार्यनीतिक साझेदारी समझौता किया है। समझौते के अनुसार, एनआईपीएल और एईपी यूएई की राष्ट्रीय घरेलू कार्ड योजना के निर्माण, कार्यान्वयन और प्रचालन के लिए मिलकर काम करेंगे।

06 अक्टूबर

बाढ़ ग्रस्त सिक्किम के लिए आपदा सहायता राशि जारी

● केंद्र सरकार ने बाढ़ ग्रस्त सिक्किम के लिए आपदा सहायता के रूप में 45 करोड़ रुपये जारी किये जाने की मंजूरी दी है। यह वर्ष 2023-24 के लिए राज्य आपदा कार्रवाई कोष से केंद्रीय हिस्से की राशि है। इसका उद्देश्य पीड़ित लोगों के लिए राहत उपलब्ध कराने में राज्य की मदद करना है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नुकसान के आकलन के लिए एक अंतरमंत्रालय केंद्रीय दल गठित किया है। गृह मंत्रालय ने बताया कि यह टीम जल्दी ही सिक्किम के बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा करेगी और इसके आकलन के आधार पर राज्य को अतिरिक्त केंद्रीय सहायता मंजूर की जाएगी।

● एलायंस एयर ने चेन्नई से जाफना के बीच अपनी 200वीं उड़ान पूरी की। दोनों शहरों के बीच हवाई सपंर्क पिछले वर्ष दिसंबर में तीन साल के अन्तराल के बाद शुरू हुआ था। इस वर्ष जून में बढ़ती मांग के बीच हवाई सेवा दैनिक की गई। अब तक नौ महीने में इन उड़ानों से दोनों देशों के बीच 21 हजार यात्री सफर कर चुके हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

APPOINTMENTS

PROFESSOR, ASSOCIATE PROFESSOR AND ASSISTANT PROFESSOR FOR Management (Business Analytics, Marketing, Finance, HR, Operations & Systems) Commerce, Law, English, History, Political Science, Sociology, Economics, Chemistry, Pharmaceutical Chemistry, Biotechnology, Microbiology, Computer Science, Psychology, Physics and Mathematics.

Interested candidates may send their CVs at the address mentioned below or mail at aimsrhr@acropolis.edu.in within seven days. Qualifications, experience and salary as per UGC/BCI norms. Faculty selection will be done under college code 28.

Acropolis Institute of Management Studies & Research
Acropolis Faculty of Management & Research
Acropolis Institute of Law

ACROPOLIS Enlightening Wisdom
Indore Bypass Road, Manglia Square, Near Toll Plaza, Indore (M.P.)
Ph. : 0731-4730072/93

PANKAJ

R-49201/2023

Requirements
Academic Positions for MBA Course.
• Principal • Professor • Associate Professor • Assistant Professor
for Finance, HR, Marketing, Operation, Business Communication, IT, E-Commerce.
Admin Staff : • Registrar • Office Assistant • Librarian • Book Lifter
Qualification As per AICTE / DTE & DAVV norms Salary : No bar for experienced & deserving candidates
(Selection under College Code 28)
Interested candidates may send their updated CV along with photocopy of all testimonials at Institute's following address within 15 days from the date of advertisement or mail : registrarimibs@gmail.com Mob.: 9717265930

IMI BUSINESS SCHOOL, INDORE
(Approved by AICTE New Delhi & DTE, Bhopal, Affiliated to DAVV, Indore)
City Office : 418 Milinda Manor, Opp. Central Mall, RNT Marg, Indore (M.P.) Ph. 0731-2527587
Campus - Village Bardari, Behind Chokhi Dhani, Khandwa Road, Indore (M.P.) 452020 http://imibs.org/

Sterling combine
R-49184/2023

वर्ष 40, अंक 41 09.10.2023 से 15.10.2023

रोज़गार और निर्माण

rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - मनीष सिंह
● सम्पादक - रंजना चितले
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
● आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इनसे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

जनकल्याण के साथ खेलों में अव्वल मध्यप्रदेश

बीता सप्ताह मध्यप्रदेश के लिये कई उपलब्धियों वाला रहा। प्रदेश के इंदौर और भोपाल जिले में बहुप्रतिक्षित मेट्रो रेल का सफल ट्रायल रन हुआ। मेट्रो के इस ट्रायल के साथ ही प्रदेश में एक नई परिवहन क्रांति शुरू हो गई है। विगत दो दशकों में प्रदेश ने जिस गति के साथ विकास कार्य किये हैं यही कारण है कि आज मध्यप्रदेश विकसित राज्यों की सूची में अव्वल है। मध्यप्रदेश सरकार ने जहां विभिन्न क्षेत्रों में विकास से जुड़े कार्य किये हैं। वहीं, खेलों के क्षेत्र में भी प्रदेश ने कई कीर्तिमान स्थापित किये हैं। चीन में आयोजित एशियन गेम्स 2023 में प्रदेश के राज्य शूटिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने मेडल प्राप्त कर प्रदेश का नाम विश्व नक्शे पर दर्ज किया है।

खेल अधोसंरचना के क्षेत्र को मजबूत बनाने और खेलों को बढ़ावा देने के लिये मध्यप्रदेश में अभूतपूर्व नवाचार हुए हैं। पहले मध्यप्रदेश की खेलों में गिनती नहीं होती थी। वर्ष 2022 के खेलो इंडिया यूथ गेम्स में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने 38 पदक जीते। वहीं, वर्ष 2023 के खेलो इंडिया यूथ गेम्स का प्रतिनिधित्व करने के साथ ही मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने 96 पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। प्रदेश में 18 खेलों के लिये 11 खेल अकादमी स्थापित की गई हैं। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से इन अकादमियों में नये खिलाड़ियों को तैयार करने का कार्य हुआ है। मध्यप्रदेश में पहले खेलों का बजट 5 करोड़ रुपये हुआ करता था, जो अब बढ़कर 347 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। प्रदेश के खिलाड़ियों और खेलों को आगे बढ़ाने के लिये प्रदेश सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार ने मिलकर कई क्षेत्रों में विकास का अभूतपूर्व इतिहास रचा है।

प्रदेश को निरंतर मिलने वाली सौगातों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विगत दिवस ग्वालियर सहित जबलपुर में कई जनकल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ कर प्रदेश में विकास के कार्यों को गति प्रदान की है। विगत दिनों प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने जबलपुर से 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात प्रदेशवासियों को दी। इसमें सड़क, रेल, गैस पाइपलाइन, आवास और स्वच्छ पेयजल जैसे क्षेत्रों से जुड़ी विकास परियोजनाएं शामिल हैं। इसके साथ ही प्रदेश में वीरांगना रानी दुर्गावती के स्मारक का भूमिपूजन हुआ।

मध्यप्रदेश में संचालित जनकल्याण की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों के फलस्वरूप जहां एक ओर सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक विकास हो रहा है। वहीं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन से मध्यप्रदेश के समग्र गौरव में भी निरंतर वृद्धि हो रही है। प्रदेशवासियों के लिए यह मध्यप्रदेश का स्वर्णिम काल है, प्रदेश उत्तरोत्तर प्रगति के पाथ पर अग्रसर है।

चंद्रमा पर स्ट्रक्चर विकसित करने में थ्रीडी प्रिंटर की होगी मुख्य भूमिका

दुनियाभर की स्पेस एजेंसियां चंद्रमा पर अपने मिशन भेजना चाहती हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा दावा करती है कि उसने बरसों पहले इंसान को चांद पर पहुंचा दिया था। बाकी स्पेस एजेंसियों से एक कदम आगे रहते हुए नासा की योजना चंद्रमा पर घर बनाने की है। नासा अब चांद पर लंबे वक्त तक रुकना चाहती है। न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार चांद पर स्ट्रक्चर बनाने का लक्ष्य साल 2040 तक हासिल किया जा सकता है। इस काम में एक थ्रीडी प्रिंटर की मदद ली जाएगी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि थ्रीडी प्रिंटर चंद्रमा की गड्ढे वाली सतह की ऊपरी परत से रॉक चिप्स और खनिज टुकड़ों से बने कंक्रीट का इस्तेमाल करेगा। नासा की डायरेक्टर ऑफ टेक्नॉलजी मैच्युरेशन निकी के हवाले से रिपोर्ट में लिखा गया है कि हम निर्णायक मोड़ पर हैं और कुछ मायनों में सपने जैसा लगता है।

मून मिशन के लिए नासा यूनिवर्सिटीज और प्राइवेट कंपनियों के साथ साझेदारी कर रही है। निकी ने कहा कि हमें सही समय में सभी लोग मिले हैं। मुझे लगता है कि हम अपने लक्ष्य तक पहुंचेंगे। अगर हमने अपनी क्षमताओं को डेवलप कर लिया तो यह काम संभव बनाया जा सकता है। नासा की योजना अगले साल ही चांद पर एक थ्रीडी प्रिंटर को भेजने की है। फिलहाल इसकी टेस्टिंग की जा रही है। सब कुछ ठीक रहा तो फरवरी में इसे रवाना कर दिया जाएगा। नासा ने चंद्रमा के लिए आर्टिमिस मिशन को तैयार किया है। इसका पहला भाग सफल रहा है। अब आर्टेमिस 2 मिशन के जरिए अंतरिक्ष यात्रियों को चांद का चक्कर लगाने भेजा जाएगा। यह मिशन भी अगले साल लॉन्च हो सकता है। मिशन में चार अंतरिक्ष यात्री शामिल होंगे। ये सभी चंद्रमा तक जाएंगे जरूर, लेकिन वहां लैंड नहीं करेंगे। इंसान को चांद पर उतारने के लिए आर्टिमिस 3 मिशन को रवाना किया जाएगा, जो साल 2025 या 2026 में उड़ान भर सकता है।

- विकास तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विषयों पर लेखन करते हैं)

विश्व प्राकृतिक आपदा निवारण दिवस - 13 अक्टूबर

जन-जीवन को त्रासदीपूर्ण बना देती हैं प्राकृतिक विपदाएं

आपदा अथवा विपत्ति किसी के भी जीवन को बुरी तरह से प्रभावित करती हैं। जब-जब किसी भी देश में प्राकृतिक आपदायें आती हैं तो वो वहां के लोगों के जीवन में कहर बनकर टूटती हैं। प्राकृतिक आपदाएं दुनिया के लगभग सभी देशों में होती हैं। यह मानव जीवन के साथ जुड़ी हुई हैं। प्राकृतिक आपदा में बाढ़, सूखा, भूकंप, ऊष्णकटिबंधीय चक्रवात, बिजली, सुनामी, ज्वालामुखीय गतिविधि, जंगल की आग आदि को शामिल किया जाता है। प्राकृतिक विपदा जन-जीवन को त्रासदीपूर्ण बना देती है। यह किसी प्राकृतिक खतरे की घटना के बाद समाज या समुदाय पर पड़ने वाला अत्यधिक हानिकारक प्रभाव है। प्राकृतिक आपदा को कुछ विद्वानों ने इस प्रकार परिभाषित किया 'आपदा एक कमजोर समुदाय को प्रभावित करने वाले प्राकृतिक या मानव निर्मित खतरे का परिणाम है। यह एक कमजोर समाज के जोखिम के साथ-साथ खतरे का संयोजन है जिसके परिणामस्वरूप आपदा होती है।' 'आपदा' शब्द को इस प्रकार परिभाषित किया गया है: 'आपदाएं किसी समुदाय के कामकाज में गंभीर व्यवधान हैं, जो अपने संसाधनों का उपयोग करके सामना करने की क्षमता से अधिक हो जाती हैं। आपदाएं प्राकृतिक, मानव निर्मित और तकनीकी खतरों के साथ-साथ भी हो सकती हैं।

प्राकृतिक आपदा का असर मानव जीवन पर लम्बे समय तक बना रहता है। इससे किसी भी देश की अर्थव्यवस्था, जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित होता है। आपदा देश के विकास और तरक्की को पीछे धकेल देती है। इसी चिंता को लेकर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1990 के दशक को प्राकृतिक आपदा न्यूनीकरण के लिए अंतर्राष्ट्रीय दशक के रूप में मनाने का निर्णय लिया। 1 जनवरी, 1990 से प्राकृतिक आपदा न्यूनीकरण के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय दशक शुरू किया गया था। इस दशक का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय कार्रवाई के माध्यम से, विशेष रूप से विकासशील देशों में, प्राकृतिक आपदाओं के कारण होने वाली जान-माल की हानि, संपत्ति की क्षति और सामाजिक और आर्थिक व्यवधान को कम करना था। दशक की गतिविधियों का समर्थन करने के लिए, UNDRO के सहयोग से, जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र कार्यालय में एक सचिवालय की स्थापना की गई थी। परन्तु वर्ष 2009 में सयुंक्त राष्ट्र महासभा ने प्राकृतिक आपदा के प्रति जागरूकता और तबाही में कमी की वैश्विक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विश्वभर का ध्यान इस समस्या और इससे जुड़े समाधान की ओर खींचने के लिए हर साल इसे विश्वभर में मनाने का निर्णय लिया और इसके लिए 13 अक्टूबर का दिन तय किया गया। इस प्रकार विश्व प्राकृतिक आपदा निवारण दिवस की शुरुआत वर्ष 2009 से हुई। 2015 में जापान के सेंडाई में आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर तीसरे संयुक्त राष्ट्र विश्व सम्मेलन में, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को याद दिलाया गया था कि आपदाएं स्थानीय स्तर पर सबसे अधिक प्रभावित होती हैं, जिससे जीवन की हानि और बड़ी सामाजिक और आर्थिक उथल-पुथल होने की संभावना होती है। सेंडाइ में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन के परिणामों की रिपोर्ट को सेंडाइ फ्रेमवर्क कहा गया, जिसे भारत सहित अन्य देशों ने भी अपनाया।

अचानक आने वाली आपदाएं हर साल लाखों लोगों को विस्थापित करती हैं। आपदाएं, जिनमें से कई जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ी हैं, सतत विकास की प्रक्रिया पर नकारात्मक प्रभाव डालती हैं। अंतर्राष्ट्रीय प्राकृतिक आपदा न्यूनीकरण दिवस पर प्राकृतिक आपदाओं में कमी लाने का प्रचार-प्रसार करने, जागरूकता फैलाने और आपदा प्रबंधन के तरीके को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों में उत्सव मनाया जाता है, जो जलवायु परिस्थितियों में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस एक वार्षिक आयोजन है, जो लोगों और सरकारों से अपने समुदायों और देशों को आपदा-के प्रति अधिक लचीला रुख अपनाने के लिए मिलकर काम करने का आग्रह करता है। प्रति वर्ष 13 अक्टूबर को आयोजित होने वाले विश्व प्राकृतिक आपदा निवारण दिवस किसी थीम पर आयोजित होता है। 2023 का विश्व प्राकृतिक आपदा दिवस आपदाओं और असमानताओं के सम्बन्धों पर आधारित है। चूंकि आपदाओं के उच्च जोखिम वाले अधिकांश देश गरीबी रेखा के नीचे वाले हैं, इसलिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी आपदाओं की क्रूर असमानता के बारे में जागरूकता बढ़ा रही है। यह एक लचीले भविष्य के लिए असमानता से लड़ने का आह्वान करता है। प्राकृतिक विपदा को रोका तो नहीं जा सकता, लेकिन इसके असर को कम जरूर किया जा सकता है। इसी पर आधारित थी साल 2022 की थीम, जिसके अनुसार 2030 तक लोगों के लिए बहु-खतरनाक प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों और आपदा जोखिम की जानकारी और पहुंच को बढ़ाकर इसके नुकसान को कम किया जा सके। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस द्वारा की गई घोषणा से इस लक्ष्य को हासिल करने की अति-आवश्यकता पर जोर दिया गया था। इसमें कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र यह सुनिश्चित करने के लिए नई कार्रवाई करेगा कि पृथ्वी पर प्रत्येक व्यक्ति को पांच साल के भीतर प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली द्वारा संरक्षित किया जाए। एक रिपोर्ट के अनुसार 2030 तक, वर्तमान जलवायु अनुमानों के साथ, दुनिया को प्रति वर्ष लगभग 560 आपदाओं का सामना करना पड़ेगा। 1970 से 2019 तक, संयुक्त राष्ट्र ने पाया कि मौसम, जलवायु और पानी के खतरों से होने वाली 91 प्रतिशत मौतें विकासशील देशों में हुई। 2021 में दुनिया भर में प्राकृतिक खतरों से संबंधित 432 विनाशकारी घटनाएं घटित हुई। लगभग 252 अरब अमेरिकी डॉलर की आर्थिक क्षति हुई है। 44 फीसदी आपदाएं बाढ़ से जुड़ी हुई थीं। ऐसी घटनाओं में पूर्व चेतावनी जीवन बचा सकती है। 24 घंटे की पूर्व चेतावनी होने वाले नुकसान को 30 प्रतिशत तक कम कर सकती है।

सदियों से प्रकृति को पूजने वाले भारत जैसे विशाल देश में प्राकृतिक आपदायें चिंता का विषय हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण एशिया में पिछले साल प्राकृतिक आपदाओं के कारण 1.25 करोड़ लोग आंतरिक रूप से विस्थापित हुए थे और इनमें से 90 प्रतिशत लोगों को बाढ़ के कारण पलायन करना पड़ा। 'सभी देशों में बाढ़ की वजह से विस्थापन हुआ, लेकिन पाकिस्तान, भारत और बांग्लादेश सबसे ज्यादा प्रभावित रहे। सर्वाधिक पलायन जून और सितंबर के बीच दक्षिण पश्चिम मानसून के दौरान हुआ।' भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गांधीनगर के अनुसंधानकर्ताओं ने पिछले साल एक रिपोर्ट में कहा था कि जलवायु परिवर्तन के कारण बाढ़ और लू जैसे मौसम संबंधी आपदाओं की घटनायें भविष्य में कई गुना बढ़ सकती हैं। भारत में आपदा प्रबंधन पर लगातार काम किया जा रहा है। 2010 में, भारत ने विश्व बैंक की वित्तीय सहायता से जोखिम शमन बुनियादी ढांचे का निर्माण किया, जिसमें कमजोर तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए 270 बहुउद्देश्यीय चक्रवात आश्रय शामिल थे और प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को कम करने के लिए संस्थागत क्षमता और वित्तीय तंत्र को बढ़ाया। आपदा से मुस्तैदी से निपटने के लिए देश में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल यानी एनडीआरएफ का गठन 2006 में किया गया था। एनडीआरएफ भारत में एक विशेष, बहु-कुशल, मानवीय बल है, जो आपदा जोखिम के समय देश के आपदा प्रबंधन और सामुदायिक जागरूकता में योगदान देता है। एनडीआरएफ बटालियन में 108 महिला लड़ाके रखने की मंजूरी है। सरकार द्वारा आपदा से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन अधिनियम वर्ष 2005 में पारित किया गया था। हालांकि यह अधिनियम वर्ष 2006 से लागू हुआ था।। इस अधिनियम का उद्देश्य आपदा के समय कुशल प्रबंधन से है। ताकि क्षति व नुकसान को सीमित किया जा सके। इसी अधिनियम के तहत राष्ट्रीय आपदा प्राधिकरण का गठन किया गया साथ ही सभी राज्यों में और उनके जिलों में आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की शाखायें गठित की गई।

आपदा प्रबंधन, किसी भी आपातकाल की स्थिति में, चाहे वो प्राकृतिक हो या मानव निर्मित, लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। दुनियाभर में मानव संसाधन, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों को इस क्षेत्र में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए आपदा प्रबंधन में पाठ्यक्रम प्रदान किए जाते हैं। ये पाठ्यक्रम डिग्री, डिप्लोमा और प्रमाण पत्र सहित विभिन्न स्तरों पर करवाये जाते हैं। भारत के कई प्रतिष्ठित कॉलेज और विश्वविद्यालय आपदा प्रबंधन में अनुसंधान कार्यक्रम और डिप्लोमा, सर्टिफिकेट कोर्स भी चलाते हैं। आपदा प्रबंधन में कॅरियर की संभावनाएं और रोज़गार के पर्याप्त अवसर हैं। सरकारी और निजी एजेंसियां और गैर-लाभकारी संगठन इस क्षेत्र में प्रशिक्षित आपदा रक्षकों की तलाश में रहते हैं।

जैसा की हम सब जानते हैं कि प्राकृतिक आपदायें प्रकृति जनित होती हैं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में जिस प्रकार से प्रकृति का दोहन, शोषण और उसके साथ छेड़-छाड़ बढ़ी है उसने इन आपदाओं को और भी बढ़ा दिया है। आधुनिकीकरण की दौड़ में जिस तरह से जंगलों, पहाड़ों का सफाया हुआ उसने प्रकृति के संतुलन को बिगाड़ दिया है और मानव जीवन को खतरे के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। केवल इस तरह के दिन-दिवस और कार्यक्रमों से नहीं बल्कि प्रकृति को बचाने के लिए लगातार और निरंतर प्रयास किया जाना आवश्यक है। हर आयु वर्ग और समुदाय के लोगों को मिलजुलकर अपना योगदान देना होगा और इसका सम्मान करना होगा।

वीणा सबलोक पाठक

(लेखिका : वरिष्ठ पत्रकार और स्तम्भकार हैं।)

कौशल विकास संचालनालय, म.प्र.
(मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोज़गार निर्माण बोर्ड)

(विज्ञप्ति)

क्रमांक-कौविसं/एससीवीटी/2023/1036 भोपाल, दिनांक : 03.10.2023

म.प्र. की आईटीआई में प्रवेश 2023 हेतु ''पहले आओ पहले पाओ'' राउण्ड

स.क्र.	की जाने वाली कार्यवाही	तिथियां
शासकीय आईटीआई हेतु		
1.	संस्थावार/व्यवसायवार रिक्त सीटों की जानकारी पोर्टल पर प्रदर्शित करना।	
2.	• नवीन रजिस्ट्रेशन/च्वाईस फिलिंग/त्रुटि सुधार हेतु पोर्टल प्रारंभ। • केंडिडेट स्वेच्छा से किसी 01 आईटीआई के किसी 01 ट्रेड की च्वाईस फिलिंग कर सकेंगे। • समस्त रजिस्टर्ड केंडिडेट को प्रवेश हेतु च्वाईस फिलिंग करना अनिवार्य है। • च्वाईस लॉक करने के पश्चात संशोधन किया जाना संभव नहीं है। अतः केंडिडेट को सावधानी पूर्वक आईटीआई/व्यवसाय का चयन करना चाहिए। • च्वाईस फिलिंग करने के पूर्व आईटीआई में व्यवसायवार रिक्त सीटों की संख्या अवश्य जांच कर लेवें। • केंडिडेट को प्रवेश के लिए रु. 50 का भुगतान कर च्वाईस लॉक करना होगा, तत्पश्चात अलॉटमेंट लेटर प्रिंट कर संबंधित आईटीआई में प्रवेश हेतु समस्त दस्तावेज की मूल प्रति एवं 02 सेट फोटोकॉपी सहित पहुंचाकर वेरिफिकेशन उसी दिवस करवाना होगा। • वेरिफिकेशन के पश्चात प्रवेश फीस का भुगतान कर प्रवेश स्लिप प्रिंट कर आईटीआई में जमा करना होगा। • यदि केंडिडेट द्वारा उपरोक्त प्रक्रिया को पूर्ण नहीं किया जाता है तो उनका अलॉटमेंट संस्था द्वारा अगले कार्यालयीन दिवस में दोपहर 02 बजे के पश्चात निरस्त कर रिक्त सीट अनुसार अन्य आवेदक को प्रवेश दिया जा सकेगा।	29.09.2023 से **10.10.2023**
प्रायवेट आईटीआई हेतु		
1.	निजी आईटीआई के लिए नवीन रजिस्ट्रेशन/च्वाईस फिलिंग/रजिस्ट्रेशन में त्रुटि सुधार/दस्तावेजों के वेरिफिकेशन (शासकीय आईटीआई में)/प्रवेश निरस्त आदि हेतु सभी ऑप्शन सहित पोर्टल पर कार्यालयीन समय में सुविधा खुली रहेगी। च्वाईस लॉक करने के पश्चात संशोधन किया जाना संभव नहीं है।	29.09.2023 से 10.10.2023

- प्रवेश के लिए आवेदकों हेतु नवीन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया **www.dsd.mp.gov.in** पोर्टल पर प्रारंभ है।
- आवेदकों हेतु पोर्टल **www.dsd.mp.gov.in** के होम पेज पर रिक्त सीटों की जानकारी उपलब्ध करवाई गई है।
- आवेदक नवीन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन में त्रुटि सुधार/च्वाईस फिलिंग, आदि के लिए नजदीकी शासकीय आईटीआई के हेल्पडेस्क पर भी संपर्क कर सकते हैं।
- विशेष आईटीआई (एकलव्य एवं अंबेडकर आईटीआई) में अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के आवेदकों हेतु निःशुल्क आवास, भोजन सुविधा एवं रु. 1000/- प्रतिमाह छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

प्रवेश पोर्टल पर किसी भी प्रकार की समस्या होने पर संपर्क करें

फोन नं. : 9171257462, 9174457462, 9111749057, ईमेल : mpiticounselling@gmail.com

संयुक्त संचालक
कौशल विकास संचालनालय, म.प्र.

जी-20723/49163/2023

संचालनालय आयुष म.प्र.
(भू-तल ''डी'' विंग, सतपुड़ा भवन, भोपाल-462004)

www.ayush.mp.gov.in, E-mail : jdayush@mp.gov.in
Office (0755) 2552931, Fax (0755) 2760225

दिनांक :03.10.2023

स्नातक द्वितीय चरण काउंसिलिंग कार्यक्रम (स्टेट कोटा) बीएएमएस/बीएचएमएस/बीयूएमएस

म.प्र. आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं यूनानी स्नातक पाठ्यक्रम प्रवेश नियम-2023 के अनुक्रम में भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग/राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग नई दिल्ली से प्रवेशानुमति प्राप्त शासकीय स्वशासी एवं निजी आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं यूनानी महाविद्यालयों में प्रवेश की कार्यवाही एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से संपन्न कराई जायेगी।

1. प्रवेश काउंसिलिंग के अंतर्गत द्वितीय चरण का कार्यक्रम निम्नानुसार है :–

क्र.	विवरण	दिनांक एवं समय
1.	पंजीयन	दिनांक 06.10.2023 से 09.10.2023 रात्रि 11.59 बजे तक
2.	अभिलेख सत्यापन	दिनांक 06.10.2023 से 10.10.2023 प्रातः 10 बजे से सायं 06 बजे तक (रविवार को छोड़कर)
3.	रिक्त सीटों की स्थिति	दिनांक 11.10.2023
4.	मैरिट सूची का प्रकाशन	दिनांक 12.10.2023
5.	अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालयों की प्राथमिकता क्रम का निर्धारण (च्वाईस फिलिंग, लॉकिंग तथा एडिट)	दिनांक 14.10.2023 से 15.10.2023 रात्रि 11.59 बजे तक
6.	सीट आवंटन	दिनांक 19.10.2023 दोपहर 12 बजे
7.	महाविद्यालय में औपचारिकताएं पूर्ण कर अस्थाई प्रवेश प्राप्त करने की तिथि	दिनांक 20.10.2023 से 23.10.2023 प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
8.	प्रवेश निरस्तीकरण	दिनांक 20.10.2023 से 25.10.2023 सायं 06 बजे तक

नोट :–

1. प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी उक्त प्रकाशित ऑनलाइन काउंसिलिंग कार्यक्रम अनुसार ऑनलाइन प्रवेश का अवसर प्राप्त कर सकते हैं।
2. पंजीयन उपरान्त अभ्यर्थियों को प्रदेश के शासकीय स्वशासी आयुर्वेद/होम्योपैथी/यूनानी महाविद्यालय में अपने अभिलेखों का सत्यापन कराना अनिवार्य होगा।
3. उपरोक्त काउंसिलिंग प्रक्रिया अंतर्गत भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग/राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग, नई दिल्ली/म.प्र. शासन, आयुष विभाग से प्रवेशानुमति प्राप्त शासकीय स्वशासी एवं निजी आयुष महाविद्यालयों को सम्मिलित किया जायेगा।
4. भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग/राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग, नई दिल्ली/म.प्र. शासन, आयुष विभाग से प्रवेशानुमति हेतु लंबित शासकीय स्वशासी/निजी आयुष महाविद्यालयों को प्रवेशानुमति प्राप्त होने के उपरान्त ही प्रवेश काउंसिलिंग प्रक्रिया में सम्मिलित किया जायेगा।
5. निजी नैचरोपैथी एवं योग विज्ञान महाविद्यालयों को प्रवेशानुमति प्राप्त न होने के कारण काउंसिलिंग प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं किया गया है। प्रवेशानुमति प्राप्त होने पर तदनुसार काउंसिलिंग प्रक्रिया में सम्मिलित किया जायेगा।
6. नियम/निर्देशों हेतु विभागीय वेबसाइट **www.ayush.mp.gov.in** एवं एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल **www.ayush.mponline.gov.in** का सतत अवलोकन करते रहें।

प्र. संयुक्त संचालक
संचालनालय आयुष म.प्र.

जी-20775/49165/2023

संचालनालय आयुष म.प्र.
(भूतल ''डी'' विंग, सतपुड़ा भवन, भोपाल-462004)

www.ayush.mp.gov.in, E-mail : jdayush@mp.gov.in
Office : (0755) 2552931, Fax : (0755) 2760225

दिनांक : 03.10.2023

स्नातकोत्तर प्रथम/द्वितीय चरण काउंसिलिंग कार्यक्रम (ऑल इण्डिया कोटा) एमडी/एमएस आयुर्वेद/एमडी होम्योपैथी

भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग/राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुक्रम में भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग/राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग से प्रवेशानुमति प्राप्त निजी आयुर्वेद एवं होम्योपैथी महाविद्यालयों की 15 प्रतिशत ऑल इण्डिया कोटे की सीटों पर प्रवेश की कार्यवाही एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से संपन्न कराई जायेगी।

1. प्रवेश काउंसिलिंग के अंतर्गत प्रथम चरण का कार्यक्रम निम्नानुसार है :–

क्र.	विवरण	दिनांक एवं समय
1.	पंजीयन	दिनांक 06.10.2023 से 10.10.2023 रात्रि 11.59 बजे तक
2.	मैरिट सूची का प्रकाशन	दिनांक 11.10.2023
3.	रिक्त सीटों की स्थिति	दिनांक 11.10.2023
4.	अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालयों की प्राथमिकता क्रम का निर्धारण (च्वाईस फीलिंग, लॉकिंग तथा एडिट)	दिनांक 12.10.2023 से 15.10.2023 रात्रि 11.59 बजे तक
5.	सीट आवंटन	दिनांक 18.10.2023 दोपहर 12 बजे
6.	पं.खुशीलाल शर्मा शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय भोपाल में रिपोर्टिंग कर अभिलेख सत्यापन उपरान्त औपचारिकताएं पूर्ण कर अस्थाई प्रवेश प्राप्त करने की तिथि	दिनांक 19.10.2023 से 21.10.2023 प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
7.	प्रवेश निरस्तीकरण	दिनांक 19.10.2023 से 23.10.2023 सायं 06 बजे तक

2. प्रवेश काउंसिलिंग के अंतर्गत द्वितीय चरण का कार्यक्रम निम्नानुसार है :–

क्र.	विवरण	दिनांक एवं समय
1.	पंजीयन	दिनांक 20.10.2023 से 24.10.2023 रात्रि 11.59 बजे तक
2.	मैरिट सूची का प्रकाशन	दिनांक 26.10.2023
3.	रिक्त सीटों की स्थिति	दिनांक 26.10.2023
4.	अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालयों की प्राथमिकता क्रम का निर्धारण (च्वाईस फीलिंग, लॉकिंग तथा एडिट)	दिनांक 27.10.2023 से 30.10.2023 रात्रि 11.59 बजे तक
5.	सीट आवंटन	दिनांक 02.11.2023 दोपहर 12 बजे
6.	पं.खुशीलाल शर्मा शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय भोपाल में रिपोर्टिंग कर अभिलेख सत्यापन उपरान्त औपचारिकताएं पूर्ण कर अस्थाई प्रवेश प्राप्त करने की तिथि	दिनांक 03.11.2023 से 04.11.2023 प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
7.	प्रवेश निरस्तीकरण	दिनांक 03.11.2023 से 05.11.2023 सायं 06 बजे तक

नोट :– 1. प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी उक्त प्रकाशित ऑनलाइन काउंसिलिंग कार्यक्रम अनुसार ऑनलाइन प्रवेश का अवसर प्राप्त कर सकते हैं। 2. उपरोक्त काउंसिलिंग प्रक्रिया अंतर्गत भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग/राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग, नई दिल्ली से प्रवेशानुमति प्राप्त निजी क्षेत्र के आयुर्वेद एवं होम्योपैथी महाविद्यालयों को सम्मिलित किया जायेगा। 3. उपरोक्त काउंसिलिंग से आवंटित अभ्यर्थी के रिपोर्टिंग हेतु पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय भोपाल को रिपोर्टिंग केन्द्र बनाया गया है। अभ्यर्थी रिपोर्टिंग केन्द्र में मूल दस्तावेज एवं आवंटित महाविद्यालय की निर्धारित फीस के साथ उपस्थित होगा। रिपोर्टिंग केन्द्र पर आवंटित अभ्यर्थी के अभिलेखों का सत्यापन किया जायेगा। तदुपरान्त रिपोर्टिंग केन्द्र पर उपस्थित निजी आयुष महाविद्यालय का प्रतिनिधि आवंटित अभ्यर्थी को, निर्धारित प्रक्रिया अनुसार फीस जमा कराते हुए ऑनलाइन प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण करेगा। 4. नियम/निर्देशों हेतु विभागीय वेबसाइट **www.ayush.mp.gov.in** एवं एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल **www.mponline.gov.in** का सतत अवलोकन करते रहें।

प्र. संयुक्त संचालक
संचालनालय आयुष म.प्र.

जी-20787/49167/2023

कार्यालय मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक संजय टाइगर रिज़र्व, सीधी

शिवाजी नगर, नौढ़िया, जिला-सीधी, 486661, मध्यप्रदेश, दूरभाष नं. - 9425768669
E-mail - fdsajnp.sdh@mp.gov.in, website : www.sanjaytigerreserve.in

विज्ञप्ति

संजय टाईगर रिजर्व सीधी के अंतर्गत सहायक महावत के चतुर्थ श्रेणी के 01 रिक्त पदों की भर्ती वेतनमान 4440-4770+1300 ग्रेड पे में किये जाने हेतु निम्नलिखित अर्हता रखने वाले उम्मीदवार अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निर्धारित आवेदन पत्र **दिनांक 20.10.2023 तक** रजिस्टर्ड ए.डी. के माध्यम से प्रस्तुत करें। निर्धारित दिनांक को सायं 05.00 बजे तक प्राप्त आवेदनों को कार्यवाही में सम्मिलित किया जावेगा तथा निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। पात्र आवेदकों को साक्षात्कार के दिनांक की सूचना पृथक से दी जावेगी।

प्रवर्गवार रिक्त पद का विवरण

अनारक्षित	अ.ज.जा.	अ.जा.	योग
1	--	--	1

अर्हता :–

1. आयु - दिनांक 01.10.2023 की स्थिति में न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष
2. अनुभव - मध्यप्रदेश में विभागीय हाथियों के साथ 05 वर्ष का कार्य करने का अनुभव

आवेदन पत्र का प्रारूप

1. आवेदक का नाम :– ....
2. पिता का नाम :– ....
3. निवास का पता स्थाई पता :– ....
   वर्तमान पता :– ....
4. जन्मतिथि :– ....
5. शैक्षणिक योग्यता :– ....
6. जाति :– ....
7. अनुभव (प्रमाण-पत्र संलग्न करें) :– ....
8. मोबाइल नंबर :– ....
9. आधार कार्ड नंबर (छायाप्रति संलग्न करें):– ....
10. मूल निवास प्रमाण-पत्र संलग्न करें। :– ....

प्रमाण-पत्र

प्रमाणित किया जाता है, कि मेरे द्वारा दी गई समस्त जानकारी पूर्णतः सत्य है। यदि दी गई उपरोक्त जानकारी असत्य पाई जाती है, तो मेरी पात्रता रद्द कर दी जावे।

जी-20779/49166/2023 **आवेदक के हस्ताक्षर**

कार्यालय
प्राचार्य परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र (अनुसूचित जाति)
35, श्यामला हिल्स भोपाल
ISO:9001:2008

Email : petcsc.bpl@gmail.com, Phone : 0755-2666615

पत्र/प्रशि./न.स-36/2023/1086 भोपाल, दिनांक : 04.10.2023

राज्य सेवा परीक्षा 2023 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु विज्ञापन

म.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली राज्य सेवा परीक्षा 2023 का प्रशिक्षण केन्द्र में 04 सितम्बर 2023 के प्रारंभ हो चुका है। केन्द्र में प्रशिक्षण के रिक्त स्थानों पर प्रवेश हेतु मध्यप्रदेश के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र श्यामला हिल्स भोपाल में निम्न शर्तों के अधीन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

1. आवेदक म.प्र. राज्य का अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग का सदस्य हो।
2. आवेदक के परिवार की समस्त स्रोतों से वार्षिक आय रुपये 6.00 लाख से अधिक न हो।
3. आवेदक को म.प्र. राज्य सेवा परीक्षा 2023 की प्रारंभिक परीक्षा हेतु आवेदन करना अनिवार्य होगा अन्यथा उसका प्रवेश निरस्त किया जावेगा एवं दिये गए शासकीय लाभ की उनसे वसूली की जावेगी।
4. केन्द्र में प्रवेश हेतु न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष व अधिकतम 35 वर्ष है।
5. आवेदक ने स्नातक परीक्षा न्यूनतम 55 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण की हो।
6. प्रशिक्षण का माध्यम हिन्दी होगा।
7. पीएससी प्रशिक्षण की कुल अवधि अधिकतम 12 माह की होगी। पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा/मुख्य परीक्षा के परिणाम आने के बाद असफल अभ्यर्थियों का नाम प्रशिक्षण से निरस्त कर दिया जावेगा।
8. आवेदक यदि विगत 5 वर्षों में से किसी भी वर्ष की पी.एस.सी. प्रारंभिक या मुख्य परीक्षा में सफल रहा हो तो उन्हें प्रवेश में प्राथमिकता दी जावेगी।
9. प्रशिक्षण पूर्णकालिक है, अतः प्रशिक्षणार्थी को किसी भी महाविद्यालय/पाठ्यक्रम में नियमित अध्ययनरत नहीं होना चाहिए। प्रवेश के समय मूल टी.सी. जमा कराना अनिवार्य होगा।
10. आवेदक ने अनुसूचित जाति विकास के अंतर्गत संचालित किसी भी परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में पूर्व में प्रशिक्षण प्राप्त न किया हो।
11. प्रशिक्षण में चयन हेतु स्नातक परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर मैरिट तैयार कर प्रवेश दिया जावेगा।

उपरोक्तानुसार पात्र एवं इच्छुक उम्मीदवार अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र दो पासपोर्ट साइज फोटो एवं अन्य आवश्यक शैक्षणिक अभिलेखों की छायाप्रतियों के साथ दिनांक **13 अक्टूबर 2023 तक** संस्थान के **E-mail :petcsc.bpl@gmail.com** अथवा डाक से या व्यक्तिगत रूप से परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र भोपाल में सम्पर्क कर सकते हैं, अधिक जानकारी के लिये परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र भोपाल के दूरभाष क्रमांक 0755-2666615 पर सम्पर्क कर सकते हैं। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

प्राचार्य
परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र भोपाल (म.प्र.)

कार्यालय
प्राचार्य परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र (अनुसूचित जाति)
35, श्यामला हिल्स भोपाल
ISO:9001:2008
Email : petcsc.bpl@gmail.com, Phone : 0755-2666615
राज्य सेवा परीक्षा 2023

1. पूरा नाम (1) हिन्दी में ....
 (2) अंग्रेजी में ....
2. पिताजी का नाम ....
3. माता का नाम ....
4. जन्म दिनांक....................
5. पत्र व्यवहार का पता ....
 जिला.................... पिन कोड....................
6. स्थायी पता ....
 ग्राम.................... तहसील....................
 जिला.................... पिन कोड....................
7. जाति ....
8. उपजाति ....
9. परिवार के मुखिया का व्यवसाय ....
10. मुखिया की वार्षिक आय ....
11. स्वयं का मो.नं. ....
12. पिता का मो.नं. ....
13. स्वयं का व्यवसाय/सर्विस यदि हो तो ....
14. स्वयं की वार्षिक आय ....
15. आवेदक का ईमेल आईडी ....
16. आवेदक का आधार कार्ड क्र. ....
17. शैक्षणिक योग्यता

क्र.	शिक्षा (संकाय सहित)	विषय	मण्डल/वि.वि.	प्रतिशत	रिमार्क
01	हाईस्कूल				
02	हायर सेकेण्डरी				
03	स्नातक				

18. यदि पूर्व में किसी परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशिक्षण में सम्मिलित हुए हैं तो प्रशिक्षण केन्द्र का नाम.......... प्रशिक्षण का प्रकार.................... तथा प्रशिक्षण लेने का वर्ष.................... तथा समयावधि .... में.................... तक
19. संलग्न किये जाने वाले अभिलेख
 1. हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी, स्नातक, अंकसूची की अभिप्रमाणित छायाप्रति।
 2. आय प्रमाण पत्र जाति प्रमाण पत्र निवासी प्रमाण-पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति।
 3. अंतिम शैक्षणिक सत्र की मूल टीसी (Transfer certificate) जमा करना अनिवार्य है।
 4. आधार कार्ड की छायाप्रति।

घोषणा पत्र

मैं.. घोषणा करता हूं/करती हूं कि आवेदन पत्र में मेरे द्वारा दी गई समस्त जानकारी पूर्णतः सत्य है। जानकारी गलत या भ्रामक होने की स्थिति में मेरा आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा। जिसकी संपूर्ण जवाबदेही मेरी स्वयं की होगी।

हस्ताक्षर....................
आवेदनकर्ता का नाम....................
मोबाइल नंबर....................

जी-20818/49170/2023

JAWAHARLAL NEHRU KRISHI VISHWA VIDYALAYA JABALPUR

No. Extt. 1/RC/905
No. IPRO/ADVI/REG./2023/42 **Date: 29.03.2023**

NOTICE FOR CAVEAT
To whomsoever it may concern

Jawaharlal Nehru Krishi Vishwa Vidyalaya, Jabalpur has issued recruitment advertisement no. IPRO/ADVT./REG/2023/39 dated 22.09.2023 for filling up various posts in its KVKs through Direct Recruitment/Direct Recruitment (Backlog). The Vishwa Vidyalaya apprehends that some interested persons may challenge the same before the Hon'ble High Court of Madhya Pradesh at Jabalpur. Hence the Vishwa Vidyalaya has lodged a caveat dated 29.9.2023 before the Hon'ble High court of Madhya Pradesh, Jabalpur in respect of aforesaid advertisement. Therefore, by way of instant public notice it is being informed to public at large that in case any writ petition is filed challenging the aforesaid advertisement, an advance copy of the writ petition with all annexures may be supplied to the addressee or counsel for the Vishwa Vidyalaya whose details are given below:

1. The Registrar. Jawaharlal Nehru Krishi Vishwa Vidyalaya, Jabalpur (M.P.)-482004.
2. Shri Praveen Dubey, Advocate, Chamber no. 318, Vidhi Bhawan, Lawyer's, Chamber, High Court Campus, Jabalpur (M.P.).

R-49176/2023 **REGISTRAR**

प्रेस विज्ञप्ति
कार्यालय प्रमुख अभियंता
लोक निर्माण विभाग, निर्माण भवन, अरेरा हिल्स भोपाल (म.प्र.)

विषय :– लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र के अंतर्गत परिक्षेत्र मुख्यालय कार्यालय भोपाल में मुख्य राजस्व कन्सलटेंट पद पर एक वर्ष हेतु परामर्शी आधार पर नियुक्ति बाबत विज्ञापन।

लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र मुख्यालय कार्यालय भोपाल में निम्न विवरण व शर्तो अनुसार मध्यप्रदेश के रिटायर्ड राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारी की एक वर्ष हेतु परामर्शी नियुक्ति के लिए आवेदन दिनांक 12.10.2023 तक आमंत्रित किये जाते हैं।

क्र.	पद एवं कार्यालय का नाम	नियुक्ति हेतु पदों की संख्या
1.	पद - ''मुख्य राजस्व कन्सलटेंट'' कार्यालय - मुख्य अभियंता लो.नि.वि. राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र निर्माण भवन भोपाल (म.प्र.)	एक पद

परामर्शी नियुक्ति हेतु निम्नानुसार पात्रता शर्ते लागू रहेगी।

1. विज्ञापित पद पर नियुक्ति के लिए पात्रता शर्ते :–

(A) पद - ''मुख्य राजस्व कन्सलटेंट'' की नियुक्ति हेतु पात्रता शर्ते

(a) आवेदक मध्यप्रदेश राज्य प्रशासकीय सेवा से सेवानिवृत्त अपर कलेक्टर स्तर का अधिकारी हो।
(b) आवेदक 7वें वेतनमान में वरिष्ठ प्रवर श्रेणी वेतनमान से सेवानिवृत्त अधिकारी हो।
(c) आवेदक के पास राष्ट्रीय राजमार्ग भू-अर्जन अधिनियम-1956 के अंतर्गत कार्य करने तथा भू-अर्जन कार्यों की मॉनीटरिंग एवं लाईजनिंग का विभागीय अनुभव अनिवार्यतः हो।
(d) उसके विरुद्ध कोई विभागीय या आपराधिक जांच लंबित न हो।

अन्य शर्ते :–

1. केवल म.प्र. शासन से रिटायर्ड व पात्र राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारी आवेदन हेतु पात्र होंगे। आवेदन एक सादे कागज पर अपने विवरण सहित दिया जा सकेगा।
2. वर्णित शर्तो के अतिरिक्त अन्य शर्ते म.प्र. शासन वित्त विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के आदेश क्र. 11-10-2012/नियम/चार भोपाल दिनांक 06.10.2012 के अनुसार रहेगी।
3. संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग, निर्माण भवन,प्लाट नं. 27-28 अरेरा हिल्स भोपाल (म.प्र.) में दिनांक 12.10.2023 तक स्वीकार किये जायेंगे। आवेदन डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से दिये जायेंगे। अंतिम दिनांक 12.10.2023 के बाद प्राप्त कार्यालय में प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।
टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	ई.एम.डी. राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित सम्पूर्ण दस्तावेज जमा करने हेतु।
2023_PWDRB_314759_1	बालाघाट	पुल कार्य	प्रथम	1100.18	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 11. दतिया जिले में दतिया-उन्नाव-झांसी मार्ग के कि.मी. 19/4 में पहुंज नदी पर पहुंच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य।

टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	ई.एम.डी. राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित सम्पूर्ण दस्तावेज जमा करने हेतु।
2023_PWDRB_314760_1	दतिया	पुल कार्य	प्रथम	782.44	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 12. बालाघाट जिले के अंतर्गत बुदबुदा से (बुदबुदाटोला) नदीटोला मार्ग में कास नदी पर पहुंच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य।

टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	ई.एम.डी. राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित सम्पूर्ण दस्तावेज जमा करने हेतु।
2023_PWDRB_314763_1	बालाघाट	पुल कार्य	प्रथम	776.78	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 13. हरदा जिले में आदमपुर से सुरजना मार्ग में बाकुड नदी पर पहुंच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य।

टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	ई.एम.डी. राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित सम्पूर्ण दस्तावेज जमा करने हेतु।
2023_PWDRB_314764_1	हरदा	पुल कार्य	प्रथम	682.96	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 14. छतरपुर जिले के गोमाकाला व्हाया मोनियाघाट-राजनगर मार्ग में कुटने नदी (मोनियाघाट) पर पहुंच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण सुरक्षा कार्य, डायवर्जन एवं एच.पी. कलवर्ट सहित कार्य।

टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	ई.एम.डी. राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित सम्पूर्ण दस्तावेज जमा करने हेतु।
2023_PWDRB_314766_1	छतरपुर	पुल कार्य	प्रथम	635.30	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 15. बालाघाट जिले के अंतर्गत चारटोला भण्डारपुरा मार्ग में बंजर नदी पर पहुंच मार्ग सहित उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य।

टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	ई.एम.डी. राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित सम्पूर्ण दस्तावेज जमा करने हेतु।
2023_PWDRB_314767_1	बालाघाट	पुल कार्य	प्रथम	614.12	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 16. हरदा जिले के झुगरिया से मनोहरपुरा मार्ग में बाकुड नदी पर पहुंच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य।

टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	ई.एम.डी. राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित सम्पूर्ण दस्तावेज जमा करने हेतु।
2023_PWDRB_314769_1	हरदा	पुल कार्य	प्रथम	582.86	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 17. सागर जिले के गौरझामर केसली टडा सियरमऊ मार्ग के कि.मी. 15/6 में शताब्दी नदी पर पहुंच मार्ग एवं सुरक्षा कार्य सहित उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग नरसिंहपुर (म.प्र.)
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 27/वर्ष 2023-24/कार्य.यं. **नरसिंहपुर, दिनांक : 04.10.2023**

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 1. गाड़रवारा उपसंभाग के अंतर्गत गाड़रवारा से चीचली मार्ग मिसिंग लंबाई 980 से 1200 चैनेज लंबाई 0.22 कि.मी. निर्माण कार्य। (सप्तम आमंत्रण)

टेण्डर आईडी	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	धरोहर राशि	निविदा फार्म की राशि	आमंत्रण क्र.	कार्य समयावधि	भौतिक रूप से लिफाफा प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी. आर. एवं अन्य दस्तावेज)
2023_PWDRB_284463_7	नरसिंहपुर	निर्माण	15.23	30,500	2,000	सप्तम आमंत्रण	02 माह वर्षाऋतु सहित	सभी दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 2. गाड़रवारा उपसंभाग के अंतर्गत आवासीय भवनों की रंगाई पुताई इमल्शन पुट्टी का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)

टेण्डर आईडी	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	धरोहर राशि	निविदा फार्म की राशि	आमंत्रण क्र.	कार्य समयावधि	भौतिक रूप से लिफाफा प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी. आर. एवं अन्य दस्तावेज)
2023_PWDRB_310603_2	नरसिंहपुर	वार्षिक संधारण भवन	6.49	12,500	2,000	द्वितीय आमंत्रण	06 माह वर्षाऋतु सहित	सभी दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 3. गाडरवारा उपसंभाग के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों की रंगाई पुताई इमल्शन पुट्टी का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)

टेण्डर आईडी	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	धरोहर राशि	निविदा फार्म की राशि	आमंत्रण क्र.	कार्य समयावधि	भौतिक रूप से लिफाफा प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी. आर. एवं अन्य दस्तावेज)
2023_PWDRB_310605_2	नरसिंहपुर	वार्षिक संधारण भवन	4.92	10,000	2,000	द्वितीय आमंत्रण	06 माह वर्षाऋतु सहित	सभी दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 4. गाडरवारा उपसंभाग के अंतर्गत आवासीय भवनों के मरम्मत का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)

टेण्डर आईडी	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	धरोहर राशि	निविदा फार्म की राशि	आमंत्रण क्र.	कार्य समयावधि	भौतिक रूप से लिफाफा प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी. आर. एवं अन्य दस्तावेज)
2023_PWDRB_310609_2	नरसिंहपुर	वार्षिक संधारण भवन	4.98	10,000	2,000	द्वितीय आमंत्रण	06 माह वर्षाऋतु सहित	सभी दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 5. गाडरवारा उपसंभाग के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों के मरम्मत का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)

टेण्डर आईडी	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	धरोहर राशि	निविदा फार्म की राशि	आमंत्रण क्र.	कार्य समयावधि	भौतिक रूप से लिफाफा प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी. आर. एवं अन्य दस्तावेज)
2023_PWDRB_310611_2	नरसिंहपुर	वार्षिक संधारण भवन	4.90	10,000	2,000	द्वितीय आमंत्रण	06 माह वर्षाऋतु सहित	सभी दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 6. गाडरवारा उपसंभाग के अंतर्गत सिविल अस्पताल गाडरवारा के प्राईवेट वार्ड नं. 1 से 4 में मरम्मत का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)

टेण्डर आईडी	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	धरोहर राशि	निविदा फार्म की राशि	आमंत्रण क्र.	कार्य समयावधि	भौतिक रूप से लिफाफा प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी. आर. एवं अन्य दस्तावेज)
2023_PWDRB_310614_2	नरसिंहपुर	मरम्मत	5.08	10,500	1,000	द्वितीय आमंत्रण	02 माह वर्षाऋतु सहित	सभी दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 7. गाडरवारा उपसंभाग के अंतर्गत सिविल अस्पताल गाडरवारा में 02 टॉयलेट निर्माण का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)

टेण्डर आईडी	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	धरोहर राशि	निविदा फार्म की राशि	आमंत्रण क्र.	कार्य समयावधि	भौतिक रूप से लिफाफा प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी. आर. एवं अन्य दस्तावेज)
2023_PWDRB_310615_2	नरसिंहपुर	निर्माण	1.70	3,500	1,000	द्वितीय आमंत्रण	02 माह वर्षाऋतु सहित	सभी दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 8. नरसिंहपुर उपसंभाग के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद पी.जी. कॉलेज नरसिंहपुर के महिला छात्रावास के चारों ओर बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य।

टेण्डर आईडी	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	धरोहर राशि	निविदा फार्म की राशि	आमंत्रण क्र.	कार्य समयावधि	भौतिक रूप से लिफाफा प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी. आर. एवं अन्य दस्तावेज)
2023_PWDRB_314753_1	नरसिंहपुर	निर्माण	16.10	32,500	2,000	प्रथम आमंत्रण	04 माह वर्षाऋतु सहित	सभी दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 9. नरसिंहपुर उपसंभाग के अंतर्गत डोभी से मेहंदा मार्ग लंबाई 2.00 कि.मी. का निर्माण कार्य।

टेण्डर आईडी	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	धरोहर राशि	निविदा फार्म की राशि	आमंत्रण क्र.	कार्य समयावधि	भौतिक रूप से लिफाफा प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी. आर. एवं अन्य दस्तावेज)
2023_PWDRB_314755_1	नरसिंहपुर	निर्माण	294.13	2,94,500	15,000	प्रथम आमंत्रण	08 माह वर्षाऋतु सहित	सभी दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करें।
		योग -	353.53					

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 10.10.2023 (17.00) बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। मूल धरोहर (ई.एम.डी.) राशि एवं अन्य सभी दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत दिनांक 10.10.2023, (17.30) बजे तक उपरोक्तानुसार संबंधित पोर्टल में प्राप्त की जावेगी।

कार्यपालन यंत्री
जी-20765/49164/2023 **लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग नरसिंहपुर**

टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	ई.एम.डी. राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित सम्पूर्ण दस्तावेज जमा करने हेतु।
2023_PWDRB_314770_1	सागर	पुल कार्य	प्रथम	564.02	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 18. सागर जिले के सागर बायपास मार्ग के कि.मी. 4/2 में क्षतिग्रस्त नाले पर पहुंच मार्ग सहित उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य।

टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	ई.एम.डी. राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित सम्पूर्ण दस्तावेज जमा करने हेतु।
2023_PWDRB_314772_1	सागर	पुल कार्य	प्रथम	527.13	केवल ऑनलाइन
			कुल योग	31662.55	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 25.10.2023 (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य अभियंता
जी-20852/49172/2023 **लो.नि.वि. सेतु निर्माण परिक्षेत्र, भोपाल**

सजग प्रहरी के रूप में जनकल्याण के लिए कार्य करें जन सेवा मित्र - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के जनसेवा मित्रों से भवन में वर्चुअल संवाद करते हुए कहा कि युवा जनसेवा मित्र देश और प्रदेश के विकास व जन कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। जनता और प्रशासन के बीच कड़ी के रूप में युवाओं को जोड़ने के विचार से इस योजना का सूत्रपात हुआ। यह संभवत: देश का सबसे बड़ा शासकीय इंटर्नशिप कार्यक्रम है। अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री भी इस योजना में रुचि ले रहे हैं और कई प्रदेश इससे मिलते-जुलते कार्यक्रम बना रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिलों में जन सेवा मित्र बेहतर कार्य कर रहे हैं, और उनके कार्यों की अनुगूंज सुनाई दे रही है। युवा सजग और सक्रिय रहते हुए जरूरतमंद लोगों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ कर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। योजनाओं के क्रियान्वयन में यदि कोई समस्या आती है, तो शासन प्रशासन को फीडबैक दें। हर 50 घर पर एक जन सेवा मित्र बनाना है, प्रदेश में 3 लाख जन सेवा मित्र बनाने का लक्ष्य है। सजग प्रहरी और समर्पित जन सेवक के रूप में हमें सामाजिक बदलाव के लिए कार्य करना है।

श्री चौहान ने कहा कि लाड़ली बहना योजना का कम समय में सफलतापूर्वक क्रियान्वयन प्रदेश के प्रशासन की जनकल्याण के लिए प्रतिबद्धता को प्रकट करता है। जन सेवकों ने ग्राम पंचायत स्तर पर व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से 11 लाख लोगों और महिला चौपाल के माध्यम से 21 लाख से अधिक महिलाओं को जनकल्याणकारी योजनाओं और प्रदेश की अन्य पहलों से जुड़ने के लिए प्रेरित करने का अनूठा कार्य किया है।

विश्वस्तरीय एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का विशाल केंद्र बनेंगे सीएम राइज़ स्कूल

भोपाल, शिक्षा, श्रेष्ठ नागरिक निर्माण का प्रकल्प है। शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ेगी तो समाज का समर्थन बढ़ेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्य को पूरा करने के लिए राज्य सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का बड़ा तंत्र खड़ा कर रही है। सीएम राइज़ स्कूल विश्वस्तरीय एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का विशाल केंद्र बनेंगे। समृद्ध शिक्षा देकर ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षण के परिदृश्य एवं शासकीय शिक्षण व्यवस्था के लिए बनी अवधारणा में परिवर्तन लाने की आवश्यकता है। ये बातें स्कूल शिक्षा एवं सामान्य प्रशासन राज्यमंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने लोक शिक्षण संचालनालय के नवनिर्मित सभागार कक्ष 'समागम' के उद्घाटन समारोह में कहीं।

स्कूल शिक्षा विभाग ने विगत तीन वर्षों में महत्वपूर्ण एवं बेहतर कार्य किए। कोविड के संकटकाल के दौरान चुनौतियों को स्वीकार कर शिक्षण व्यवस्था को अविरल जारी रखा, जिसके फलस्वरूप कठिन दौर में भी सकारात्मक परिणाम आए। सकारात्मक एवं संकल्पबद्ध मनोभाव से शिक्षण को बेहतर करने की दिशा में कार्य करेंगे तो प्रदेश का शैक्षणिक वातावरण बेहतर होगा। श्री परमार ने खेलो एमपी में पदक विजेता शासकीय स्कूल की छात्राओं संतोषी साहू एवं दिव्या मोरे को सम्मानित किया।

आजीविका मिशन से जुड़कर महिलाएं हो रहीं सशक्त - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान महिला स्व-सहायता समूह के सम्मेलन में हितग्राहियों को चेक वितरित करते हुए

भोपाल, आजीविका मिशन की बहनें अब अबला नहीं सबला हो गई हैं। पहले स्त्री का काम घर में रोटी बनाना, अभाव में जीना और तकलीफ को दिल में दबा लेना होता था। लेकिन अब दिन बदल गए हैं। आजीविका मिशन की बहनें कई जगह पुरुषों से बेहतर कार्य कर रही हैं। अब बहनें गरीब नहीं रहेंगी, आंसू नहीं बहाएंगी। अपनी तकदीर अपने हाथों से लिखेंगी, अमीर बनेंगी, पैसा कमाएंगी और इज्जत- सम्मान की जिंदगी जीयेंगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने महिला स्व-सहायता समूहों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहीं।

- **महिला संकुल स्तरीय संगठनों की बहनों को 1400 स्कूटी वितरित की गईं।**
- **मुख्यमंत्री ने महिला स्व-सहायता समूह की हितग्राही महिलाओं को ऋण राशि के चेक वितरित किए।**

मुख्यमंत्री ने बताया कि ग्रामीण स्तर पर लोगों को पर्यावरण के लिए जागरूक करने के लिए क्लस्टर लेवल फेडरेशन का गठन किया गया है। इस फेडरेशन के सदस्यों को पर्यावरण मित्र का नाम दिया गया है। पर्यावरण मित्र वृक्षारोपण और जैव विविधता का संरक्षण करने, ग्राम में जैविक खाद की आवश्यकता की पूर्ति स्थानीय स्तर पर करने, रासायनिक कीटनाशकों की उपयोग में कमी लाने, प्राकृतिक खेती और जैविक खेती सहित भूमि एवं जल संरक्षण के उपाय के लिए प्रेरित करने का कार्य करेंगे। श्री चौहान ने महिला स्व-सहायता समूह की हितग्राहियों को ऋण राशि का बैंक चेक वितरित किया। भोपाल के कंचन स्व-सहायता समूह की बहनों को 20 लाख रुपये और रायसेन की मां लक्ष्मी आजीविका स्व-सहायता समूह की बहनों को 10 लाख रुपये का चेक प्रदान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटी के जन्म पर सभी खुशियां मनाएं इसलिए लाड़ली लक्ष्मी योजना शुरू की। योजना में तय किया कि बेटी अगर पैदा होगी तो लखपति पैदा होगी। यह निश्चय किया कि बेटियों को बोझ नहीं वरदान बनाएंगे। बेटी पैदा हुई तो लाड़ली लक्ष्मी, स्कूल जाए तो किताबें निशुल्क, दूसरे गांव जाए तो साइकिल। इस तरह पढ़ाई की पूरी व्यवस्था और बड़ी होने पर शादी के जिम्मेदारी भी मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में उठाई जा रही है।

पहला सिल्क टेक पार्क पचमढ़ी में शुरू

नर्मदापुरम, देश के पहले जैव विविधता आनुवंशिक सिल्क पार्क का पचमढ़ी में शुभारंभ हुआ। पचमढ़ी सिल्क टेक पार्क देश का एकमात्र स्थल है जहां चारों प्रकार का रेशम मलबरी, टसर, इरी तथा मूंगा शहतूत का उत्पादन एवं संवर्धन व सभी प्रकार के रेशम के पौधे किसानों को उपलब्ध कराए जाएंगे। यहां सिल्क के अंडों के कोल्ड स्टोरेज की पर्याप्त व्यवस्था की गई है । कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग एवं वन राज्यमंत्री श्री राहुल सिंह लोधी ने पार्क का शुभारंभ किया। श्री राहुल सिंह लोधी के विशेष प्रयासों से न सिर्फ मध्यप्रदेश बल्कि देश में भी इतिहास बना।

सोयाबीन की फसल में नुकसान का होगा सर्वे - मुख्यमंत्री

सीहोर, यदि सोयाबीन की फसल में कहीं नुकसान हुआ होगा तो जल्दी ही सर्वे करवाकर राहत राशि प्रदान की जाएगी। मध्यप्रदेश को समृद्ध और देश का अग्रणी राज्य बनायेंगे। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सीहोर जिले के मरदानपुर गांव में 46 करोड़ 22 लाख रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा लोकार्पण करने के बाद जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनमानस का असीम आशीर्वाद प्रदेश के विकास और लोगों के जनकल्याण की योजनाएं बनाने की शक्ति देता है। यही वजह है कि विकास के लिये सरकार को धन की कमी नहीं होती जबकि दूसरी सरकारें पैसा नहीं होने का रोना रोती हैं।

श्री चौहान ने कहा कि सरकार की योजनाएं लोगों के दुखों को दूर कर उनके जीवन में खुशियां ला रही हैं। उन्होंने आजीविका मिशन की बहनों से कहा कि उनकी आमदनी हर माह दस हजार रुपये महीना करने का संकल्प हर हाल में पूरा होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले की सरकार ने गांवों के विकास के लिए कुछ नहीं किया। वर्तमान सरकार ने सड़कें, पुल पुलिया, सिंचाई, अस्पताल, स्कूल सहित विकास के वे सब काम किए हैं जिससे आम आदमी का जीवन सरल बना है। उन्होंने कहा कि आज घर-घर नल से जल पहुंचा है। श्री चौहान ने कहा कि बेघरबार लोगों के लिए मुख्यमंत्री लाड़ली आवास योजना बना दी है जिससे प्रधानमंत्री आवास में जिनके नाम छूट गए हैं उन्हें भी घर बनाने के लिये पैसा मिल सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली बहना योजना दुख-तकलीफ को खत्म करने की योजना है। जो बहनें छूट गई हैं और जिनके विवाह नहीं हुए हैं, ऐसी बहनों के भी नाम जोड़े जाएंगे। उन्होंने कहा कि ये पैसा नहीं है बल्कि बहनों का मान सम्मान और इज्जत है।

मदरसा मान्यता नवीनीकरण 14 अक्टूबर तक होगा

भोपाल, राज्य मदरसा बोर्ड द्वारा शिक्षा सत्र 2023-24 में मदरसा मान्यता नवीनीकरण के ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा पुनः प्रारंभ करते हुये एम.पी. ऑनलाइन के अधिकृत पोर्टल पर दिनांक 5 से 14 अक्टूबर तक के लिए उपलब्ध कराई जा रही है। वर्ष 2021 तक मान्यता प्राप्त मदरसों के लिए यह अंतिम अवसर है, इसके पश्चात ऐसे मदरसों की मान्यता नवीनीकरण के ऑनलाइन आवेदन करने की पात्रता समाप्त कर दी जायेगी। ऑनलाइन आवेदन से संबंधित आवश्यक सर्कुलर एवं अभिलेखों की विस्तृत जानकारी मदरसा बोर्ड की अधिकृत वेबसाइट पर उपलब्ध है।

मुख्यमंत्री ने 72 लाख किसानों को जारी की 1560 करोड़ रुपये की सम्मान निधि

सतना, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सतना में आयोजित राज्य स्तरीय कृषक सम्मेलन में 72 लाख किसानों को किसान सम्मान निधि के 1 हजार 560 करोड़ का सिंगल क्लिक से अंतरण किया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के 30 लाख दावों में 1 हजार 58 करोड़ रुपये किसानों के खातों में जारी किए गए। मुख्यमंत्री ने 4 लाख 30 हजार परिवारों को पट्टों का वितरण भी किया।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान राज्य स्तरीय कृषक सम्मेलन को संबोधित करते हुए

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास और जनकल्याण के लिए हमारी सरकार संकल्पबद्ध है। इस प्रतिबद्धता के परिणाम-स्वरूप हमने विकास गतिविधियों में कभी पैसे की कमी को आड़े नहीं आने दिया। किसान कल्याण के लिए उठाए गए कदम हों या कृषि के उन्नयन के लिए संचालित गतिविधियां, हमारी सरकार ने हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां अर्जित की हैं। प्रदेश में सिंचाई के रकबे को 7 लाख 50 हजार हेक्टेयर से बढ़ाकर 47 लाख हेक्टेयर किया है। जिसे बढ़ाकर 100 लाख हेक्टेयर किया जाएगा। पानी की बचत के लिए पाइप लाइन से सिंचाई की व्यवस्था की गई है। किसानों की सुविधा के लिए अनुदान पर ट्रांसफार्मर की योजना पुन आरंभ की जा रही है। किसानों को शून्य प्रतिशत पर ब्याज की व्यवस्था की गई।

मुरैना में खुलेगा हार्टिकल्चर कॉलेज

ग्वालियर, कृषि अनुसंधान तथा शिक्षा विभाग ने रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के तहत मुरैना जिले में हार्टिकल्चर कॉलेज स्थापित करने का निर्णय लिया है।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर की पहल पर केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने मंजूरी दे दी है। मध्यप्रदेश राज्य सरकार द्वारा तहसील पोरसा, जिला मुरैना में लगभग 300 एकड़ भूमि का आवंटन भी कर दिया गया है। इस कॉलेज की स्थापना पर करीब 160 करोड़ रुपये की लागत आएगी, जिसका वहन केंद्र सरकार द्वारा किया जाएगा।

इस अंचल में यह कॉलेज अपनी तरह का पहला कॉलेज होगा। इसमें स्नातक स्तर की पढ़ाई होगी, जिसमें फल विज्ञान, सब्जी विज्ञान, फूलों की खेती और भू-निर्माण, पौध संरक्षण, सामाजिक विज्ञान, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, बुनियादी विज्ञान आदि जैसे विभिन्न विभाग होंगे। इस कॉलेज के माध्यम से हार्टिकल्चर संबंधी अनुसंधान कार्यों को भी गति मिलेगी। साथ ही, नए रोज़गार भी सृजित होंगे और क्षेत्र के किसानों की आमदनी बढ़ाने में भी यह कॉलेज सहायक होगा। चंबल-ग्वालियर क्षेत्र में केंद्रीय मंत्री श्री तोमर के प्रयासों से इस तरह एक के बाद एक अनेक सौगातें मिली हैं।

मुरैना मध्य भारत के पठार व कृषि पारिस्थितिक उप क्षेत्र, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईईसीएआर) के बुंदेलखंड ऊपरी क्षेत्र के अंतर्गत आता है। मुरैना जिले की अर्थव्यवस्था मूलतः कृषि प्रधान है। जिले में कृषि, बागवानी एवं डेयरी मुख्य व्यवसाय हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

ग्लोबल स्किल पार्क से आईटी का केंद्र बनेगा मध्यप्रदेश - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ग्लोबल स्किल्स पार्क का लोकार्पण करते हुए

भोपाल, मध्यप्रदेश बदल रहा है, आगे बढ़ रहा है। ग्लोबल स्किल्स पार्क मेरा सपना और संकल्प था। 2016 में सिंगापुर यात्रा के दौरान इंस्टीट्यूट फॉर टेक्नीकल एजुकेशन की विश्व स्तरीय तकनीकी शिक्षा को देखकर विश्व स्तरीय स्किल्स पार्क मध्यप्रदेश के बच्चों के लिए स्थापित करने का संकल्प लिया था, जिससे मध्यप्रदेश के बच्चों के भविष्य को बेहतर बना सकें। ऐसी ट्रेनिंग दे सकें, जिससे उन्हें तत्काल रोज़गार प्राप्त हो। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क में कौशल उन्नयन महाकुंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं।

- **भोपाल में 600 करोड़ रुपये की लागत से बना ग्लोबल स्किल्स पार्क।**
- **भोपाल की तरह ग्वालियर, जबलपुर, सागर और रीवा में भी बनेंगे ग्लोबल स्किल्स पार्क।**

मुख्यमंत्री ने आईटी पालिसी के बारे में बताते हुए कहा कि मध्यप्रदेश के शहरों में इनफोसिस, परसिस्टेंट और यश टेक्नोलॉजी जैसी बड़ी-बड़ी आईटी कम्पनियां कार्यरत हैं। बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे के बाद आईटी का अगला डेस्टीनेशन मध्यप्रदेश बनेगा। उदारनीति के तहत कम्पनियों ने जमीन लेना प्रारंभ कर दिया है। इंदौर मध्यप्रदेश में आईटी का मुख्य केंद्र बनता जा रहा है। हमारा विजन है कि इंदौर को टेक्नोलॉजी और डिजिटल सिटी के रूप में विकसित करेंगे। सुपर कॉरिडोर में एक आईटी पार्क बनाया जा रहा है, जिसमें टीसीएस, इनफोसिस और यश टेक्नोलॉजी कार्य करेंगी।

श्री चौहान ने कहा कि मैं सरकार नहीं परिवार चलाता हूं। परिवार के मुखिया का यह सपना होता है कि उसके परिवार के बच्चे अपने पैरों पर खड़े हो जाएं। यह ग्लोबल स्किल्स पार्क प्रदेश के बच्चों के सपनों को पूरा करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल स्किल्स पार्क ऐसे बच्चे तैयार करेगा जिससे विश्व स्तरीय संस्थाओं में उन्हें हाथों-हाथ काम मिल जाएगा।

मुख्यमंत्री ने पम्पड हाइड्रो स्टोरेज ऊर्जा भंडारण परियोजना का किया शिलान्यास

भोपाल, ऊर्जा हमारी आवश्यकता है किन्तु आवश्यक यह है कि ऊर्जा का उत्पादन पर्यावरण संरक्षण के साथ हो। हमारी सरकार ऊर्जा संरक्षण के लिये प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य कर रही है। हमने इस क्षेत्र में नित नये आयाम स्थापित किये हैं। इस दिशा में आज नया इतिहास बनने जा रहा है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नीमच जिले में 1440 मेगावॉट की पम्पड हाइड्रो स्टोरेज ऊर्जा भंडारण परियोजना का भोपाल स्थित निवास कार्यालय भवन समत्व से वर्चुअली शिलान्यास कर संबोधित करते हुए कहीं।

ग्रीनको ग्रुप द्वारा नीमच जिले के ग्राम खेमला तहसील रामपुरा में 10 हजार करोड़ के निवेश से स्थापित होने वाली यह परियोजना जून 2025 तक कार्य आरंभ कर देगी। परियोजना की क्षमता को 1920 मेगावॉट तक बढ़ाया जाएगा। यह भारत की सबसे बड़ी पंपयुक्त हाइड्रो स्टोरेज ऊर्जा भंडारण परियोजना होगी। परियोजना से लगभग 4 हजार लोगों को रोज़गार मिलेगा, साथ ही प्रदेश के हजारों लोगों के लिए कौशल उन्नयन और स्थानीय क्षेत्र के आर्थिक विकास जैसे अन्य लाभ भी होंगे।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पंचामृत के संकल्प में वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट नवकरणीय ऊर्जा क्षमता, नवकरणीय ऊर्जा के माध्यम से अपनी 50 प्रतिशत ऊर्जा आवश्यकता की पूर्ति और 2070 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य रखे हैं। राज्य शासन सौर, पवन, जल ऊर्जा का उपयोग कर पर्यावरण संरक्षण के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। प्रदेश नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार करने में भी अग्रणी रहा है। नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में यह परियोजना नींव का पत्थर सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन के लिए निवेशकों का स्वागत है।

केन-बेतवा लिंक परियोजना बुंदेलखंड की तस्वीर और तकदीर बदल देगी - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश और बुंदेलखंड के लिए सौभाग्य का दिन है, केन-बेतवा लिंक परियोजना की स्वीकृति से बुंदेलखंड को बहुत राहत मिलेगी। बुंदेलखंड में विकास के बहुत काम हुए, लेकिन बुंदेलखंड की मूल आवश्यकता पानी है, केन-बेतवा लिंक परियोजना से क्षेत्र को राहत मिलेगी। यह बुंदेलखंड की तस्वीर और तकदीर बदलने का अभियान है। इस परियोजना से 10 लाख 62 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी और लगभग 62 लाख लोगों को पीने का पानी मिलेगा, 103 मेगावॉट हाइड्रो पॉवर और 27 मेगावॉट की क्षमता वाला सोलर प्लांट भी लगेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजना में बिजली के दो प्रोजेक्ट भी प्रस्तावित हैं, जिनकी क्षमता 72 मेगावॉट है। बुंदेलखंड को बिजली, सिंचाई, पेयजल, उद्योगों के लिए जल उपलब्ध होगा। मध्यप्रदेश में सिंचाई क्षमता वर्ष 2003-04 तक मात्र साढ़े सात लाख हेक्टेयर थी, जिसे बढ़ाकर 47 लाख हेक्टेयर किया गया और 65 लाख हेक्टेयर करने के लिए कार्य जारी है।

मंत्रिपरिषद के निर्णय

अट्ठारह सिंचाई परियोजनाओं को मिली स्वीकृति

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल में सम्पन्न हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में 6 हजार करोड़ रुपये की 18 सिंचाई परियोजनाओं की स्वीकृति दी गई। जिसमें चितावद-उज्जैन, मेढ़ा-बैतूल, पन्हेटी-गुना, लोनी-रीवा, खाम्हा-कटनी, डोकरीखेड़ी-नर्मदापुरम, सोनपुर-शिवपुरी, थावर-मण्डला, मुरकी-डिंडोरी, पावा-शिवपुरी, सिरमौर-रीवा, कनेरा-भिण्ड, मल्हारगढ़-मंदसौर, देवरी-नर्मदापुरम, सीतलझिरी-बैतूल, आहू-आगर मालवा, बगलीपीठ-बालाघाट और पहाड़िया-रीवा शामिल है। इन परियोजनाओं से 2 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षेत्र में वृद्धि होगी। इस परियोजना से लगभग 1250 ग्रामों के लगभग 2 लाख कृषक लाभांवित होंगे। मंत्रिपरिषद द्वारा छिन्दवाड़ा जिले की तहसील सौंसर एवं पांढुर्ना को समाविष्ट कर नवीन जिला पांढुर्ना बनाने की स्वीकृति दी गई है। मंत्रिपरिषद द्वारा लिये गये अन्य निर्णय इस प्रकार हैं :-

- मंत्रिपरिषद द्वारा जिला उज्जैन में नवीन तहसील उन्हेल का सृजन किया गया। नवीन तहसील उन्हेल के कुशल संचालन के लिये कुल 17 पद स्वीकृत किये गये हैं। तहसीलदार का 1, नायब तहसीलदार का 1, सहायक ग्रेड-2 के 2, सहायक ग्रेड-3 के 4, सहायक ग्रेड-3 (प्रवाचक) के 2, जमादार/दफ्तरी/बस्तावरदार का 1, वाहन चालक का 1, भृत्य के 5 शामिल हैं।
- मंत्रिपरिषद द्वारा जिला बालाघाट में नवीन तहसील लामता का सृजन किया गया। नवीन तहसील लामता के कुशल संचालन के लिये 17 पद स्वीकृत किये गये हैं। जिसमें तहसीलदार का 1, नायब तहसीलदार का 1, सहायक ग्रेड-2 के 2, सहायक ग्रेड-2 के 2, सहायक ग्रेड-3 के 4 सहायक ग्रेड-3 (प्रवाचक) के 2, जमादार/दफ्तरी/बस्तावरदार का 1, वाहन चालक का 1, भृत्य के 5 पद शामिल हैं।
- मंत्रिपरिषद द्वारा जिला रायसेन में प्रस्तावित तहसील बम्होरी में कुल 20 पटवारी हलके समाविष्ट होंगे। नवीन तहसील बम्होरी के कुशल संचालन के लिये कुल 17 पद स्वीकृत किये गये है। तहसीलदार का 1, नायब तहसीलदार का 1, सहायक ग्रेड-2 के 2, सहायक ग्रेड-3 के 4, सहायक ग्रेड-3 (प्रवाचक) के 2, जमादार/दफ्तरी/ बस्तावरदार का 1, वाहन चालक का 1, भृत्य के 5 पद शामिल हैं।
- मंत्रिपरिषद द्वारा जिला रायसेन में प्रस्तावित तहसील सुल्तानगंज का गठन किया गया। नवीन तहसील सुल्तानगंज के कुशल संचालन के लिये कुल 17 पद स्वीकृत किये गये। जिसमें तहसीलदार 01, नायब तहसीलदार 01, सहायक ग्रेड 2 के 02, सहायक ग्रेड-3 के 04 सहायक ग्रेड-3 (प्रवाचक) के 2, जमादार/दफ्तरी/ बस्तावरदार का 1, वाहन चालक का 1 और भृत्य के 5 पद शामिल हैं।
- मंत्रिपरिषद द्वारा जिला मन्दसौर में नवीन तहसील कयामपुर का सृजन किया गया। नवीन तहसील कयामपुर के कुशल संचालन के लिये कुल 17 पद स्वीकृत किये गये। जिसमें तहसीलदार का 1, नायब तहसीलदार के 7, सहायक ग्रेड-2 के 2, सहायक ग्रेड-3 के 4, सहायक ग्रेड-3 (प्रवाचक) के 2, जमादार/दफ्तरी/ बस्तावरदार का 1, वाहन चालक का 1 और भृत्य के 5 पद शामिल हैं।
- मंत्रिपरिषद द्वारा मध्यप्रदेश भवन विकास निगम के सुचारु संचालन के लिये 77 नवीन पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई।
- मंत्रिपरिषद द्वारा भोपाल से इंदौर, राजगढ़ एवं पुराने भोपाल में यातायात सुगम करने के लिये 8-लेन मार्ग के निर्माण की स्वीकृति दी गई है। यह मार्ग कमला पार्क से खानूगांव (होटल इंपीरियल सेबरे के पास) तक 8-लेन एलिवेटेड कॉरिडोर होगा।
- मंत्रिपरिषद् द्वारा सेवामुक्त होने पर कोटवार को निर्धारित नियमों अंतर्गत एक लाख रुपये की राशि दिये जाने की स्वीकृति दी गई।
- मंत्रिपरिषद द्वारा सभी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा एवं छात्र को नि:शुल्क ई-स्कूटी/स्कूटी के क्रय करने की कार्यवाही के सरलीकरण के प्रस्ताव की स्वीकृति दी गई।
- मंत्रिपरिषद द्वारा सीएम राइज़ स्कूल योजना अंतर्गत सर्व संसाधन सम्पन्न विद्यालयों के उन्नयन और सुविधाओं के विस्तार के प्रस्ताव स्वीकृत किये गए।
- मंत्रिपरिषद द्वारा नर्मदा घाटी विकास विभाग की 3 परियोजनाओं क्रमश: बहोरीबंद माइक्रो सिंचाई परियोजना, शहीद इलाप सिंह उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना और खण्डवा उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना की प्रशासकीय स्वीकृति एवं निविदा आमंत्रित करने की अनुमति प्रदान की गई। लगभग 1,12,220 हेक्टेयर सिंचाई क्षमता निर्मित करने वाली तीनों परियोजनाओं की लागत राशि 3 हजार 598 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई।
- मंत्रिपरिषद द्वारा आहार अनुदान योजना की हितग्राहियों को प्रतिमाह राशि में 250 रुपये की वृद्धि करते हुए प्रतिमाह राशि 1250 रुपये के स्थान पर 1500 रुपये प्रतिमाह किये जाने की स्वीकृति दी है।
- मंत्रिपरिषद द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए केवल एक बार ही शुल्क लिए जाने के संबंध में प्रस्ताव का अनुसमर्थन किया। कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के लिये वन टाईम परीक्षा शुल्क एवं रजिस्ट्रेशन की सुविधा प्रारंभ की जा रही है।
- मंत्रिपरिषद द्वारा शहीद हुए वनकर्मियों को मध्यप्रदेश शासन द्वारा शहीद घोषित करते हुए आश्रितों को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये विशेष अनुग्रह अनुदान प्रदान करने की स्वीकृति दी है।
- मंत्रिपरिषद द्वारा जनजातीय कार्य विभाग के 95 सीएम राइज़ स्कूलों के चयन एवं स्थान परिवर्तन का अनुसमर्थन किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग के साथ जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत 85 विद्यालयों को सीएम राइज़ योजना में शामिल किया जा चुका है। 85 विद्यालयों में से 16 का स्थान परिवर्तन एवं 10 नवीन विद्यालयों का चयन सीएम राइज़ योजनांतर्गत किया जा रहा है।
- मंत्रिपरिषद प्रदेश के शासकीय कर्मचारी/कार्यकर्ता/संविदा कर्मियों को आयुष्मान भारत 'निरामयम' प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत सम्मिलित किये जाने की स्वीकृति दी है।
- मंत्रिपरिषद द्वारा महर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय उज्जैन का कैम्पस जिला रीवा में भी स्थापित करने की स्वीकृति दी गई।
- मंत्रिपरिषद द्वारा अमरपाटन जिला मैहर में नवीन शासकीय पोलिटेक्निक महाविद्यालय की स्थापना की स्वीकृति दी गई।
- मंत्रिपरिषद द्वारा रायसेन जिले में 100 एम.बी.बी.एस. सीट प्रवेश क्षमता के नवीन मेडिकल कॉलेज की स्थापना की स्वीकृति दी गई।
- मंत्रिपरिषद द्वारा मेडिकल कॉलेज के शैक्षणिक संवर्ग को वर्ष 2016 से 7वां वेतनमान दिये जाने की स्वीकृति दी गई।
- वनरक्षकों को प्रशिक्षण पूर्ण होने की दिनांक से मूल वेतन स्वीकृत किये जाने की स्वीकृति दी गई है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

वीर जवानों ने वीरता, पराक्रम, शौर्य का एक नया इतिहास रचा - मुख्यमंत्री

भोपाल, वीर जवानों ने वीरता, पराक्रम, शौर्य और हिम्मत से एक नया इतिहास रचा है। वीर जवान हिम्मत से भरे हुए हैं। आपके शौर्य और प्रताप प्रणाम योग्य हैं। वीर जवानों ने एक साल में 91 लाख के 6 इनामी नक्सली और पिछले तीन सालों में 1 करोड़ 62 लाख के 9 इनामी नक्सली धराशायी किए हैं। यह कोई साधारण सफलता नहीं है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बालाघाट में मध्यप्रदेश पुलिस के क्रम-पूर्व पदोन्नति अलंकरण समारोह को संबोधित करते हुए कहीं।

वीर जवान मध्यप्रदेश के अभिमान है

मुख्यमंत्री ने कहा कि वीर जवान हमारा बल हैं। मध्यप्रदेश के अभिमान हैं। जवानों की वीरता, पराक्रम देखकर मध्यप्रदेश की जनता की ओर कोई भी आंख उठाकर नहीं देख सकता। जब-जब भी नक्सलियों को धराशायी किया है। राज्य सरकार ने हमेशा सम्मानित किया है। प्रदेश में नक्सली गतिविधियों को रोकने के लिए नई नीति बनाई है। प्रदेश में नवीन नक्सल आत्मसमर्पण और पुनर्वास के लिए नीति बनाई गई है। नक्सली गतिविधियों के खिलाफ हमारी हॉक फोर्स हमेशा खड़ी है, इस पर मुझे गर्व है। वीर जवान अपनी जान हथेली पर रखकर नक्सलियों को धराशायी करने का कार्य कर रहे हैं।

मध्यप्रदेश की धरती पर डकैतों का अंत

श्री चौहान ने कहा कि मैंने ग्वालियर के एक कार्यक्रम में कहा था कि मध्यप्रदेश की धरती पर डाकू नहीं रहने देंगे। जवानों ने प्रदेश में सारे डकैतों का अंत कर दिया है। सिमी के नेटवर्क को समाप्त कर दिया है। नक्सलवाद को समाप्त करने का भी लगातार कार्य कर रहे हैं। मध्यप्रदेश पुलिस और हमारे जवानों के खाते में अनेक उपलब्धियां हैं।

लघु समाचार पत्रों को मिलेंगे हर दो माह में विज्ञापन - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में स्टेट मीडिया सेंटर का शिलान्यास करते हुए

भोपाल, पत्रकार समाज और सरकार के मध्य सेतु की भूमिका निभाते हैं। पत्रकार समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की आवाज होते हैं। पत्रकारिता एक धर्म है, जिसके निर्वहन के लिए पत्रकार युद्ध, बाढ़, भूकम्प जैसी विपरीत स्थितियों में भी जीवन दांव पर लगाकर कार्य करते हैं। जब विपत्तियों में लोग सुरक्षित स्थान खोजते हैं, तब पत्रकार समाधान खोजते हैं। स्टेट मीडिया सेंटर में भविष्य के ऐसे वृट वृक्ष के बीज रोपे जा रहे हैं, जिनसे अनुभवों की शाखाओं पर अनंत आशाएं साकार होंगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में स्टेट मीडिया सेंटर के लिए भूमिपूजन समारोह को संबोधित करते हुए कहीं। इस अवसर पर जनसंपर्क मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ला, आयुक्त जनसंपर्क श्री मनीष सिंह उपस्थित थे।

श्री चौहान ने कहा कि पत्रकार और पत्रकारिता लोकतंत्र के प्राण हैं। मध्यप्रदेश की भूमि से पंडित माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता के पुरोधा बने। इसी धरती पर श्री हरिशंकर परसाई जैसे व्यंग्यकार हुए, जिन्होंने समाज को आईना दिखाने का कार्य किया। स्व. श्री वेदप्रताप वैदिक ने हिंदी की प्रतिष्ठा के लिए कार्य किया। स्व. श्री प्रभाष जोशी ने नई भाषा दी। एक दौर था जब स्वतंत्रता आंदोलन में पत्रकारों ने भागीदारी की और परतंत्रता की बेड़ियां तोड़ने का कार्य किया। आपातकाल के खिलाफ भी पत्रकार लड़े। कोविड के कठिन दौर में पत्रकारों ने अपना दायित्व निभाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के दौर में कहीं-कहीं विश्वसनीयता का संकट देखने को मिलता है। संवाद, संचार और सम्पर्क पत्रकारिता के प्राण होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्टेट मीडिया सेंटर इन पत्रकारों के संवाद, खबरों के संचार और हमारे सम्पर्क का केन्द्र बनेगा। यह केन्द्र पत्रकारिता के छात्रों का गुरुकुल बनेगा और वरिष्ठों के अनुभवों और युवाओं की ऊर्जा का उपयोग करेगा।

कैसा होगा स्टेट मीडिया सेंटर

भोपाल में स्टेट मीडिया सेंटर का निर्माण 28 करोड़ रुपये की लागत से होगा। यह सर्व सुविधा युक्त मीडिया सेंटर होगा। इस सेंटर में निर्माण एजेंसी मध्यप्रदेश भवन विकास निगम है। कुल 66 हजार 981 वर्गफीट में तीन मंजिल के भवन में लोअर ग्राउण्ड फ्लोर पर वाहन पार्किंग, ड्रायवर्स रूम, मेंटेनेंस रूम, बैंक, शॉप्स और डिस्पेंसरी निर्माण होगा। ग्राउण्ड फ्लोरपर एक्जीबिशन हॉल, आर्ट गैलरी, मिनी ऑडिटोरियम, प्रेस कॉन्फ्रेंस कक्ष, प्रशासनिक कक्ष, रिसेप्शन कक्ष, कॉरीडोर, बैंक्वेट हॉल, बैडमिंटन कोर्ट, रेस्टोरेंट, टेरिस गार्डन होंगे। प्रथम मंजिल पर लायब्रेरी, प्रेस कॉन्फ्रेंस हॉल, मल्टी मीडिया रूम, लाउन्ज, जिम्नेशियम और इन्डोर गेम हॉल होगा। दूसरे मंजिल पर ओपन टेरिस, वर्किंग स्पेस, केबिन मिनी मीटिंग रूम, क्यूबिकल वर्क स्टेशन होंगे।

राष्ट्रीय महुआ कान्क्लेव

वनोपज के माध्यम से गरीब कल्याण की अनेक संभावनाएं

भोपाल, वन मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने भोपाल स्थित आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी में 'राष्ट्रीय महुआ कान्क्लेव' के अवसर पर कहा कि वनोपज के माध्यम से गरीब कल्याण की दिशा में व्यापक संभावनाएं हैं। प्रदेश में महुआ संग्राहकों को बेहतर मूल्य दिलाने की दिशा में सभी सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी। महुआ संग्रहण के लिए इन परिवारों को निःशुल्क जाल उपलब्ध कराया जायेगा, जिससे उत्तम गुणवत्ता का महुआ संग्रहित किया जा सके।

डॉ. शाह ने महुआ के सामाजिक सशक्तिकरण एवं आर्थिक उन्नयन पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में कहा कि मध्यप्रदेश का महुआ संग्रहण में अग्रणी स्थान है। अभी तक महुआ वनोपज का सीमित उपयोग होता था, इसी प्रकार वनवासियों को महुआ वनोपज का उचित मूल्य भी प्राप्त नहीं हो पाता था। राज्य शासन द्वारा की गई पहल से संग्राहकों को अब महुआ संग्रहण का अच्छा मूल्य प्राप्त हो पा रहा है। इसके लिए वनवासियों को महुआ पेड़ के नीचे जाल बिछाकर महुआ संग्रहण के लिए जागरूक किया गया है। वन मेले के माध्यम से महुआ विपणन में अब बेहतर कीमत मिल रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब विभागीय रोपणों में 50 प्रतिशत वनोपज प्रजाति के पौधों के रोपण का निर्णय लिया गया है। इससे भविष्य में ग्रामीण क्षेत्रों में इमारती लकड़ी के साथ-साथ लघु वनोपज भी प्राप्त हो सकेगी।

मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023

निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन कराने के लिए सभी नियमों का कड़ाई से पालन कराएं - मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

भोपाल, मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 की तैयारियों के अंतर्गत उप जिला निर्वाचन अधिकारियों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी एवं पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (एप्को) में भारत निर्वाचन आयोग के राष्ट्रीय स्तर के मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस चार दिवसीय सर्टिफिकेशन प्रोग्राम का शुभारंभ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन द्वारा किया गया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रशिक्षण ले रहे अधिकारियों से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग से मिलने वाले हर एक नियम व निर्देशों को अच्छी तरह से पढ़ लें। हर चुनाव एक नया चुनाव होता है। नियम बदलते रहते हैं। निष्पक्ष व शांतिपूर्ण निर्वाचन कराने के लिए इन नियमों, निर्देशों का कड़ाई से पालन कराएं। श्री राजन ने कहा कि सेक्टर अधिकारियों के साथ ही तहसीलदार स्वयं जाएं और मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करें। मतदान केंद्रों पर रैंप, पानी, बिजली व बैठक व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। हर एक मतदाता का भौतिक सत्यापन होना अनिवार्य है। जिन मतदाताओं का भौतिक सत्यापन नहीं हो पाया है, उनका बीएलओ घर-घर जाकर भौतिक सत्यापन करें।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची पूरी तरह से शुद्ध हो, इसके लिए किसी भी बीएलओ की मतदाता सूची में दोहरी प्रविष्टि व मृत मतदाताओं के नाम कतई नहीं होने चाहिए। सभी बीएलओ मतदाता सूची को अच्छी तरह से जांच लें और मतदाताओं की पुष्टि कर लें।

श्री राजन ने अधिकारियों से आदर्श चुनाव आचरण संहिता लागू होते ही किए जाने वाले महत्वपूर्ण कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आदर्श आचरण संहिता लागू होते ही किसी भी शासकीय संपत्ति पर दीवार लेखन, होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर, पेंटिंग आदि हटाने की कार्रवाई 24 घंटे के भीतर, सार्वजनिक स्थलों पर उपरोक्त प्रकार की कार्रवाई 48 घंटे के भीतर और संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के तहत किसी भी निजी संपत्ति पर ऐसी ही कार्रवाई 72 घंटे के भीतर अनिवार्य रूप से कर ली जाए।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन होने के बाद भी पात्र नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होने के बाद प्रत्याशियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख के 10 दिन पहले तक नागरिकों से मतदाता सूची से नाम जोड़ने के लिए आवेदन लिए जा सकेंगे। निर्धारित प्रक्रिया का पालन कर पात्र नागरिक अपना नाम वोटर लिस्ट में मतदाता के रूप में जुड़वा सकेंगे।

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सीहोर, मंडीदीप, विदिशा ....

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन तक के पांच किलोमीटर लंबे मेट्रो के भाग में 5 स्टेशन हैं, जिनकी आधारभूत संरचनाओं का काम प्राकृतिक बाधाओं के बावजूद बहुत तेजी से पूरा किया गया।

मेट्रो रेल में यह होगा खास

मेट्रो रेल कोच में स्मार्ट लाइटिंग, एयर कंडिशन्स, स्मार्ट डिस्प्ले, एआई सी.सी. टी.वी. कैमरे आदि की सुविधा होगी।

समानता का माध्यम बनेगी मेट्रो रेल

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मेट्रो ट्रेन से समय और पैसा दोनों की बचत होगी। भोपालवासियों को सुरक्षित-सुगम-सुविधापूर्ण सस्ता और सुंदर परिवहन का साधन उपलब्ध होगा, और शहर का प्रदूषण भी कम होगा। मेट्रो रेल समाज में समानता का भी माध्यम बनेगी। साइकिल वाले, दोपहिया वाले और कार वाले सभी इस सुविधाजनक, वातानुकूलित और समय की बचत वाले परिवहन को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे।

शैक्षणिक वातावरण युक्त नवाचार का केंद्र बनेगा प्रदेश - स्कूल शिक्षा मंत्री

भोपाल, स्वाभाविक रूप से बच्चों के मन में कई तरह के नवाचार समावेशी प्रश्न और उनके समाधान उठते हैं। बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए नवाचार को समझने की आवश्यकता है। बच्चों की रचनात्मकता, समाधानखोजी दृष्टिकोण, वैज्ञानिक सोच और कल्पना शक्ति को व्यवहारिक रूप देने की अवधारणा से मुख्यमंत्री नवाचार पुरस्कार योजना का सृजन हुआ है। बच्चों को नवाचार के लिए अवसर और मंच प्रदान करने के लिए यह योजना बनाई गई है। इससे प्रदेश शैक्षणिक वातावरण युक्त नवाचार का केंद्र बनेगा। यह बात स्कूल शिक्षा एवं सामान्य प्रशासन राज्यमंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान भोपाल स्थित संस्कृत भवन में मुख्यमंत्री नवाचार पुरस्कार-2023 वितरण समारोह में कही। श्री परमार ने कहा कि स्वत्व के भाव को जागृत कर परम्परागत हुनर को विज्ञान एवं तकनीक से जोड़कर रोज़गारोन्मुखी नवाचार किया जा सकता है, लेकिन शिक्षा का सर्वोपरि उद्देश्य श्रेष्ठ नागरिक निर्माण हो। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप बच्चों में व्यवहारिक रूप से प्रकृति और संस्कृति के माध्यम से सीखने की प्रवृत्ति विकसित की जायेगी। श्री परमार ने कहा कि नवाचारों के विचारों के क्रियान्वयन के लिए प्रदेश के सभी 53 ईएफए (सबको शिक्षा) स्कूलों में इनक्यूबेशन सेंटर बनाया जायेगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लद्दाख से आए रैमन मैग्सेसे अवॉर्ड विजेता प्रसिद्ध नवाचारी अभियंता एवं शिक्षा सुधारक डॉ. सोनम वांगचुक ने कहा कि नवाचार के तीन स्तंभ हैं-जिज्ञासा, संवेदना एवं पहल की भावना। इन तीन स्तंभों के बिना नवाचार की परिकल्पना संभव नहीं है।

श्री परमार ने नवाचारी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री नवाचार पुरस्कार-2023 में ग्वालियर संभाग की अंजू यादव ने प्रथम स्थान, सागर संभाग की वर्षा साहू ने द्वितीय स्थान एवं रीवा संभाग के सागर ठाकुरिया ने तृतीय स्थान अर्जित किया। वहीं सागर संभाग की शालिनी आदर्श, उज्जैन संभाग के यशवंत राठौर, रीवा संभाग के पीयूष सेन, चंबल संभाग की दीक्षा राजावत, ग्वालियर संभाग के हरिओम कुशवाह, इंदौर संभाग के कीर्तन यादव, शहडोल संभाग गगन सिंह, भोपाल संभाग की मुस्कान, जबलपुर संभाग के कार्तिक पटले एवं नर्मदापुरम संभाग की राजेश्वरी गायकवाड़ सांत्वना पुरस्कार दिया गया। मुख्यमंत्री नवाचार पुरस्कार योजना अंतर्गत कक्षा 5वीं से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट नवाचारों के लिए प्रथम पुरस्कारस्वरूप 51 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कारस्वरूप 31 हजार रुपये, तृतीय पुरस्कारस्वरूप 21 हजार रुपये एवं सांत्वना पुरस्कार स्वरूप 11 हजार रुपये (प्रत्येक संभाग के लिए कुल दस पुरस्कार) दिए गए।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

एसटीईएम प्रतियोगिता में

अंतिम चरण में पहुंचे 16 भारतवंशी छात्र



अमेरिका के माध्यमिक स्कूल के छात्रों के लिए होने वाली विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) प्रतियोगिता के अंतिम चरण में पहुंचने वाले 30 छात्रों में से 16 छात्र भारतवंशी हैं। इस प्रतियोगिता का नाम थर्मो फिशर साइंटिफिक जूनियर इनोवेटर्स चैलेंज (थर्मो फिशर जेआईसी) है। 300 छात्रों में से विज्ञानियों, इंजीनियरों और शिक्षकों की सूची में शामिल 16 छात्र अगले महीने वाशिंगटन में फाइनल प्रतिभा का प्रदर्शन कर 100,000 डॉलर से अधिक के पुरस्कारों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

'नटराज' के

मुख्य शिल्पी हुए सम्मानित

जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले भारत मंडपम् में स्थापित अष्टधातु से बनी 'नटराज' की विश्व की सबसे बड़ी प्रतिमा के मुख्य शिल्पी राधाकृष्णन को समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया। इस प्रतिमा के निर्माण में 3 लाख श्रम घंटे का समय लगा यानि इस मूर्ति के निर्माण में एक व्यक्ति को 3 लाख घंटे या 12,500 दिन का समय लगता। लेकिन 30 महीने का काम 6 महीने में पूरा किया गया। इसे दुनियाभर में सराहा गया।

खितम नवाद अल नुसरत

रिफ्यूजी कैंप में ऑनलाइन पढ़ा रहीं

फिलिस्तीन के गाजा में रहने वाली खितम नवाद अल नुसरत रिफ्यूजी कैंप में बच्चों के लिए ऑनलाइन क्लास चला रही हैं। ये वे बच्चे हैं जिनके माता-पिता प्री-स्कूल ट्यूशन भेजने का खर्च नहीं उठा सकते हैं। खितम पढ़ाने के दौरान खिलौनों के साथ रोचक कहानियों का इस्तेमाल करती हैं। वे बच्चों को समय-समय पर देश - दुनिया की खबरों से भी अपडेट रखती हैं। हालांकि उन्हें कई बार ऑनलाइन पढ़ाने में रुकावटें पैदा होने पर संघर्ष करना पड़ता है।

अदिति शंकर

ब्रिटेन की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा के इतिहास में दर्ज कराया नाम

ब्रिटेन की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) के इतिहास में आठ साल की भारतीय मूल की अदिति शंकर ने अपना नाम दर्ज करवाया। उसे ऐसा पहला व्यक्ति घोषित किया गया है, जिसका प्रत्यारोपण आजीवन दवाओं की आवश्यकता के बिना किया गया, क्योंकि डॉक्टरों ने उसकी प्रतिरक्षा प्रणाली को पुनर्जीवित कर दिया है। अदिति एक दुर्लभ आनुवांशिक स्थिति से पीड़ित है। उसे उसकी मां ने किडनी दान की थी। लंदन ग्रेट ऑरमंड स्ट्रीट इंस्टीट्यूट में उसका इलाज किया गया।

पर्वतारोही कामी रीता

आठ हजार मीटर की चढ़ाई का नया रिकॉर्ड बनाया

नेपाल के पर्वतारोही कामी रीता शेरपा ने 42 बार 8,000 मीटर की चढ़ाई का नया रिकॉर्ड बनाया। 53 वर्षीय कामी रीता ने नेपाल के पर्वतारोही निम्स पुर्जा का रिकॉर्ड तोड़ा है। निम्स ने 41 बार 8 हजार की ऊंचाई पर चढ़ाई की है। पर्वतारोही कामी आगे भी अपना ही बनाया रिकॉर्ड तोड़ने की इच्छा रखते हैं।

ग्लीज 367 बी

पूरा लौहे से बना ग्रह मिला

हाल ही में ऐसा ग्रह मिला है जो पूरा सॉलिड लौहे का बना है। इस ग्रह का आकार पृथ्वी के लगभग बराबर है। इसका नाम ग्लीज 367 बी है। यह एक अल्ट्राशॉर्ट पीरियड ग्रह है। अल्ट्राशॉर्ट पीरियड ग्रह का मतलब यह अपने सूरज यानि तारे के चारों ओर सिर्फ 7.7 घंटे में एक चक्कर लगाता है। यह धरती से दोगुना ज्यादा घनत्व वाला ग्रह है। इसके अंदर सिर्फ लोहा भरा है। इस ग्रह का कोर बेहद घना है। जिसके चारों तरफ सिलिकेट से भरा हुआ मैटल है, लेकिन इसका कोई क्रस्ट नहीं है। यह एक तरह का प्रोटोप्लैनेट है जिसकी बाहरी परत खत्म हो चुकी है।

व्हेल का कंकाल

4.10 करोड़ साल पहले का निकला

अमेरिका में 1842 में अलबामा के खेतों से मिले कंकाल को सरीसृप प्रजाति का समझा गया था। लेकिन अब मिस्र के वैज्ञानिकों ने खुलासा किया है कि यह कंकाल एक व्हेल मछली का है। जो करीब 8 फुट लंबी थी और 4 करोड़ 10 लाख साल से भी पहले धरती पर मौजूद थी।

ऑस्ट्रिया

खदान में मिला 2200 वर्ष पुराना जूता

ऑस्ट्रिया के डर्नबर्ग में पुरातत्वविदों को एक लौह युग की नमक खान से करीब 2200 वर्ष पुराना बच्चे का जूता मिला है। अमेरिकी साइज गाइड के अनुसार यह 11 से 12 वर्ष के बीच की उम्र के बालक का हो सकता है। पुरातत्वविदों के मुताबिक जूता आश्चर्यजनक रूप से संरक्षित मिला है। चमड़े से बने इस जूते में यू आकार के हुक लगे हैं। कार्बनिक सामग्री आमतौर पर समय के साथ खत्म हो जाती है, लेकिन इस जूते के साथ ऐसा नहीं है।

चेतना मारू का

पहला उपन्यास बुकर पुरस्कार की अंतिम सूची में शामिल

लंदन में भारतीय मूल की लेखिका चेतना मारू के पहले उपन्यास 'वेस्टर्न लेन' को 2023 बुकर पुरस्कार की अंतिम सूची में शामिल किया गया है। केन्या में जन्मीं मारू के उपन्यास के संदर्भ का ताना बाना ब्रिटिश गुजराती परिवेश से जुड़ा है। बुकर पुरस्कार के निर्णायक मंडल ने इस उपन्यास में जटिल मानवीय भावनाओं को व्यक्त करने के लिए स्क्वैश खेल को रूपक के तौर पर इस्तेमाल करने की प्रशंसा की। बुकर पुरस्कार के निर्णायक मंडल में शामिल ज्यूरी ने अंतिम सूची की घोषणा हाल ही में की है।

डॉक्टर कमल मेंघराजानी

भारतवंशी व्हाइट हाउस की फैलो चुनी गईं

अमेरिका में भारतवंशी कैंसर डॉक्टर कमल मेंघराजानी को व्हाइट हाउस फैलो की 2023-2024 श्रेणी के लिए चुना गया है। मेंघराजानी को विज्ञान और प्रौद्योगिकी नीति कार्यालय में तैनात किया गया है। गौरतलब है कि डॉक्टर कमल ल्यूकेमिया के मरीजों का इलाज करती हैं।

तेलंगाना के 2 गांव

सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम घोषित

भारत सरकार ने तेलंगाना के दो गांवों को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव घोषित किया गया है। इन दो गांवों में से एक पेम्बर्थी है जो जनगांव जिले में पड़ता है। जबकि दूसरा सिद्धीपेट जिले का चंदलापुर है। 27 सितंबर 2023 को दोनों गांवों के प्रधान को समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया। केंद्र सरकार के पर्यटन मंत्रालय के तत्वाधान में सांस्कृतिक विरासत और विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गांवों के लिए सर्वश्रेष्ठ ग्राम प्रतियोगिता शुरू की गई है। दोनों ही गांव हस्तशिल्प, धातु और हस्तकरघा कला के लिए मशहूर हैं।

जाम्बिया में

दुनिया का सबसे पुराना लकड़ी का ढांचा मिला

जाम्बिया में दुनिया का सबसे पुराना लकड़ी का ढांचा मिला है। यह 4,76,000 साल पुराना है। इस पर कट के 2 निशान हैं जो बताते हैं कि पत्थर के औजार से पेड़ को काटा गया है। ब्रिटेन की लिवरपुल यूनिवर्सिटी के पुरातत्वविद लेरी बरहम के अनुसार 235 मीटर ऊंचे कल्म्बो झरने के पुरातात्विक स्थल पर इसकी खोज हुई। इस स्थल से 4 लकड़ी के अन्य औजार भी मिले। पुरातत्वविदों को रेत के नमूनों ने संरचना की समयावधि की जानकारी प्रदान की।

ताइवान ने

बनाई पहली स्वदेशी पनडुब्बी

ताइवान ने अपनी पहली स्वदेशी पनडुब्बी को दुनिया के सामने पेश कर दिया है। ताइवान के काओहसिंग शहर में स्थित शिपयार्ड में आयोजित कार्यक्रम में इस डीजल-इलेक्ट्रिक सबमरीन 'नारवॉल' (समुद्री राक्षस) का अनावरण किया गया। ताइवान की राष्ट्रपति त्साई इंग वेन ने कहा कि यह चीन के हमले के बढ़ते खतरे के बीच प्रतिरोधक क्षमता मुहैया कराएगी।

नेपाल में

मानसून खत्म होने पर मनाया गया इंद्रजातार उत्सव

नेपाल में मानसून खत्म होने की खुशी में इंद्रजातार नाम का उत्सव मनाया गया। मान्यता है कि बारिश के देवता इंद्र एक बार अपनी मां के लिए रात की रानी का फूल इकट्ठा करने धरती पर इंसान रूप में आए थे। उन्हें पृथ्वी पर लोगों ने रोक लिया तब लगातार बारिश हो रही थी। इंद्र ने सहमति जताई कि बारिश को रोक दिया जाएगा और तभी से इंद्र के आने और बारिश के रूक जाने की खुशी में यह त्यौहार मनाया जाने लगा। स्थानीय स्तर पर यात्रा और रथयात्रा निकाले जाने की परंपरा का अब तक निर्वहन किया जा रहा है।

सरमोली गांव

देश का सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव बना

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के सरमोली गांव को देश का सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव घोषित किया गया। नई दिल्ली में भारत-मंडपम् ऑडिटोरियम में आयोजित एक कार्यक्रम में पर्यटन मंत्रालय की ओर से यह पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार में एक स्वर्ण पदक और एक प्रशस्ति-पत्र शामिल है। पुरस्कार लेने वाली मल्लिका विर्दी ने एक एनजीओ के माध्यम से 2016 में ग्राम पर्यटन प्रोत्साहन को यहां शुरू किया था।

'फिल्म 2018 - एवरीवन इज ए हीरो'

ऑस्कर में भारत की ऑफिशियल एंट्री होगी

केरल में आई विनाशकारी बाढ़ पर आधारित मलयालम फिल्म '2018 - एवरीवन इज ए हीरो' को ऑस्कर अवॉर्ड्स 2024 के लिए भारत की ओर से ऑफिशियल एंट्री के रूप में चुना गया है। फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया ने इसकी घोषणा की है। चयन समिति ने कहा कि 16 सदस्यीय ज्यूरी ने सर्वसम्मति से मलयालम फिल्म का चयन किया है।

रीम फिल्मबन

सऊदी अरब की पहली महिला पायलट बनीं

सऊदी अरब की रहने वाली रीम फिल्मबन पहली महिला हेलीकॉप्टर पायलट बनी हैं। साथ ही वह दुनिया में सबसे कम उम्र की पायलटों में शुमार हो गई हैं। रीम फिल्मबन ने सऊदी अरब से हाईस्कूल में पढ़ाई करने के बाद पायलट का लाइसेंस लेने और एविएशन की पढ़ाई करने के लिए अमेरिका को चुना। इस साल उन्होंने 255 घंटे की उड़ान भरी।

स्मृति शेष

मशहूर स्क्रिप्ट राइटर प्रयागराज का निधन



बॉलीवुड फिल्मों के चर्चित स्क्रिप्ट राइटर प्रयागराज का 88 साल की उम्र में निधन हो गया। अमर अकबर एंथनी, नसीब और कुली जैसी कई मशहूर फिल्में लिखने वाले प्रयागराज लंबे समय से बीमार थे।

हैरी पॉटर फेम माइकल का निधन



हॉलीवुड फिल्म 'हैरी पॉटर' में नजर आए सर माइकल गैंबोन का 82 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। फिल्म में उन्होंने प्रोफेसर एल्बस डंबलडोर की भूमिका निभायी थी। डबलिन में जन्में माइकल ने फिल्मों के अलावा टेलीविजन और रेडियो में भी काम किया था।

भरतनाट्यम नृत्यांगना सरोजा वैद्यनाथन का निधन

भरतनाट्यम नृत्यांगना सरोजा वैद्यनाथन का 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थीं। उन्हें 2002 में पद्मश्री और 2013 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। उन्होंने शास्त्रीय नृत्य विद्यालय गणेश नाट्यालय की स्थापना की थी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

क्रमांक 2715001/2014/ई.डी.पी./ई-टेंडरिंग/406/1448

कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन
तुलसी नगर, भोपाल

ईमेल - mpwrdetenders@gmail.com, edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in
फोन - 0755-2553402, फैक्स - 0755-2552406

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रमांक - 556/2715001/ई.डी.पी./2021-22/प्र.अ.-ई-टेंडरिंग **भोपाल, दिनांक : 03.10.2023**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर **दिनांक 20.10.2023 को 17.30 बजे** तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	जिला	राशि रु. लाख में
1.	2023_WRD_304976	कुण्डलिया बांध निर्माण के कारण डूब क्षेत्र आने वाले भंडावत डी.एल. फीडर के एक सेक्शन की शिफ्टिंग एवं री-राउटिंग का कार्य।	भोपाल	16.94
2.	2023_WRD_309346	नाहरखेड़ी तालाब का वार्षिक मरम्मत कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	इंदौर	4.57
3.	2023_WRD_309657	लाइट मशीनरी एवं वि./या. संभाग धार के उपसंभाग देवास हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर लेना।	धार	3.72
4.	2023_WRD_310069	सिंध परियोजना दायां तट नहर संभाग नरवर हेतु लेखन सामग्री का प्रदाय।	शिवपुरी	2.84
5.	2023_WRD_310154	गूजरवाड़ा उपनहर, बंशीखेड़ी माइनर, 14 आर (तालकेसरी) सब माइनर एवं 202 आर (पांजरा) सब माइनर का मरम्मत का कार्य।	नर्मदापुरम	3.42
6.	2023_WRD_310327	नार्थ टी.टी. नगर, जवाहर चौक, भोपाल में सुरक्षा व्यवस्था का कार्य।	भोपाल	5.45
7.	2023_WRD_310329	सी.एम.यू. कॉलोनी, इन्द्रपुरी, भोपाल में सुरक्षा व्यवस्था का कार्य।	भोपाल	10.91
8.	2023_WRD_310331	रहवासी एवं गैररहवासी परिसर, कोलार कॉलोनी, भोपाल में सुरक्षा व्यवस्था का कार्य।	भोपाल	16.36
9.	2023_WRD_310333	बरगी कॉलोनी, भोपाल में सुरक्षा व्यवस्था का कार्य।	भोपाल	5.45
10.	2023_WRD_310334	सरस्वती एवं कलियासोत कॉलोनी, भोपाल में सुरक्षा व्यवस्था का कार्य।	भोपाल	16.36
11.	2023_WRD_310336	सरस्वती नगर, जवाहर चौक, भोपाल में म.नं. आई.एफ-2 में मरम्मत का कार्य।	भोपाल	5.82
12.	2023_WRD_310337	विश्वेसरैया भवन, भोपाल में रखरखाव कार्य हेतु श्रमिक का प्रदाय।	भोपाल	16.75
13.	2023_WRD_310339	कार्यालय आयुक्त काडा, जल संसाधन विभाग, भोपाल हेतु मासिक दर पर वाहन किराये पर लेना।	भोपाल	17.39
14.	2023_WRD_310458	मिसरोद उपनहर की चंदवाड़ माइनर चैन क्र. 73 एवं 89 पर फाल का पुनर्निर्माण कार्य।	नर्मदापुरम	7.27
15.	2023_WRD_310461	मिसरोद उपनहर की जीजलवाड़ा माइनर चैन क्र. 101, 136 एवं 153 एवं 228 पर फाल का पुनर्निर्माण कार्य।	नर्मदापुरम	14.54
16.	2023_WRD_310463	खुटवासा माइनर क्र. 1 चैन क्र. 03 पर खुटवासा माइनर क्र. 2 चैन क्र. 04 पर फाल का पुनर्निर्माण कार्य।	नर्मदापुरम	7.27
17.	2023_WRD_310465	मकडाई वितरणी की 317-एल माइनर चैन क्र. 31.50 पर क्षतिग्रस्त फाल एवं व्ही.आर.बी. का मरम्मत कार्य।	नर्मदापुरम	4.88
18.	2023_WRD_310466	जमुनिया माइनर चैन क्र.08 पर माइनर क्र.2 चैन क्र. 04 पर क्षतिग्रस्त फाल का मरम्मत कार्य।	नर्मदापुरम	2.26
19.	2023_WRD_310468	खपरिया माइनर की 5-आर सब माइनर के क्षतिग्रस्त एच.आर. एवं फाल का मरम्मत कार्य।	नर्मदापुरम	4.24
20.	2023_WRD_310470	रायगढ़ उपनहर की 05 आर माइनर की 09 चैन पर स्थित व्ही. आर.बी. का मरम्मत कार्य।	नर्मदापुरम	2.67
21.	2023_WRD_310471	चबोरा उपनहर चैन क्र. 173 एवं 01 नं. एवं घामनिया उपनहर चैन क्र. 78 पर 01 नं. क्षतिग्रस्त एच.आर. का पुनर्निर्माण कार्य।	नर्मदापुरम	8.40
22.	2023_WRD_310472	कहारिया उपनहर पर 03 नं. क्षतिग्रस्त फॉल का एवं 01 नं. क्षतिग्रस्त एच.आर. का पुनर्निर्माण कार्य।	नर्मदापुरम	17.20
23.	2023_WRD_310473	भिलाडिया उपनहर की चन्दपुरा माइनर पर 03 नं. क्षतिग्रस्त फॉल का पुनर्निर्माण कार्य।	नर्मदापुरम	12.50
24.	2023_WRD_310474	तवा मुख्य नहर की चैन क्र. 1526 से 1752 एवं 2548 से 2881 के मध्य मिट्टी कार्य।	नर्मदापुरम	8.50
25.	2023_WRD_310475	तवा मुख्य नहर की चैन क्र. 1752 से 2120 एवं 2160 से 2548 के मध्य मिट्टी कार्य।	नर्मदापुरम	9.80
26.	2023_WRD_310554	खैरी तालाब योजना के बांध एवं नहर का शेष निर्माण कार्य।	पन्ना	19.78
27.	2023_WRD_310557	रैपुरा तालाब योजना के बांध एवं नहर का शेष निर्माण कार्य।	पन्ना	7.37
28.	2023_WRD_310565	पिपरिया शाखा नहर के चैन क्र. 250 से 475 के मध्य क्षतिग्रस्त लाइनिंग मरम्मत कार्य।	नर्मदापुरम	0.97
29.	2023_WRD_310566	डोकरीखेड़ा मध्यम जलाशय की दायीं तट नहर की चैन क्र. 0 से 250 के मध्यम एवं बनवारी उपनहर की चैन क्र. 0 से 80 के मध्यम मिट्टी का कार्य। (बैंक रैजिंग)	नर्मदापुरम	1.18
30.	2023_WRD_310801	लाइट मशीनरी एवं वि./यां. संभाग धार हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर लेना।	धार	3.72
31.	2023_WRD_310901	हरदुआ सारस बाहु तालाब योजना के बांध का मरम्मत एवं सुधार कार्य।	पन्ना	7.60
32.	2023_WRD_311636	क्षिप्रा नदी के एच.एफ.एल. लाइन को चिन्हित कर दोनों किनारों पर स्थाई बेंचमार्क स्टोन स्थापन का निर्माण कार्य।	रतलाम	13.32
			कुल योग	**279.45**

जी-20955/49202/2023 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

MAHATMA GANDHI CHITRAKOOT GRAMODAYA VISHWAVIDYALAYA CHITRAKOOT, SATNA (M.P.) Pin-485334

Established by the Govt. of Madhya Pradesh through legislature by Act. no. 09 of year 1991
Grade "A" Accredited by NAAC

RECRUITMENT

Advt.No 1/2023, Date : 05 October, 2023

MGCGV invites applications in the prescribed format for the posts as mentioned below:

Academic Posts

A. Professor (3) –
1. Agricultural Sciences (UR-1) (Any discipline of Agricultural. Sciences)
2. Engineering (UR-1) (Any discipline of Engineering & Technology/Vocational[Engg./Mgt.])
3. Management (UR-1) (Any discipline of Rural & Business Management)

B.	**Associate Professor (11)**				
1	Agronomy	1(UR-1)	7	Rural Management	1(UR-1)
2	Business Management	1(UR-1)	8	Physical Chemistry	1(UR-1)
3	Food Technology	1(ST-1)	9	Bio Technology	1(UR-1)
4	Horticulture	1(UR-1)	10	Library & Information Science	1(UR-1)
5	Information Technology	1(UR-1)	11	Fine Art	1(UR-1)
6	Remote Sensing & GIS	1(UR-1)			
C.	**Assistant Professor (31)**				
1	Agricultural Botany	1(UR-1)	13	Financial Management	1(ST-1)
2	Agri- Business Management	1(UR-1)	14	Fine Art	1(UR-1)
3	Agricultural Economics	1(UR-1)	15	Food Technology	1(OBC-1)
4	Agronomy	2(UR-1-ST-1)	16	Genetics & Plant Breeding	2(UR-1,ST-1)
5	Ayurved	2(UR-1, ST-1)	17	Horticulture	2(UR-1, SC-1)
6	Agricultural Extension	2(UR-1, OBC-1)	18	History/Tourism Management	1(UR-1)
7	Commerce/Business Management	1(ST-1)	19	Industrial Chemistry	1(UR-1)
8	Computer Engineering	1(UR-1)	20	Information Technology	1(UR-1)
9	Education	3(UR-1 SC-1, ST-PwBD-1)	21	Marketing	1(ST-1)
10	English	1(ST-1)	22	Plant Pathology	1(UR-1)
11	Entomology	1(OBC-1)	23	Rural Management	1(ST-1)
12	Environment	1(UR-1)	24	Yoga	1(OBC-1)

Abbreviation: UR-Unreserved, ST-Scheduled Tribe, SC-Scheduled Caste, OBC-Other Backward Class

Qualification: As per UGC/AICTE/ICAR/NCISM Regulations.

Pay Scale :
Professor: 37400-67000+AGP 10000 (Academic Pay Matrix 7th Pay Level 14)
Associate Professor: 37400-67000+AGP 9000 (Academic Pay Matrix 7th Pay Level 13A)
Assistant Professor: 15600-39100+AGP 6000 (Academic Pay Matrix 7th Pay Level 10)

Important Instruction:
1. The application form will be filled on MP online portal **(https://mgcgv.mponline.gov.in).** The application form will be available on the portal from **16 October 2023.**
2. The last date to fill the application form on the portal is **20 November 2023.**
3. The last date for downloading the filled application form from the portal and sending it to the university by post along with all the relevant documents is 30 November 2023. Filled application form: Send to Registrar, Mahatma Gandhi Chitrakoot Gramodaya Vishwavidyalaya Chitrakoot, Satna, Madhya Pradesh 485334. The University will not be responsible for any postal delay.
4. It is mandatory to mention advertisement number, name of the post applied for and category on the envelope.
5. The application fee is Rs. 2000/- for General & Other Backward Class and Rs. 1000/- for Scheduled Caste, Scheduled Tribe and Disabled candidates of M.P. State.
6. Qualification and other relevant information related to the advertisement is available on 16 October, 2023 in the university **website: www.gramodayachitrakoot.ac.in**
7. Application form fee once paid shall not be refundable under any circumstances.
8. In service candidate must apply through proper channel.
9. Mere eligibility will not entitle any candidate to be called for interview. In case the applications are more in numbers a screening committee shall short list the most eligible candidates to be called for the interview.
10. Reservation as per M.P. Govt. rules. Age limit as per UGC/State Govt. of M.P. rules.
11. Relaxation in age in Reserve Category will be as per UGC/State Govt. of M.P. norms.

R-49174/2023 **Registrar**

कार्यालय मुख्य अभियंता
लो.नि.वि. सागर परिक्षेत्र सागर

फोन नं. 07582-220840, ई-मेल आईडी cepwdsagar@nic.in

एनआईटी नं. - 22/2023-24/ केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण **सागर, दिनांक : 04.10.2023**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा नवीन एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रण की जाती है।

क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	निविदा आमंत्रण क्रमांक	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
1.	2023_PWDRB_314602_1	प्रथम आमंत्रण	बैराहा से श्रीसोभन व्हाया पिपरहाई से छितैनी स्कूल मार्ग (7.00 कि.मी.)	पन्ना	792.37	792370.00	20000.00	10 माह वर्षाकाल सहित

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 05.10.2023 समय 10.30 बजे से **दिनांक 20.10.2023** समय 05.30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य अभियंता
लो.नि.वि. सागर परिक्षेत्र सागर

जी-20886/49173/2023

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश
लिंक रोड 03, पत्रकार कॉलोनी के सामने, भोपाल (म.प्र.)

Telephone No.:- 0755-4092595, Email :- tendersnhmmp@gmail.com

क्रमांक/एन.एच.एम./आर.के.एस.के./2023/16654 **भोपाल, दिनांक 04.10.2023**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन म.प्र. भोपाल कार्यालय द्वारा ई-निविदा के माध्यम से राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की विभिन्न जिलों में गतिविधियों के संचालन हेतु गैर सरकारी संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए जाते है। इच्छुक निविदाकर्ता राशि रुपये 2,000/- (रु. दो हजार मात्र) का ऑनलाइन एम.पी. ई-टेण्डर पर भुगतान कर निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं, विवरण निम्नानुसार है।

निविदा विवरण

क्र.	निविदा का नाम	निविदा प्रपत्र क्रय/प्राप्त करने की दिनांक	प्रि-बिड संबंधित प्रश्न पूछने की अंतिम दिनांक	निविदा प्रपत्र जमा करने की प्रारंभ दिनांक	निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक	निविदा खोले जाने की दिनांक
1.	RFP for Selection of Non Government Organizations/Non-Profit Organizations for implementation of Rashtriya Kishor Swasthya Karyakram (RKSK) in Madhya Pradesh	5.10.2023	9.10.2023	5.10.2023	26.10.2023	27.10.2023

विस्तृत विवरण/जानकारी वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** एवं **https://www.nhmmp.gov.in** पर उपलब्ध है।

उपसंचालक आर.के.एस.के.
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश

जी-20805/49169/2023

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, संभाग-भोपाल
माधवराव सप्रे मार्ग, (मुख्य मार्ग क्रमांक-03)
भोपाल (म.प्र.) 462003

नि.आ.सू क्र/13/एन.एच.एम./2023-24/1046 **भोपाल, दिनांक : 29.09.2023**

निविदा आमंत्रण सूचना

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-भोपाल की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने के लिये निविदा पोर्टल ऑनलाइन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम) से **(www.mptenders.gov.in) (Department of Directorate of Health Services)** टेण्डर सरल क्रमांक 1 से 2 तक दो लिफाफा पद्धति से स.क्र. 03 तीन लिफाफा पद्धति से प्रपत्र ''अ'' फार्म में परसेंटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों हेतु प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीआईयू. लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा जारी भवन एवं विद्युत कार्य हेतु एस.ओ.आर. 15.09.2022 (निविदा सूचना जारी होने तक किये गये समस्त संशोधनों सहित) दरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है।

ई-निविदा सूचना क्रमांक-13/2023/-24 दिनांक 29.09.2023

सं. क्र.	टेण्डर नं. 2023_DHS	कार्य का नाम	अनुमानित लागत राशि (लाख रु.)	जमा धरोहर राशि रु.	टेण्डर दर राशि रु.	समय सीमा वर्षाकाल सहित
1.	313805	जिला चिकित्सालय रायसेन एवं भोपाल में सी.एस.एस.डी. की स्थापना कार्य **द्वितीय आमंत्रण।**	62.40	62400.00	5000.00	06 माह
2.	313806	जिला चिकित्सालय राजगढ़ में ब्लड बैंक मरम्मत/उन्नयन का कार्य सिविल विद्युत एवं माड्यूलर फर्नीचर कार्य सहित।	28.88	50000.00	5000.00	04 माह
3.	313807	प्राथमिक स्वास्थ्य के केन्द्र सुल्तानगंज विकासखण्ड बेगमगंज जिला रायसेन का 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन कार्य मय 02 एफ, 02 जी एवं 02 टाइप आवासगृहों के निर्माण कार्य।	882.43	8,82,430.00	15000.00	18 माह

1. कार्य से संबंधित एन.आई.टी. **वेबसाइट (http://www.mptenders.gov.in)** पर देखी जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन दिनांक 04.10.2023 प्रातः 10.30 से **दिनांक 18.10.2023** सायं 17.30 तक क्रय किये जा सकते हैं।
3. धरोहर राशि स्टेट हेल्थ सोसायटी, एन.एच.एम. भोपाल के पक्ष में देय होगी।
4. एन.आई.टी. में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में वेबसाइट **(http://www.mptenders.gov.in)** पर प्रकाशित किया जावेगा एवं समाचार पत्रों में नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, संभाग-भोपाल

जी-20850/49171/2023

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स), संभाग पन्ना (म.प्र.)

एन.आई.टी. नं.- 23/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण **पन्ना, दिनांक : 04.10.2023**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा नवीन एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रण की जाती है।

कार्य का नाम :- मुख्य मार्ग से आरखनपुरा मार्ग लं. 1.30 कि.मी. का निर्माण कार्य।

क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	जिला	ठेके की अनु. राशि (पी.ए.सी.) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय
23/10	2023_PWDRB_314689_1	पन्ना	115.31	115310.00	12500.00	06 माह वर्षाकाल सहित
कार्य का नाम :- सिंहपुर-कालिंजर मार्ग से पनझिरियन माता सीमेंट काक्रीट मार्ग का निर्माण कार्य लं. 1.30 कि.मी.।						
23/02	2023_PWDRB_314690_1	पन्ना	174.58	174580.00	12500.00	06 माह वर्षाकाल सहित
कार्य का नाम :- दमचुआ से नई बस्ती मार्ग का निर्माण कार्य लं. 3.00 कि.मी.।						
23/03	2023_PWDRB_314693_1	पन्ना	269.49	269490.00	15000.00	10 माह वर्षाकाल सहित

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 05.10.2023 समय 10.00 बजे से **दिनांक 16.10.2023** समय 5.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. अमानत राशि (EMD) केवल ऑनलाइन RTGS/NEFT के माध्यम से ही स्वीकार होगी। एवं कोई भी दस्तावेज कार्यालय में भेजना आवश्यक नहीं है। समस्त सत्यापित दस्तावेज केवल ऑनलाइन संलग्न करना है।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ./सं) संभाग पन्ना, म.प्र.

जी-20962/49204/2023

कार्यालय कार्यपालन यंत्री भवन
लोक निर्माण विभाग तहसील कैम्पस, संभाग सागर (म.प्र.)

एनआईटी नं.- 26/2023/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सा/एपीडी/ **सागर, दिनांक : 29.09.2023**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है।

स. क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. बुन्देलखण्ड चिकित्सा महाविद्यालय सागर में एम.बी.बी.एस. की 100 से 250 सीट वृद्धि कार्य (प्रथम आमंत्रण)।

पोर्टल टेंडर क्र.	जिला	ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)	कार्यालय का नाम जहां तकनीकी बिड भौतिक रूप से सत्यापित जावेगी
2023_PWPIU_314395_1	सागर	7350.00	3675000	50000.00	24 माह	मुख्य अभियंता भवन लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्र जबलपुर
स. क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. जिला सागर में क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक कार्यालय भवन निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण)						
2023_PWPIU_314396_1	सागर	349.91	349915	15000.00	16 माह	मुख्य अभियंता भवन लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्र जबलपुर

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 03.10.2023 समय 10.30 बजे से **दिनांक 17.10.2023** समय 17.30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यालय यंत्री (भवन)
लोक निर्माण संभाग, सागर

जी-20959/49203/2023

प्रगत संगणन विकास केंद्र

पद का नाम - परियोजना सहयोगी, परियोजना अभियंता, वरिष्ठ परियोजना अभियंता सहित अन्य तकनीकी और गैर तकनीकी पद
पदों की संख्या - उल्लेखित नहीं
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 20 अक्टूबर, 2023
वेबसाइट - www.cdac.in

विश्वविद्यालय चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय, दिल्ली

पद का नाम - महिला चिकित्सा अधिकारी, सूचना वैज्ञानिक, वरिष्ठ निजी सहायक सहित अन्य पद
पदों की संख्या - 18
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 14 अक्टूबर, 2023
वेबसाइट - www.ucms.ac.in

एसजेवीएन लिमिटेड

पद का नाम - फील्ड अभियंता (इलेक्ट्रिकल, सिविल, मैकेनिकल) फील्ड अधिकारी (राजभाषा, वित्त एवं लेखा)
पदों की संख्या - 29
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 15 अक्टूबर, 2023
वेबसाइट - www.sjvn.nic.in

प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय

पद का नाम - हिन्दी अनुवादक और जूनियर स्टेनोग्राफर हिन्दी (अनुबंध आधार पर)
पदों की संख्या - उल्लेखित नहीं
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 15 अक्टूबर, 2023
वेबसाइट - www.pmml.nic.in

नॉर्दर्न कोलफील्ड्स

पद का नाम - अप्रेंटिस
पदों की संख्या - 1140
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 15 अक्टूबर, 2023
वेबसाइट - www.nclcil.in

महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग

पद का नाम - सहायक प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, प्रोफेसर
पदों की संख्या - 97
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 19 अक्टूबर, 2023
वेबसाइट - www.mpsc.gov.in

एडमिशन अलर्ट

फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट

पाठ्यक्रम का नाम - बैचलर और मास्टर प्रोग्राम
योग्यता - ऑल इंडिया सिलेक्शन टेस्ट, अधिकतम आयु 25 साल
रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया - 25 अक्टूबर, 2023 से शुरू होगी
वेबसाइट - www.fddiindia.com

राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल

पाठ्यक्रम का नाम - कक्षा 6 और 9
योग्यता - 5वीं पास, कक्षा 6 के लिए लड़के-लड़की दोनों, क्लास 9 के लिए केवल लड़के
अंतिम तिथि - 18 अक्टूबर, 2023
वेबसाइट - https://www.rashtriyamilitaryschools.edu.in/

कॉमन एंट्रेंस एग्जाम फॉर डिजाइन

पाठ्यक्रम का नाम - मास्टर ऑफ डिजाइन और PhD प्रोग्राम्स
योग्यता - 3 साल का डिग्री या डिप्लोमा प्रोग्राम पास या फाइनल ईयर के छात्र
अंतिम तिथि - 31 अक्टूबर, 2023
वेबसाइट - https://www.iitb.ac.in/en/ceed-2024

सिम्बायोसिस नेशनल एप्टीट्यूट टेस्ट 2023

पाठ्यक्रम का नाम - एमबीए, एम.एससी. (सीए), एम.एससी. (एसएस)
योग्यता - किसी भी मान्यता प्राप्त वैधानिक विश्वविद्यालय या संस्थान से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों (एससी/एसटी के लिए 45 प्रतिशत अंकों) के साथ स्नातक होना चाहिए। (प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को सिम्बायोसिस नेशनल एप्टीट्यूट(एसएनपी) कम्प्यूटर आधारित टेस्ट क्लीयर करना है।)
अंतिम तिथि - 23 नवंबर, 2023
वेबसाइट - www.snaptest.org

नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, दिल्ली

पाठ्यक्रम का नाम - बी.ए. एलएलबी. (ऑनर्स), एलएलएम., पीएच.डी.
योग्यता - बीए एलएलबी के लिए सीनियर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा (10+2) या 50 प्रतिशत अंकों से समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो।
एलएलएम के लिए 55 प्रतिशत अंकों के साथ समकक्ष कानून की डिग्री (एससी/एसटी/विकलांग व्यक्तियों के लिए 50 प्रतिशत), पीएच.डी. के लिए (पाठ्यक्रमानुसार)
अंतिम तिथि - नवंबर, 2023
वेबसाइट - www.nludelhi.ac.in

स्कॉलरशिप/इंटर्नशिप/पुरस्कार अलर्ट

सेंसोडाइन आईडीए शाइनिंग स्टार छात्रवृत्ति कार्यक्रम

संस्था का नाम - हेलोन इंडिया की सीएसआर पहल, बडी 4-स्टडी और इंडियन डेंटल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में
किसके लिये - 4 वर्ष का बीडीएस पाठ्यक्रम, सरकारी या प्राइवेट कोर्स करने वाले मेधावी छात्रों के लिए जिन्हें आर्थिक सहायता की दरकार है।
योग्यता - बीडीएस प्रथम वर्ष उत्तीर्ण होना आवश्यक, भारतीय नागरिक, 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में कम से कम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त होना चाहिए। पारिवारिक वार्षिक आय 8 लाख रुपये से अधिक न हो।
अंतिम तिथि - 31 अक्टूबर, 2023
वेबसाइट - sensodyne-ida-shining-star-scholarship-programe

स्वामी दयानंद एजुकेशन फाउंडेशन मेरिट-कम-मीन्स छात्रवृत्ति

संस्था का नाम - स्वामी दयानंद एजुकेशन फाउंडेशन
किसके लिए - उन छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी जो भारत में सरकारी-पंजीकृत सार्वजनिक या निजी संस्थानों में व्यावसायिक पाठ्यक्रम में अध्ययन कर रहे हैं।
योग्यता - भारत या किसी सरकारी या निजी संस्थान से कोई व्यावसायिक पाठ्यक्रम या स्नातक पाठ्यक्रम, 12वीं कक्षा में 7.5 सीजीपीए या कम से कम 75 प्रतिशत अंक प्राप्त हो। पारिवारिक वार्षिक आय 6 लाख रुपये से अधिक न हो।
अंतिम तिथि - 30 अक्टूबर, 2023
वेबसाइट - swamidaynand.org

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित)

विश्व एवं राष्ट्रीय डाक दिवस

जीवन को आसान और तेज बनाने में डाक विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका

भारतीय डाक विभाग समाज में कई मिसाल कायम करने का कार्य भी करता रहा है। यही कारण है कि हर वर्ष 10 अक्टूबर को राष्ट्रीय डाक दिवस के द्वारा भारतीय डाक विभाग की मजबूत भूमिका को उत्सव के रूप में मनाने के लिए इस दिवस को मनाया जाता है। राष्ट्रीय डाक दिवस, विश्व डाक दिवस का ही विस्तार है, जो 9 अक्टूबर को मनाया जाता है। बीते कई वर्षों में भारतीय डाक विभाग ने हमारे जीवन को आसान और तेज बनाया है। भले ही दूर होते हुए बहुत तेज तरीके से स्मार्टफोन, कम्प्यूटर ने लोगों के लिए एक-दूसरे से संपर्क करना आसान बना दिया है लेकिन कुछ साल पहले तक ऐसा नहीं था। देश के कई हिस्सों में अभी भी ऐसा नहीं है। वहीं कई लोग इतने साधन सम्पन्न भी नहीं हैं कि स्मार्टफोन, कम्प्यूटर इत्यादि का इस्तेमाल कर सकें। ऐसे में उनके लिए, पोस्ट भेजना कहीं अधिक सुलभ तरीका है।

विश्व डाक दिवस क्यों मनाया जाता है

1874 में बर्न में यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन (यूपीयू) की स्थापना की वर्षगांठ के अवसर पर हर वर्ष 9 अक्टूबर को विश्व डाक दिवस मनाया जाता है। 1969 में टोक्यो, जापान में आयोजित यूपीयू कांग्रेस ने इसे विश्व डाक दिवस घोषित किया था और तब से, डाक सेवाओं के महत्व को उजागर करने के लिए दुनियाभर में इसे मनाया जाता है। विश्व डाक दिवस का उद्देश्य लोगों के जीवन और व्यवसायों में डाक क्षेत्र की भूमिका और देशों के सामाजिक-आर्थिक विकास में इसके योगदान के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना है। यह उत्सव सदस्य देशों को डाक सेवाओं की भूमिका के बारे में व्यापक जागरूकता पैदा करने के लिए गतिविधियां शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करता है। यूपीयू (संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी) में भारत सहित 192 सदस्य देश हैं।

भारतीय डाक सेवा का इतिहास

इस विशाल डाक नेटवर्क की उत्पत्ति 1727 में हुई थी, जब पहला डाकघर स्थापित किया गया। इसके बाद, 1774 में कोलकाता के तत्कालीन तीन प्रेसीडेंसी-नगरों, 1786 में चेन्नई और 1793 में मुंबई में जनरल पोस्ट ऑफिस (जीपीओ) स्थापित किए गए थे। डाक संचालन में एकरूपता लाने के लिए 1837 का भारतीय डाकघर अधिनियम बनाया गया था। इस अधिनियम के बाद 1854 का अधिक व्यापक भारतीय डाकघर अधिनियम आया, जिसने देश में आधुनिक डाक प्रणाली की नींव रखी। उसी वर्ष, रेलवे मेल सेवा शुरू की गई, और मेल सेवा भारत से ग्रेट ब्रिटेन और चीन तक शुरू की गई।

डाक सेवा से मिलने वाली अन्य सुविधाएं

- डाकघर बचत बैंक, जमा खाते, खाते में तत्काल भुगतान की सुविधा (इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक), एटीएम, ई-बैंकिंग, मनरेगा मजदूरी भुगतान, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली।
- डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा, फसल बीमा, स्वास्थ्य, दुर्घटना और सामान्य बीमा।
- आम जनता के लिए ई-सेवाओं का प्रावधान, विविध बिल संग्रह और भुगतान गतिविधियां, सरकारी विभागों और निजी क्षेत्र को सूचना का प्रावधान और दस्तावेजों, प्रमाणपत्रों, आवेदन प्रपत्रों (300 से अधिक सेवाओं) की सुविधा, सभी वाणिज्यिक आधार पर।
- कई सरकारी सेवाएं जैसे आधार सेवाएं, किसान विकास पत्र, सुकन्या समृद्धि खाते, जीवन प्रमाण, राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र, जन सुरक्षा योजनाएं शामिल हैं।
- स्कूली बच्चों के कल्याण को बढ़ावा देने और डाक टिकट संग्रह की पहुंच बढ़ाने के लिए भारत सरकार द्वारा 2017 में एक अखिल भारतीय छात्रवृत्ति कार्यक्रम शुरू किया गया था।
- डाक विभाग और विदेश मंत्रालय द्वारा बड़े पैमाने पर नागरिकों को पासपोर्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए पासपोर्ट सेवा केंद्रों के रूप में डाकघरों के नेटवर्क का लाभ उठाने के लिए सहमत होने के बाद यह सेवा शुरू हुई।

150 वर्षों से निरंतर कार्यरत

करीब 150 से भी अधिक वर्षों से, डाक विभाग देश की रीढ़ बनकर काम कर रहा है। इसने संचार का प्रमुख साधन बनकर देश में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सामाजिक और आर्थिक विकास को लेकर यह कई मायनों में भारतीय नागरिकों के जीवन को छूता है। इसके प्रमुख कार्य मेल डिलीवर करना, लघु बचत योजनाओं के तहत जमा स्वीकार करना, डाक जीवन बीमा और ग्रामीण डाक जीवन बीमा के तहत जीवन बीमा कवर प्रदान करना, बिल जैसी रिटेल सेवाएं प्रदान करना और संग्रह, प्रपत्रों की बिक्री इत्यादि करना है। भारतीय डाक विभाग भी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना वेतन वितरण और वृद्धावस्था पेंशन भुगतान जैसे नागरिकों के लिए अन्य सेवाओं के निर्वहन में भारत सरकार के लिए एक एजेंट के रूप में कार्य करता है।

भारत में पिन कोड प्रणाली

भारतीय डाक विभाग अपनी डाक सेवाओं में प्राथमिक घटक के रूप में एक पिन कोड का इस्तेमाल करता है जो डाक सूचकांक संख्या के लिए यूज किया जाता है। इसकी शुरुआत कब और कैसे हुई यह जानना भी दिलचस्प है। दरअसल, भारतीय डाक विभाग की पिन प्रणाली केंद्रीय संचार मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव श्रीराम भीकाजी वेलणकर की देन है। उन्होंने 15 अगस्त 1972 को 6-अंकीय पिन प्रणाली प्रस्तुत की थी। पिन का पहला अंक क्षेत्र को दर्शाता है, दूसरा अंक उप-क्षेत्र को दर्शाता है और तीसरा अंक जिले को दर्शाता है। बाकी अंतिम तीन पिन अंक डाकघर के कोड को प्रदर्शित करते हैं जिसके तहत संबंधित पत्र अपने पते पर पहुंच जाता है।

- हितेश शर्मा
(लेखक समसामयिक विषयों पर लेखन करते हैं।)

प्रदेश का सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम, स्टार्टअप और क्लस्टर विकास इको सिस्टम देश में बेहतर

भोपाल, भारत सरकार के एमएसएमई सचिव श्री एस.सी.एल. दास ने मध्यप्रदेश के सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम, स्टार्टअप और कलस्टर विकास के इको सिस्टम की तारीफ की। उन्होंने अपेक्षा की है कि मध्यप्रदेश पी.एम. विश्वकर्मा और महिला उद्यमी योजनाओं में भी लक्ष्य पूर्ति में अग्रणी भूमिका निभाएगा।

बैठक में सचिव श्री दास ने मध्यप्रदेश के 11 कलस्टर के लिए केंद्र सरकार के अंश की शीघ्र पूर्ति करने और हथकरघा तथा हैण्डलूम के लिए भी राज्य की मांग के अनुरूप राशि उपलब्ध कराने के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने भारत सरकार की छोटे उद्यम और उद्यमियों को वित्त उपलब्ध करवाने के लिए सिडबी तथा लीड बैंक को राज्य शासन के साथ पूर्ण सहयोग करने के लिए कहा। श्री दास ने कहा कि छोटे उद्योगों के साथ स्टार्टअप और हैण्डलूम तथा हथकरघा में महिला उद्यमियों पर विशेष ध्यान दिया जाए।

भारत सरकार के एमएसएमआई सचिव ने कहा कि मध्यप्रदेश ने एमएसएमई, में शानदार काम किया और यह रोज़गार सृजन के बड़े काम में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि पी.एम. विश्वकर्मा योजना में भी पंजीयन बढ़ाया जाए और राज्य इस योजना में अग्रणी भूमिका निभाकर देश का नेतृत्व करे। श्री दास ने मध्यप्रदेश की मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना और महिला स्टार्टअप के साथ हैण्डलूम योजनाओं में काफी रुचि दिखाई।

एम.पी.पी.एस.सी. परीक्षा में पूछे जाने वाले निर्वाचन आयोग से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

प्र. 1 भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के तहत निर्वाचन आयोग का प्रावधान किया गया है?
(अ) अनुच्छेद 123
(ब) अनुच्छेद 322
(स) अनुच्छेद 323
(द) अनुच्छेद 324
उत्तर- (द)

प्र. 2 भारतीय संविधान के किस भाग में निर्वाचन आयोग की व्यवस्था की गई है?
(अ) भाग 17 (ब) भाग 15
(स) भाग 14 (द) भाग 20
उत्तर- (ब)

प्र. 3 भारतीय संविधान के किन अनुच्छेदों के तहत निर्वाचन आयोग की व्यवस्था की गई है?
(अ) अनुच्छेद 301-307
(ब) अनुच्छेद 343-351
(स) अनुच्छेद 324-329
(द) अनुच्छेद 148-151
उत्तर- (स)

प्र. 4 भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति कौन करता है?
(अ) लोकसभा
(ब) प्रधानमंत्री
(स) राष्ट्रपति
(द) मुख्य न्यायाधीश
उत्तर- (स)

प्र. 5 निर्वाचन आयुक्त को हटाया जा सकता है?
(अ) मुख्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा
(ब) मुख्य निर्वाचन आयुक्त के परामर्श से प्रधानमंत्री द्वारा
(स) मुख्य निर्वाचन आयुक्त के परामर्श पर राष्ट्रपति द्वारा
(द) भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा
उत्तर- (स)

प्र. 6 मुख्य चुनाव आयुक्त को पदच्युत किया जा सकता है?
(अ) लोकसभा के सदस्यों के बहुमत से
(ब) उस प्रक्रिया द्वारा जो सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों द्वारा लागू होती है
(स) भारत के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श से मंत्रिपरिषद द्वारा
(द) प्रधानमंत्री द्वारा
उत्तर- (ब)

प्र. 7 भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त का पद समकक्ष होता है?
(अ) भारत के मुख्य न्यायाधीश के
(ब) किसी राज्य के राज्यपाल के
(स) लोकसभा के अध्यक्ष के
(द) सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के
उत्तर- (द)

प्र. 8 भारत में राजनीतिक दलों को मान्यता इनमें से कौन प्रदान करता है?
(अ) भारत का राष्ट्रपति
(ब) भारत का निर्वाचन आयोग
(स) विधि एवं न्याय मंत्रालय
(द) लोकसभा का अध्यक्ष
उत्तर- (ब)

प्र. 9 राष्ट्रपति का चुनाव इनमें से किसके द्वारा संचालित कराया जाता है?
(अ) लोकसभा का स्पीकर
(ब) प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा
(स) निर्वाचन आयोग
(द) संसदीय कार्य मंत्री द्वारा
उत्तर- (स)

प्र. 10 आम चुनाव की अधिसूचना कौन जारी करता है?
(अ) निर्वाचन आयोग
(ब) राष्ट्रपति
(स) लोकसभा अध्यक्ष
(द) मंत्रिमंडल
उत्तर- (ब)

प्र. 11 निम्न में से किसका संबंध चुनाव आयोग से नहीं है?
(अ) चुनाव की अधिसूचना जारी करना
(ब) चुनाव चिन्ह का बंटवारा करना
(स) चुनाव की वैधता का निपटारा करना
(द) चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करना
उत्तर- (अ)

प्र. 12 भारत में विविध निर्वाचनों के लिए निम्नलिखित में से कौन सी निर्वाचन प्रणालियां स्वीकार की गई हैं?
(अ) वयस्क मताधिकार के आधार पर प्रत्यक्ष निर्वाचन प्रणाली
(ब) एकल संक्रमणीय मत के द्वारा आनुपातिक प्रतिनिधि की प्रणाली
(स) आनुपातिक प्रतिनिधि की सूची प्रणाली
(द) अप्रत्यक्ष निर्वाचन की संचयी मतदान प्रणाली
उत्तर- (अ) और (ब)

प्र. 13 संसद सदस्य की अयोग्यता संबंधी विवाद पर कौन निर्णय देता है?
(अ) राष्ट्रपति
(ब) संबंधित संसद
(स) निर्वाचन आयोग
(द) निर्वाचन आयोग के परामर्श से राष्ट्रपति
उत्तर- (द)

प्र. 14 भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद लोकसभा एवं विधानसभा के प्रतिनिधियों को निर्वाचित करने अर्थात वयस्क मताधिकार का अधिकार प्रदान करता है?
(अ) अनुच्छेद 324
(ब) अनुच्छेद 325
(स) अनुच्छेद 326
(द) अनुच्छेद 327
उत्तर- (स)

प्र. 15 संविधान के किस अनुच्छेद द्वारा वयस्क मताधिकार को मान्यता दी गई है?
(अ) अनुच्छेद 324
(ब) अनुच्छेद 325
(स) अनुच्छेद 326
(द) अनुच्छेद 329
उत्तर- (स)

प्र. 16 सांसदों की अयोग्यता के विवाद का निर्णय करते समय राष्ट्रपति किसके परामर्श से कार्य करेगा?
(अ) भारत के मुख्य न्यायाधीश
(ब) भारत के महान्यायवादी
(स) लोकसभा के अध्यक्ष
(द) भारत के निर्वाचन आयोग
उत्तर- (द)

प्र. 17 दिनेश गोस्वामी समिति का संबंध था?
(अ) बैंकों के राष्ट्रीयकरण की समाप्ति से
(ब) निर्वाचन सुधारों से
(स) चकमा समस्या से
(द) भू-सुधारों से
उत्तर- (ब)

प्र. 18 चुनाव आयोग 'तीन' सदस्यीय आयोग किस वर्ष बना?
(अ) 1982 (ब) 1988
(स) 1989 (द) 1990
उत्तर- (स)

प्र. 19 राष्ट्रीय मतदाता दिवस कब मनाया जाता है ?
(अ) 5 जून (ब) 12 जनवरी
(स) 25 जनवरी (द) 8 मार्च
उत्तर- (स)

प्र. 20 राज्य निर्वाचन आयोग इनमें से क्या है?
(अ) एक संवैधानिक निकाय
(ब) एक सांविधिक निकाय
(स) एक कानूनी निकाय
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (अ)

प्र. 21 वर्तमान में निर्वाचन आयोग कितने सदस्यीय निकाय है?
(अ) तीन सदस्यीय
(ब) दो सदस्यीय
(स) पांच सदस्यीय
(द) एक सदस्यीय
उत्तर- (अ)

प्र. 22 निर्वाचन आयोग इनमें से किसके निर्वाचन का संचालन, अधीक्षण निर्देशन एवं नियंत्रण करता है?
(अ) संसद सदस्य एवं राष्ट्रपति
(ब) विधानमंडल के सभी निर्वाचन
(स) उपराष्ट्रपति
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर- (द)

प्र. 23 पंचायतों व नगरीय निकायों के चुनाव का संचालन इनमें से किसके माध्यम से कराया जाता है?
(अ) केंद्रीय निर्वाचन आयोग
(ब) राज्य निर्वाचन आयोग
(स) विधान सभा
(द) जिला योजना समिति
उत्तर- (ब)

प्र. 24 निर्वाचन आयोग के गठन के समय यह कितने सदस्यीय निकाय था?
(अ) 1 (ब) 5
(स) 2 (द) 3
उत्तर- (अ)

प्र. 25 चुनाव आयोग का गठन इनमें से किस तिथि को किया गया है?
(अ) 26 जनवरी 1950
(ब) 26 नवम्बर 1949
(स) 25 जनवरी 1950
(द) 15 अगस्त 1950
उत्तर- (स)

प्र. 26 राज्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति इनमें से किसके द्वारा की जाती है?
(अ) विधानमंडल
(ब) संसद
(स) मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत
(द) राज्यपाल
उत्तर- (द)

प्र. 27 राज्य निर्वाचन आयोग की स्थापना राज्यपाल इनमें से किस अनुच्छेद के तहत करता है?
(अ) 243 क (ब) 243 ख
(स) 243 ज (द) 243 ट
उत्तर- (द)

प्र. 28 भारत की एक मात्र महिला मुख्य निर्वाचन आयुक्त (कार्यवाहक) इनमें से कौन थी?
(अ) सरला ग्रेवाल
(ब) फतिमा बीवी
(स) नीला सत्यनारायण
(द) वी.एस. रमा देवी
उत्तर- (द)

प्र. 29 मध्यप्रदेश निर्वाचन आयोग निम्न चुनाव का संचालन करता है?
(अ) विधानसभा
(ब) केवल नगरीय निकाय
(स) विधानसभा-लोकसभा
(द) नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत
उत्तर- (द)

प्र. 30 इनमें से कौन भारत के पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त थे?
(अ) जे. एस. लिगंदोह
(ब) एम. एस. गिल
(स) टी. एन. शेषन
(द) सुकुमार सेन
उत्तर- (द)

प्र. 31 जब कभी विधानसभा की कोई सीट रिक्त होती है तो उस पर उपचुनाव कराना किसके अधिकार क्षेत्र में आता है?
(अ) भारतीय निर्वाचन आयोग
(ब) राज्य निर्वाचन आयोग
(स) राज्यपाल
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (अ)

प्र. 32 विधानसभा और विधान परिषद के लिए चुनाव की अधिसूचना इनमें से कौन जारी करता है?
(अ) राज्यपाल
(ब) निर्वाचन आयोग भारत सरकार
(स) राष्ट्रपति
(द) राज्य निर्वाचन आयोग
उत्तर- (अ)

प्र. 33 निम्न में से कौन-सा चुनाव निर्वाचन आयोग भारत सरकार द्वारा संपादित नहीं किया जाता है?
(अ) लोकसभा का
(ब) राज्यसभा का
(स) स्थानीय निकायों का
(द) राष्ट्रपति का
उत्तर- (स)

प्र. 34 भारत के निर्वाचन आयोग के निम्नलिखित में से कौन-से कार्य हैं?
(अ) लोकसभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष तथा राज्यपाल के सभापति के लिए पदों के लिए निर्वाचन कराना
(ब) नगर पालिका एवं नगर निगमों के लिए निर्वाचन कराना
(स) निर्वाचन से उत्पन्न सभी संदेहों और विवाद का निर्णयन
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (द)

प्र. 35 न्यायालय द्वारा अपराधी घोषित किए गए व्यक्ति को चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य करार देने का निर्णय किया गया है?
(अ) भारत सरकार द्वारा
(ब) राज्यपाल द्वारा
(स) निर्वाचन आयोग द्वारा
(द) संसद द्वारा
उत्तर- (द)

प्र. 36 भारत के विभिन्न राजनीतिक दलों को राष्ट्रीय या क्षेत्रीय दल का दर्जा देने का अधिकार किसको है?
(अ) संसद
(ब) राष्ट्रपति
(स) चुनाव आयोग
(द) सर्वोच्च न्यायालय
उत्तर- (स)

प्र. 37 प्रादेशिक निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है?
(अ) राष्ट्रपति
(ब) संसद
(स) चुनाव आयोग
(द) राज्य चुनाव आयोग
उत्तर- (अ)

प्र. 38 प्रादेशिक निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति किसकी सलाह पर करता है?
(अ) राज्यपाल
(ब) मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत सरकार
(स) मंत्रिपरिषद
(द) संसदीय कार्य मंत्री
उत्तर- (ब)

प्र. 39 भारतीय निर्वाचन आयोग ने पहली बार दो अतिरिक्त आयुक्तों की नियुक्ति की गई?
(अ) अक्टू. 1995
(ब) अक्टू. 1993
(स) अक्टू. 1990
(द) अक्टू. 1989
उत्तर- (द)

प्र. 40 भारत में सर्वप्रथम ई.वी.एम. का प्रयोग कब किया गया?
(अ) 1982 केरल
(ब) 1985 तमिलनाडु
(स) 1982 कर्नाटका
(द) 1998 आंध्र प्रदेश
उत्तर- (अ)

प्र. 41 म.प्र. के प्रथम राज्य निर्वाचन आयुक्त कौन थे/थी?
(अ) सुकुमार सेन
(ब) एन.बी. लोहानी
(स) पी.वी. दीक्षित
(द) सरला ग्रेवाल
उत्तर- (ब)

प्र. 42 राज्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति कौन करता है?
(अ) राज्यपाल
(ब) विधानमंडल
(स) मुख्य निर्वाचन आयुक्त
(द) संसद
उत्तर- (अ)

प्र. 43 मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग का गठन इनमें से किस तिथि को किया गया?
(अ) जनवरी 1994
(ब) फरवरी 1994
(स) अप्रैल 1994
(द) जुलाई 1994
उत्तर- (ब)

प्र. 44 इनमें से कौन मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त नहीं रहे हैं?
(अ) एन.बी. लोहानी
(ब) अजीत रायजादा
(स) गोपाल शरण शुक्ल
(द) अंटोनी डिसा
उत्तर- (द)

प्र. 45 मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग का गठन संविधान के किस अनुच्छेद के तहत हुआ है?
(अ) 243 (क) (ब) 243 (ख)
(स) 243 (ज) (द) 243 (ट)
उत्तर- (द)

प्र. 46 मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग का मुख्यालय कहां है?
(अ) इंदौर (ब) भोपाल
(स) जबलपुर (द) ग्वालियर
उत्तर- (ब)

प्र. 47 मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त का कार्यकाल कब तक होता है?
(अ) 6 वर्ष (ब) 3 वर्ष
(स) 5 वर्ष (द) 1 वर्ष
उत्तर- (अ)
उत्तर- (द)

- इमरतलाल खरते
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को स्थापित करने में लाभकारी बनी पीएम-एफएमई योजना

मध्यप्रदेश कृषि बाहुल्य प्रदेश है। यहां की लगभग तीन चौथाई जनसंख्या कृषि और कृषि से संबद्ध व्यवसायों के माध्यम से रोज़गार और स्वरोज़गार प्राप्त कर रही है। प्रदेश उद्यानिकी फसलों के उत्पादन में देश में अग्रणी है। प्रदेश में उद्यानिकी फसलों के प्रसंस्करण के उद्योग की असीम संभावनाएं हैं। खाद्य प्रसंस्करण के उद्योग में 74 प्रतिशत उद्योग असंगठित क्षेत्र में है, जिसमें लगभग 66 प्रतिशत इकाइयां ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित हैं।

योजना अंतर्गत असंगठित क्षेत्र में कार्यरत् व्यक्तिगत सूक्ष्म, खाद्य, प्रसंस्करण उद्योगों के फॉर्मलाइजेशन को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ किसान उत्पादक संगठनों, स्वयं सहायता समूहों एवं उत्पादक सहकारी समितियों को उनकी संपूर्ण मूल्य श्रृंखला के लिए सहायता प्रदान की जा रही है। क्योंकि यह उद्योग असंगठित है इसलिए इन सूक्ष्म, खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को आधुनिक तकनीक एवं उपकरणों तक पहुंच, संस्थागत ऋण की जानकारी का अभाव तथा पहुंच का ना होना, उत्पादों की गुणवत्ता हेतु आवश्यक जागरूकता की कमी, ब्रांडिंग तथा विपणन कौशल की कमी आदि कई तरह की बाधाओं का सामना करना पड़ता है, ऐसे में संपूर्ण जानकारी ,सहयोग ,पैकेजिंग ब्रांडिंग में मदद की आवश्यकता को महसूस किया गया।

अतः उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने एवं सूक्ष्म उद्यमियों को स्थापित करने के लिए मध्यप्रदेश शासन द्वारा केंद्र शासन के सहयोग से प्रधानमंत्री सूक्ष्म, खाद्य उन्नयन (पीएम एफएमई) योजना के अंतर्गत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को कौशल विकास, उद्यमशीलता प्रौद्योगिकी क्रेडिट एवं विपणन तथा संपूर्ण मूल्य श्रृंखला के लिए सघन सहायता प्रदान की जा रही है।

योजना का उद्देश्य

सूक्ष्म खाद्य उद्योगों की क्षमता निर्माण करना। मौजूदा सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों, स्व-सहायता समूहों एवं सहकारिता द्वारा क्रेडिट के लिए पहुंच क्षमता बढ़ाने में सक्षम करना। ब्रांडिंग और विपणन को मजबूत बनाकर संगठित आपूर्ति श्रृंखला के साथ एकीकरण की क्षमता विकसित करना। मौजूदा उद्यमों का औपचारिक फ्रेमवर्क में अंतरण करने के लिए सहायता देना। साझा सेवाओं जैसे साझा प्रसंस्करण सुविधा, प्रयोगशालाओं, भंडारण, पैकिंग, विपणन और इनक्यूबेशन सेवाओं तक पहुंच बढ़ाना। खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं को अनुसंधान एवं ट्रेनिंग की मजबूती। व्यावसायिक एवं तकनीकी सहायता के लिए उद्यमियों के लिए पहुंच में वृद्धि। उद्यमियों एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं को योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान करना।

मध्यप्रदेश सरकार का उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग किसानों और युवाओं को इस योजना से जोड़कर गांवों और छोटे कस्बों में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों का जाल बिछा रहा है। अगस्त 2023 तक प्रदेश में इस योजना के अंतर्गत 2300 से अधिक सूक्ष्म, खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लोन स्वीकृत हो चुके हैं और यह सिलसिला लगातार जारी है।

क्या लाभ दिया जा रहा है योजना में

पीएम एफएमई योजना के तहत व्यक्तिगत और समूह श्रेणी के सूक्ष्म, खाद्य उद्योगों की स्थापना के लिए प्रत्येक प्रकरण को 35 प्रतिशत क्रेडिट लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी दी जाती है। उद्योगों से जुड़े स्व-सहायता समूहों को कार्यशील पूंजी और छोटे उपकरण क्रय करने के लिए प्रति सदस्य 40 हजार रुपए तक की सीड कैपिटल राशि के साथ अधिकतम 4 लाख रुपए तक की राशि प्रति समूह योजना अंतर्गत दी जा रही है।

कॉमन इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण घटक में एफपीओ, स्व-सहायता समूह, सहकारी समितियों एवं सहकारी एजेंसियों को अधिकतम 3 करोड़ रुपए के साथ 35 प्रतिशत क्रेडिट लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी देने का प्रावधान योजना में किया गया है।

स्थानीय स्तर पर मदद

योजना के तहत खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं उत्पाद विशिष्ट कौशल की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए उद्यमिता विकास कौशल प्रशिक्षण की सुविधा है। जमीनी स्तर पर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स पर्सन (डीआरपी) नियुक्त हैं, जो उद्यमियों को योजना से जोड़ते हैं, उन्हें विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने में, डीपीआर बनाने में उनकी सहायता करते हैं। इस तरह युवाओं, किसानों, महिलाओं स्व-सहायता समूह एवं एफपीओ को इस योजना से जोड़कर खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में रोज़गार निर्मित किए जा रहे हैं। उद्योग की स्थापना के साथ रोज़गार सृजन का कार्य भी किया जा रहा है। आत्मनिर्भर अभियान के तहत किए जा रहे इस प्रयास में योजना का लाभ लेकर कई व्यक्तिगत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम आत्मनिर्भर हुए हैं। साथ ही क्षेत्र के लोगों को रोज़गार भी प्राप्त हो रहा है। इस बदलाव की कई सफलताएं धरातल पर दिखाई देने लगी है जो आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश निर्माण की संभावनाओं को प्रबल करती है।

क्या हैं चुनौतियां

- सीमित कौशल के कारण उत्पादकता एवं नव प्रवर्तन तथा उत्पादन और पैकिंग के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी तथा मशीनरी तक पहुंच का अभाव।
- अच्छी हाइजैनिक एवं विनिर्माण प्रथाओं के संबंध में मूल जागरूकता के अभाव में दोषपूर्ण गुणवत्ता एवं खाद्य संरक्षण नियंत्रण प्रणालियां।
- ब्रांडिंग और विपणन दक्षताओं का अभाव तथा आपूर्ति श्रृंखलाओं इत्यादि के साथ एकीकरण की अक्षमता।
- पूंजी की कमी तथा कम बैंक क्रेडिट।

- देवेन्द्र गोरे

(लेखक सम-सामयिक विषयों पर लेखन करते हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रश्नोत्तर - हिन्दी

1. इनमें से रस सूत्र किस आचार्य ने दिया है?
अ. मम्मट ब. भट्टलोल्लट
स. भट्टनायक द. भरत मुनि
उत्तर- द. भरत मुनि

2. शंकुक ने रस सूत्र में संयोग का अर्थ क्या माना है?
अ. उत्पत्ति ब. मुक्ति
स. अभिव्यक्ति द. अनुमिति
उत्तर- द. अनुमिति

3. अभिनव गुप्त का रस निष्पत्ति संबंधी मत किस दार्शनिक मत पर आधारित है?
अ. शैव दर्शन ब. सांख्य दर्शन
स. न्याय दर्शन द. वेदान्त दर्शन
उत्तर- अ. शैव दर्शन

4. श्रृंगार रस का स्थायी भाव है?
अ. निर्वेद ब. रति
स. क्रोध द. शोक
उत्तर- ब. रति

5. 'रसराज' की संज्ञा किस रस को दी गई है?
अ. करूण ब. वात्सल्य
स. श्रृंगार द. रौद्र
उत्तर- स. श्रृंगार

6. आलम्बन की चेष्टाओं को क्या कहा जाता है?
अ. भाव ब. अनुभाव
स. उद्दीपन द. संचारी
उत्तर- स. उद्दीपन

7. आश्रय की चेष्टाएं इनमें से किस वर्ग के अन्तर्गत आती हैं?
अ. अनुभाव ब. विभाव
स. उद्दीपन द. स्थायी भाव
उत्तर- अ. अनुभाव

8. सात्विक अनुभावों की संख्या कितनी मानी गई है?
अ. आठ ब. दस
स. चार द. तैंतीस
उत्तर- अ. आठ

9. संचारी भावों की संख्या कितनी होती है?
अ. दस ब. नौ
स. तैंतीस द. पच्चीस
उत्तर- स. तैंतीस

10. इनमें से कौनसा अनुभाव के अन्तर्गत नहीं आता है?
अ. स्वेद ब. ग्लानि
स. रोमांच द. अश्रु
उत्तर- ब. ग्लानि

11. इनमें से संचारी भाव कौनसा है?
अ. अपस्मार ब. अवहित्था
स. ब्रीड़ा द. उपर्युक्त सभी
उत्तर- द. उपर्युक्त सभी

12. 'असूया' इनमें से किस वर्ग में आएगा?
अ. विभाव ब. अनुभाव
स. संचारी भाव द. स्थायी भाव
उत्तर- स. संचारी भाव

13. व्यंजनाशब्द शक्ति का संबंध किससे होता है?
अ. मुख्यार्थ ब. वाच्यार्थ
स. लक्ष्यार्थ द. व्यंग्यार्थ
उत्तर- द. व्यंग्यार्थ

14. रूढ़ी अथवा प्रयोजन के आधार पर किस शब्द शक्ति में अर्थ ग्रहण किया जाता है?
अ. अभिधा ब. लक्षणा
स. व्यंजना द. कोई नहीं
उत्तर- ब. लक्षणा

15. किस शब्दशक्ति में अर्थ ध्वनित होता है?
अ. अभिधा ब. लक्षणा
स. व्यंजना द. तात्पर्या
उत्तर- स. व्यंजना

16. ''जब सिंह तलवार लेकर उतरा तो गीदड़ भाग गए'' इस वाक्य में कौनसी शब्दशक्ति है?
अ. अभिधा
ब. लक्षणा
स. व्यंजना
द. इनमें से कोई नहीं
उत्तर- ब. लक्षणा

17. ''घर गंगा में है'' इस वाक्य में कौनसी शब्दशक्ति है?
अ. लक्षणा ब. व्यंजना
स. अभिधा द. तात्पर्या
उत्तर- ब. व्यंजना

18. 'उदित उदयगिरि मंच पर रघुवर बाल पतंग' में कौन सी शब्द शक्ति है?
अ. साहयवसाना लक्षणा
ब. सारोपा लक्षणा
स. व्यंजना
द. अभिधा
उत्तर- ब. सारोपा लक्षणा

19. अलंकार सम्प्रदाय के प्रवर्तक का नाम है?
अ. केशव ब. जयदेव
स. भामह द. कुन्तक
उत्तर- स. भामह

20. इनमें से कौन अलंकारवादी आचार्य नहीं है?
अ. केशव दास ब. जयदेव
स. भामह द. आनन्दवर्धन
उत्तर- द. आनन्दवर्धन

21. उपमेय में उपमान की संभावना होने पर कौनसा अलंकार होता है?
अ. उपमा ब. रूपक
स. उत्प्रेक्षा द. सन्देह
उत्तर- स. उत्प्रेक्षा अलंकार

22. कह रघुपति के चरित उदारा। कह मति मोर निरत संसारा। में कौनसा अलंकार है?
अ. प्रतिवस्तुवमा ब. उदाहरण
स. निदर्शना द. भ्रान्तिमान
उत्तर- स. निदर्शना

23. रीति सम्प्रदाय के प्रवर्तक इनमें से कौन थे?
अ. आचार्य वामन
ब. आचार्य कुन्तक
स. आचार्य अभिनव गुप्त
द. आचार्य भामह
उत्तर- अ. आचार्य वामन

24. 'रीति' के लिए 'मार्ग' शब्द का प्रयोग इनमें से किसने किया है?
अ. आचार्य कुन्तक
ब. आचार्य राजशेखर
स. आचार्य वामन
द. आचार्य दण्डी
उत्तर- द. आचार्य दण्डी

25. काव्य गुणों की संख्या कितनी है?
अ. 3 ब. 10
स. 5 द. 8
उत्तर- ब. 10

26. शांत रस को महत्व देते हुए किस आचार्य ने 'तत्वज्ञान' को उसका स्थाई भाव माना है?
अ. विश्वनाथ ब. मम्मट
स. अभिनव गुप्त द. भरत मुनि
उत्तर- स. अभिनव गुप्त

27. आचार्य कुन्तक ने वैदर्भी, गौड़ी, पांचाली को क्या नाम दिया है?
अ. अभिधा, लक्षणा, व्यंजना
ब. उत्तम, मध्यम, अधम
स. सुकुमार मार्ग, विचित्र मार्ग, मध्यम मार्ग
द. सत्, रज, तम
उत्तर- स. सुकुमार मार्ग, विचित्र मार्ग, मध्यम मार्ग

28. दृष्ट कूट पदों में कौनसा दोष पाया जाता है?
अ. अप्रतीतत्व दोष
ब. क्लिष्टत्व दोष
स. ग्राम्यत्व दोष
द. न्यूनपदत्व दोष
उत्तर- ब. क्लिष्टत्व दोष

29. लोक व्यवहार में प्रयुक्त न होने वाले शब्दों का काव्य में प्रयोग करने पर कौन सा दोष माना जाता है?
अ. अप्रतीतत्व दोष
ब. अश्लीलत्व दोष
स. अधिक पदत्व दोष
द. क्लिष्टत्व दोष
उत्तर- ब. अश्लीलत्व दोष

30. काव्य में अनावश्यक शब्दों का प्रयोग होने पर कौनसा दोष होता है?
अ. न्यूनपद दोष
ब. अधिक पदत्व दोष
स. अक्रमत्व दोष
द. दुष्क्रमत्व
उत्तर- ब. अधिक पदत्व दोष

31. कार्य और कारण में संगति न होने पर कौनसा अलंकार होता है?
अ. विभावना ब. निदर्शना
स. असंगति द. विशेषोक्ति
उत्तर- स. असंगति

32. कारण न होने पर भी यदि कार्य सम्पन्न हो रहा हो तो वहां कौनसा अलंकार माना जाता है?
अ. विभावना ब. विरोधाभास
स. प्रतीव द. व्यतिरेक
उत्तर- अ. विभावना

33. कारण सहित उपमेय का उत्कर्ष जहां दिखाया जाए वहां पर कौन सा अलंकार होता है?
अ. अतिश्योक्ति ब. उत्प्रेक्षा
स. प्रतीव द. व्यक्तिरेक
उत्तर- द. व्यक्तिरेक

34. कौनसा युग्म इनमें विपरीत लक्षण रखता है?
अ. उपमा-रूपक
ब. उपमा-प्रतीप
स. उपमा-उत्प्रेक्षा
द. उपमा-विरोधाभाष
उत्तर- ब. उपमा-प्रतीप

37. वीर रस प्रधान रचना में, कौन सा गुण प्रमुख होता है?
अ. ओज ब. प्रसाद
स. माधुर्य द. उपर्युक्त सभी
उत्तर- अ. ओज

- डॉ. राम मनोहर उपाध्याय

(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं।)

मध्यप्रदेश को देश के प्रथम तीन शीर्ष राज्यों में लायेंगे - प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने दिया है गरीब कल्याण पर विशेष ध्यान - मुख्यमंत्री

ग्वालियर, स्वच्छता में मध्यप्रदेश नंबर एक है। मध्यप्रदेश को विकास के क्षेत्र में भी टॉप पर लाने की गारंटी से अवगत कराते हुए यह बताना जरूरी है कि मध्यप्रदेश इस समय देश के 10 टॉप राज्यों में शामिल है। इसे प्रथम तीन शीर्ष राज्यों में लाएंगे। ये बातें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ग्वालियर के मेला ग्राउण्ड में जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने 19 हजार करोड़ रुपये लागत के अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।

श्री मोदी ने कहा कि आधुनिक अधोसंरचना और अच्छी कानून व्यवस्था से प्रत्येक क्षेत्र में विकास आसान हो जाता है। किसान हों या कारोबारी या फिर साधारण नागरिक सभी फलते-फूलते हैं। एक समय था जब मध्यप्रदेश विशेषकर ग्वालियर-चंबल अंचल क्राइम और करप्शन का शिकार था। लेकिन अब यहां जीवन सुगम हो रहा है। समृद्धि का मार्ग आसान हुआ है। सामाजिक क्षेत्र में भी अन्याय और अत्याचार के स्थान पर विकास की ललक देखने को मिल रही है। सरकार ने सामाजिक न्याय के साथ लोगों की समस्याओं को हल करने और उनकी सुनवाई के माध्यम मजबूत बनाए हैं। आज के युवाओं ने दुरावस्था का वह समय नहीं देखा, प्रगतिशील मध्यप्रदेश ही देखा है। ग्वालियर अंचल में अनेक कार्यों के साथ ही प्रदेश के विभिन्न स्थानों को 19 हजार करोड़ की सौगातें मिली हैं।

सपनों के अनुरूप मिल रहा मकान

श्री मोदी ने कहा कि केन्द्र सरकार ने प्रत्येक क्षेत्र में लोगों का कल्याण सुनिश्चित किया है। करीब चार करोड़ लोगों को अपना घर मिला है। मध्यप्रदेश में भी लाखों लोगों को अपने मकान का सपना पूरा करने का अवसर मिला है। आवास निर्माण में महत्वपूर्ण बात यह है कि हितग्राही को अपने सपनों के अनुरूप मकान बनाने का अवसर मिला है। जैसे-जैसे मकान के निर्माण का कार्य पूर्ण होता जाता है, हितग्राही के खाते में राशि डालने का कार्य भी होता है। इन मकानों के साथ टॉयलेट सुविधा, बिजली और उज्ज्वला गैस कनेक्शन एवं नल से जल का लाभ भी दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना में घरों की रजिस्ट्री ज्यादातर महिलाओं के नाम हो रही है। उम्मीद की जाना चाहिए कि इन घरों में आने के बाद सभी परिवार बच्चों को पढ़ाएंगे और उन्हें कौशल सिखाएंगे।

प्रधानमंत्री हैं जनता के हृदय सम्राट

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जनता के हृदय सम्राट हैं और दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं। श्रीमान मोदी जी का मध्यप्रदेश की धरती पर अभिनंदन है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था कि स्वच्छता में ईश्वर का वास होता है। आज मोदी जी गांधी जी के सपनों को साकार कर रहे हैं। इसके साथ ही आज शास्त्री जयंती भी है और शास्त्री जी ने देश में अन्न की कमी के दौर में सप्ताह में एक दिन व्रत का आह्वान नागरिकों से किया था। आज देश के अन्न भंडार भरे हैं। मध्यप्रदेश 22 लाख टन गेहूं के निर्यात करने वाला प्रदेश है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क, बिजली, पेयजल, सिंचाई के क्षेत्र में 20 वर्ष में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। प्रदेश के विकास को नई दिशा देने वाली 44 हजार करोड़ रुपये लागत की केन-बेतवा परियोजना मंजूर हुई है। प्रधानमंत्री जी ने गरीब कल्याण पर विशेष ध्यान दिया है। मध्यप्रदेश में आवास योजना में 35 लाख से अधिक मकान निर्मित किए गए हैं। प्रदेश में जरूरतमंदों को जमीन का पट्टा देकर मालिक बनाया जा रहा है।

मध्यप्रदेश के पहले बायोटेक्नोलॉजी पार्क का नीमच में शिलान्यास

नीमच, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नीमच जिले जावद क्षेत्र के सरवानिया महाराज में 50 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले प्रदेश के पहले बॉयोटेक्नोलॉजी पार्क की शिलान्यास किया। 153 करोड़ 37 लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया

मुख्यमंत्री ने 8 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय जावद के भवन का लोकार्पण भी किया। इसके साथ ही एक करोड़ 47 लाख रुपये के शासकीय कन्या उ.मा.वि. रतनगढ़, एक करोड़ 47 लाख रुपये के शा. हाईस्कूल सरोदा और 43 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र भवन गरवाड़ा का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जावद कृषि उपज मंडी को हाईटेक बनाया जाएगा। जावद नीमच माइक्रो एरिगेशन योजना जल्द ही मंजूर की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे चिंतित न हों, सोयाबीन फसल का सर्वे कराकर राहत राशि बांटी जाएगी।

श्री चौहान ने नीमच के साथ ही प्रदेश और देश पर माँ भादमामाता से कृपा और आशीर्वाद बनाए रखने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि भादवामाता के प्रताप से ही भादवामाता लोक बन रहा है, सब सुखी और निरोग हों, यही प्रार्थना है। भादवामाता की कृपा से मुझसे क्षेत्र का जो सबसे बड़ा काम हुआ है, वह है 3200 करोड़ रुपए लागत की नीमच-जावद सिंचाई योजना की स्वीकृति, इससे ढाई लाख एकड़ क्षेत्र में सिंचाई होगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि विकास और जन कल्याण के कार्यों के साथ-साथ आस्था और विश्वास और श्रद्धा के केंद्रों का उन्नयन और रख-रखाव भी राज्य सरकार का दायित्व है।

जावद में हुए हैं अनूठे कार्य

श्री चौहान ने मंत्री श्री सखलेचा द्वारा विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का व्यावहारिक ज्ञान देने के लिए की गई पहल, स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था, आंगनवाड़ियों के प्ले स्कूल के रूप में उन्नयन के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर स्कूल सुविधा उपलब्ध कराने और उन्हें पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। विद्यार्थियों के प्रोत्साहन के लिए शासकीय स्कूल के 5वीं से 6ठीं कक्षा में जाने वाले विद्यार्थी को साइकिल के लिए 4 हजार 500 रुपये और कक्षा 8वीं से 9वीं में जाने वाले विद्यार्थियों को भी 4 हजार 500 रुपये देने की व्यवस्था की गई है। विद्यार्थियों को कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वालों को लैपटॉप दिया जा रहा है।

सरकार के प्रयासों से बदली प्रदेश के किसानों की तकदीर

किसान देश और प्रदेश की आर्थिक और सामाजिक संरचना का मूल आधार हैं। वे कृषि कार्यों में लगे रहते हैं, जिससे हमें खाद्य और अन्य आवश्यक सामग्री मिलती है। फिर भी, किसानों की स्थिति आज भी चुनौतीपूर्ण है और उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। किसानों की प्रमुख समस्याओं में से एक है आय की असमानता। बढ़ती कृषि लागतों और मौसम परिवर्तन के कारण किसानों की आय में कमी हो रही है। वहीं दूसरी समस्या है छोटे किसानों के पास कृषि उपकरणों और प्रौद्योगिकी की कमी। बिना मॉडर्न और उन्नत उपकरणों के किसानों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और वे अधिक उत्पादन नहीं ले पाते। वहीं तीसरी समस्या है जलवायु परिवर्तन का प्रभाव। कम या अत्यधिक वर्षा के चलते उनकी फसलें नष्ट हो जाती हैं। किसानों की इन प्रमुख समस्याओं के समाधान और उन्हें आर्थिक सहायता पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह के नेतृत्व में राज्य सरकार विभिन्न योजनाएं चला रही है, ताकि खेती को लाभ का व्यवसाय बनाया जा सके। ऐसी ही एक योजना है मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना।

योजना का उद्देश्य

किसानों की आर्थिक सुरक्षा को मजबूत करने, उन्हें आपातकालीन परिस्थितियों, जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने, कृषि कार्यों में तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना शुरू की गई है। इस योजना को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में चल रही मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की तर्ज पर शुरू किया गया है। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत देश भर के किसानों को 2000-2000 रुपये की सालाना तीन किस्तों में 6000 रुपये दिए जाते हैं।

क्या लाभ मिलता है?

मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत प्रदेश के किसानों को 2000-2000 रुपये की तीन किस्तों में सालाना 6000 रुपये दिए जाते हैं। इसके साथ ही केंद्र सरकार की पीएम किसान सम्मान निधि योजना की तीन किस्तों के तहत 6000 रुपये भी प्रदेश के किसानों को मिलते हैं। इस तरह मध्यप्रदेश के किसानों को सालाना 12000 रुपये मिलते हैं। जब मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की शुरुआत की गई थी, तब एक साल में 4 हजार रुपये दिए जाते थे। लेकिन अब 6 हजार रुपये दिए जाने लगे हैं। अगस्त 2023 में सरकार ने मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-2024 से पात्र किसानों को 6 हजार रुपये का भुगतान करने को मंजूरी दी है। पूर्व में 1 अप्रैल से 31 अगस्त एवं 1 सितंबर से 31 मार्च की अवधि में 2 समान किस्तों में कुल 4 हजार रुपये का भुगतान किया जाता था। अब वित्तीय वर्ष 2023-2024 से 1 अप्रैल से 31 जुलाई, 1 अगस्त से 30 नवम्बर एवं 1 दिसंबर से 31 मार्च की अवधि में 3 समान किस्तों में कुल 6 हजार रुपये का भुगतान पात्र किसानों को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत किया जाएगा।

पात्रता

मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना का लाभ पीएम किसान योजना के पात्र सभी किसानों को दिया जा रहा है। निम्न स्थितियों के किसानों को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना का लाभ नहीं दिया जाता -

- भूतपूर्व और वर्तमान में संवैधानिक पदों पर पदस्थ।
- भूतपूर्व और वर्तमान में पदस्थ मंत्री, राज्य मंत्री, लोक सभा, राज्य सभा राज्य विधानसभा के पूर्व और वर्तमान सदस्य।
- भूतपूर्व और वर्तमान नगर निगम के महापौर, भूतपूर्व और वर्तमान जिला पंचायत के अध्यक्ष।
- केंद्रीय या राज्य सरकार के मंत्रालयों, कार्यालयों, विभागों और इसकी फील्ड इकाइयों के सेवारत या सेवानिवृत्त अधिकारी और कर्मचारी।
- केंद्रीय या राज्य सार्वजनिक उपक्रम और संलग्न कार्यालय, स्वायत्त संस्थान और सरकार के अधीन स्थानीय निकाय के नियमित कर्मचारी। मल्टी टास्किंग स्टाफ, चतुर्थ श्रेणी और समूह डी के कर्मचारियों को छोड़कर।
- सभी रिटायर्ड पेंशनर्स जिनकी मासिक पेंशन 10,000 रुपये या उससे अधिक है।
- अंतिम मूल्यांकन वर्ष में आयकर का भुगतान करने वाले सभी व्यक्ति।
- डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, चार्टर्ड अकाउंटेंट और आर्किटेक्ट जैसे पेशेवर निकायों के साथ पंजीकृत व्यक्ति या अभ्यासरत किसान को इस योजना का लाभ नहीं दिया जाता है।

किसानों के लिए प्रदेश सरकार की अन्य पहलें

- प्रदेश के किसानों को चना, मसूर, सरसों और ग्रीष्मकालीन मूंग के विक्रय से प्रति वर्ष 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक की अतिरिक्त आय हो रही है। इस वर्ष ग्रीष्मकालीन मूंग समर्थन मूल्य पर 7755 रुपये प्रति क्विंटल खरीदी गई। पहले किसान कम कीमत में मूंग बेचने को मजबूर थे, अब नहीं।
- राज्य सरकार ने किसानों के हित में प्रयास कर समर्थन मूल्य पर प्रतिदिन, प्रति किसान 25 क्विंटल गेहू उपार्जन की सीमा को खत्म कराया। साथ ही चना, मसूर और सरसों की प्रतिदिन उपार्जन की सीमा को 25 क्विंटल से बढ़ा कर 40 क्विंटल कराया। चने का उपार्जन 15 क्विंटल प्रति हेक्टेयर और सरसों का 13 क्विंटल प्रति हेक्टेयर से बढ़ा कर समान रूप से 20 क्विंटल प्रति हेक्टेयर किया गया।
- वर्तमान वित्तीय वर्ष में मण्डी बोर्ड ने उत्कृष्ट कार्य करते हुए सर्वाधिक 1681 करोड़ रुपये की आय अर्जित की है। प्रदेश की 14 मण्डियों को हाईटेक बनाया जा रहा है। प्रदेश की सभी 259 मंडियों में आवश्यकतानुसार अधोसंरचनात्मक विकास कार्य किये जा रहे हैं। देश में मध्यप्रदेश इकलौता ऐसा राज्य है, जिसने एण्ड्रायड बेस्ड एप्लीकेशन एमपी फार्म गेट एप से किसानों को अपने दाम पर, अपने घर, खलिहान एवं गोदाम से अपनी कृषि उपज को कहीं भी बेचने में सक्षम बनाया है। फार्म गेट एप का उपयोग कर 12 हजार 22 किसानों ने 50 लाख क्विंटल से अधिक कृषि उपज बेची है।
- किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिये किसानों का सच्चा साथी कमल सुविधा केन्द्र की स्थापना की गई है।
- प्रदेश में कृषि आधुनिकीकरण के नये आयाम स्थापित हुए हैं। प्राकृतिक खेती, जैविक खेती, फसल विविधीकरण के लिये किसानों को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। हजारों की संख्या में कृषि उत्पादक समूह (एफपीओ) गठित किये जा रहे हैं।
- प्रदेश के किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का अधिक से अधिक लाभ दिलाने के लिए सरकार ने क्रांतिकारी निर्णय लिये। अधिसूचित फसल क्षेत्र के 100 हेक्टेयर के मापदण्ड बदल कर 50 हेक्टेयर किया गया। वन ग्रामों, जिन किसानों को बीमा योजना का लाभ नहीं मिलता था, उन्हें लाभान्वित करने के लिये पटवारी हल्कों में शामिल करवाया।
- किसानों के हित में प्राकृतिक खेती प्रोत्साहन योजना, एक जिला-एक उत्पाद योजना, जीआई टैग के लिये राज्य योजना, फसल विविधीकरण प्रोत्साहन योजना, कृषि अधोसंरचना निधि संचालन योजना, निर्यात प्रोत्साहन योजना, राज्य मिलेट मिशन, एफपीओ गठन एवं संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री नरवाई प्रबंधन योजना और कौशल विकास प्रशिक्षण जैसी योजनाएं शुरू की गई हैं।
- राज्य सरकार ने कृषि एवं सहायक गतिविधियों के लिए पृथक से कृषि बजट का प्रावधान किया। वित्तीय वर्ष 2023-24 के कृषि बजट में 53 हजार 964 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। इसमें किसान-कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के लिये 16 हजार 996 करोड़ रुपये का प्रावधान है। कृषक उन्मुखी योजना "आत्मा'' का बजट दोगुना कर 2 हजार करोड़ 94 लाख रुपये किया गया है।
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पोर्टल पर लैण्ड रिकॉर्ड का इंटीग्रेशन करने पर भारत सरकार द्वारा वर्ष 2022 में एक्सीलेंस अवॉर्ड से प्रदेश को सम्मानित किया गया है।
- कृषि अधोसंरचना निधि (एआईएफ) के सर्वाधिक उपयोग हेतु बेस्ट परफार्मिंग स्टेट का राष्ट्रीय पुरस्कार और मिलेट मिशन योजना में बेस्ट इमर्जिंग स्टेट का पुरस्कार भी मिला है।
- गेहूं निर्यात के क्षेत्र में मध्यप्रदेश अव्वल स्थान पर है। दलहनी फसलों के उत्पादन में प्रदेश, देश में प्रथम, खाद्यान्न उत्पादन में द्वितीय एवं तिलहनी फसलों में तृतीय स्थान पर है। कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के गुड-गवर्नेंस इंडेक्स में मध्यप्रदेश का पूरे देश में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है।

- निशा त्यागी

(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं और समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं)

गिग इकोनॉमी में लगातार बढ़ रहे हैं कॅरियर के अवसर

'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिये 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। अच्छे कॅरियर के लिये जरूरी है कि युवा कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित हों और अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप अपने लिये उपयुक्त कॅरियर का निर्धारण करें। पिछले 40 वर्षों से नई पीढ़ी के लिये कॅरियर संबंधी विषयों पर नियमित लेखन कर रहे, डॉ. जयंतीलाल भंडारी युवाओं को कॅरियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुए आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दे रहे हैं।

कोविड-19 के बाद गिग इकोनॉमी देश और दुनिया के बाजार का एक खास हिस्सा बन गई है। गिग इकोनॉमी का मतलब है अनुबंध आधारित या अस्थायी रोज़गार (गिग वर्क) वाली अर्थव्यवस्था। वस्तुतः गिग अर्थव्यवस्था को एक ऐसी नई श्रम व्यवस्था के रूप में देखा जा रहा है, जो अनौपचारिक क्षेत्र में श्रम उपलब्ध कराने का माध्यम है। हाल के वर्षों में गिग इकोनॉमी एक महत्वपूर्ण आर्थिक घटना के रूप में उभरी है, जिसने लोगों के काम करने के तरीके में क्रांति ला दी है। गिग इकोनॉमी एक ऐसा श्रम बाजार है, जिसकी खासियत शॉर्टटर्म और फ्रीलांस कार्य व्यवस्था है। ऐसी इकोनॉमी में लोगों को अक्सर 'गिग लेबर' या 'स्वतंत्र वर्कर' के तौर पर जाना जाता है, जो प्रोजेक्ट-दर-प्रोजेक्ट आधार पर काम करते हैं या सेवाएं देते हैं।

गिग इकोनॉमी में रोज़गार का विस्तार

हाल ही में प्रकाशित नीति आयोग के आंकड़ों के अनुसार देश में करीब 44 करोड़ लोगों का श्रम बल है। इसमें 77 लाख गिग कर्मी हैं। ऐसे कर्मियों की संख्या तेजी से बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। इसका कारण यह है कि गिग कर्मियों की व्यवस्था फिलहाल केवल शहरी क्षेत्र में ही है और मुख्य रूप से ये सेवा क्षेत्र में सक्रिय हैं। मगर अब इनका दायरा बढ़ेगा तो गिगकर्मियों की संख्या में भी बढ़ोतरी होगी। लिहाजा गिग वर्कर श्रम बाजार में सकारात्मक बदलाव लाते हुए दिखाई दे सकेंगे। वस्तुतः गिग कार्य सरकारी नौकरी और वेतनभोगी नौकरियों की तुलना में किसी व्यक्ति के लिए कम आकर्षक विकल्प है तथा वेतनभोगी रोज़गार के आकर्षणों को देखते हुए इस तथ्य से इनकार भी नहीं किया जा सकता है, लेकिन देश में शहरी क्षेत्र में काम करने वाले 13.1 करोड़ लोगों में केवल 52 लाख ही वेतनभोगी कर्मचारी हैं।

व्हाइट कालर गिग वर्करों की बढ़ी मांग

नीति आयोग के आंकलन के अनुसार भारत में गिग वर्कर्स की संख्या 2030 तक बढ़कर 2.3 करोड़ के लगभग हो जाएगी। जहां गिग वर्कर को अभी तक कंस्ट्रक्शन, मैन्यूफेक्चरिंग, डिलिवरीज जैसे श्रम आधारित और कम योग्यता आधारित कार्यों से जोड़कर देखा जाता रहा है, वहीं अब गिग वर्किंग के मौके व्हाइट कॉलर जॉब यानी ऐसे कामों में भी बढ़ रहे हैं, जहां उच्च स्तर के कौशल और शिक्षा की जरूरत होती है। आई टैलेंट सॉल्यूशन प्रोवाइडर सीआईईएल ग्रुप की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक डिजिटल सेक्टर के कम से कम 55 फीसदी संस्थानों ने अपने काम के लिए गिग वर्कर नियुक्त किए हैं।

इसी तरह हालिया अध्ययन के मुताबिक साल 2021 में व्हाइट कॉलर गिग वर्करों की मांग में उससे पहले के वर्ष की तुलना में 240 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज हुई। ऐसे में कंपनियों के महत्वपूर्ण हाइपर लोकल और डिजिटल कामों के तहत बिजनेस डेवलपमेंट, ऑडिटिंग, टेलीकॉलिंग, कंटेंट और डेटा ऑपरेशन्स आदि टॉप के स्किल के रोजगार के रूप में उभरे हैं। माइक्रोसॉफ्ट एंड जिनोव के एक अध्ययन में भी पाया गया है कि इस समय 35 फीसदी से ज्यादा गिग वर्कर्स आईटी सेक्टर से हैं और अनुमान है कि आने वाले समय में हर एक आईटी कंपनी में हर तीन में से एक कर्मचारी गिग वर्कर होगा। गिग इकोनॉमी के तहत आईटी, रिक्रूटमेंट और स्टाफिंग, एजुकेशन और एडटेक जैसे क्षेत्रों में अवसर बढ़ रहे हैं।

मोबाइल फोन से संचालित गिग कार्य भारतीय श्रम बाजार के अनौपचारिक ढांचे में अच्छी तरह सुमेलित हो रहा है। मोबाइल फोन के जरिये रोज़गार देने वाले व्यक्ति या इकाइयों से आसानी से संपर्क हो जाता है। स्पष्ट है कि जिस किसी व्यक्ति के पास मोबाइल फोन है उसके लिए छोटे-बड़े प्रोजेक्ट पर अब काम करना एवं श्रम बाजार में भागीदारी दर्ज कराना आसान हो गया है। इसके साथ-साथ गिग वर्कर के लिए काम के अनुरूप शिक्षण-प्रशिक्षण जरूरी है। साथ ही धैर्य व परिश्रम का गुण भी जरूरी है। कोविड महामारी के दौरान लॉकडाउन में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दिया कि आर्थिक संकट को देखते हुए कई लोग गिग कार्यों का हिस्सा बन गए। लोग खाली न बैठकर सामान एक जगह से दूसरी जगह पहुंचा कर कुछ न कुछ कमाई करने लगे। इस तरह, ऐसा शहरी क्षेत्र में गिग कार्य के उदय से आर्थिक सुरक्षा में भी सुधार हुआ है।

गिग इकोनॉमी में कॅरियर के आयाम

गिग इकॉनॉमी में अलग-अलग तरह के युवाओं के लिए कॅरियर के अलग-अलग आयाम हैं। युवा अपनी शर्तों पर अपने टैलेंट का उपयोग कर अच्छे कॅरियर प्राप्त कर सकते हैं। इस समय गिग वर्किंग के तहत ऑपरेशन्स मर्चेडाइजिंग, मार्केट इंटेलिजेंस, कंज्यूमर इनसाइट, कंज्यूमर प्रोडक्ट टेस्टिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऑन डिमांड नॉलेज के क्षेत्रों में कॅरियर के अवसर बढ़े हैं। इसके साथ-साथ बिजनेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव्स, फील्ड सेल्स एग्जीक्यूटिव्स, डिलिवरी एग्जीक्यूटिव, डिजिटल प्रमोटर्स, ब्रांड प्रमोटर्स, ग्राफिक डिजाइनर, फोटोग्राफर्स, फ्रीलांस राइटर्स जैसे पदों के लिए भी कॅरियर के मौके बढ़े हैं।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि गिग इकॉनॉमी डिजिटल प्लेटफॉर्म और ऑनलाइन मार्केटप्लेस से संचालित होती है जो गिग वर्कर्स को खास तरह की सेवाओं की तलाश करने वाले कस्टमर्स से जोड़ती है। ये प्लेटफॉर्म बायर्स और सेलर्स के बीच ट्रांजैक्शन को सुविधाजनक बनाते हैं।

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि ट्रांसपोर्टेशन सेक्टर में, उबर जैसी राइड-हेलिंग कंपनियां लोगों को ड्राइवर के रूप में साइन अप करने और ऑन-डिमांड आधार पर यात्रियों को ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज प्रदान करने के लिए अपने स्वयं के व्हीकल्स का उपयोग करने के लिए भी देती हैं। इसी तरह, अपवर्क और फाइवर जैसे कई फ्रीलांस प्लेटफॉर्म बिजनेसेज और ग्राफिक डिजाइन, लेखन, प्रोग्रामिंग और दूसरे विभिन्न कार्यों के लिए टैलेंटेड प्रोफेशनल्स के लिए रोज़गार मुहैया कराने में मदद करते हैं।

गिग वर्किंग में कैसे प्रवेश करें

गिग वर्किंग में प्रवेश करना आसान है। आप अपनी रुचि, योग्यता व क्षमता के अनुरूप विभिन्न प्रकार के गिग वर्क में से किसी उपयुक्त का चयन करें। उससे संबंधित कोई डिप्लोमा व डिग्री प्राप्त करें। ये कोर्स ऑनलाइन भी किए जा सकते हैं।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी
(लेखक, कॅरियर मार्गदर्शन के लिए लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रतिष्ठित हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये सामान्य ज्ञान-खेल

1. **सेरेना विलियम्स ने ओलिंपिक खेलों में टेनिस में कितने स्वर्ण पदक जीते हैं?**
(अ) एक (ब) दो
(स) तीन (द) चार

2. **मैरी अर्प्स किस देश की दिग्गज महिला फुटबॉलर हैं?**
(अ) स्पेन (ब) स्वीडन
(स) इंग्लैंड (द) अमेरिका

3. **इनमें से किस देश ने अब तक फीफा फुटबॉल वर्ल्डकप नहीं जीता है?**
(अ) उरूग्वे (ब) अर्जेंटीना
(स) स्पेन (द) पुर्तगाल

4. **नीरज चोपड़ा के अलावा ओलिंपिक खेलों में भारत के लिए व्यक्तिगत वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी हैं?**
(अ) अभिनव बिंद्रा
(ब) गगन नारंग
(स) सुशील कुमार
(द) एमसी मैरीकॉम

5. **इस वर्ष वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में किस खिलाड़ी ने पुरुष वर्ग में 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता है?**
(अ) क्रिस्टियन कोलमैन
(ब) नोआल लायल्स
(स) फ्रेड केर्ले
(द) इनमें से कोई नहीं

6. **वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में दोहरा शतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज हैं?**
(अ) सचिन तेंदुलकर
(ब) क्रिस गेल
(स) मार्टिन गुप्टिल
(द) शाहिद अफरीदी

7. **फॉर्मूला-वन रेसर कार्लोस सेंज किस देश के कार रेसर हैं?**
(अ) मैक्सिको (ब) कनाडा
(स) ब्रिटेन (द) स्पेन

8. **इनमें से किस खिलाड़ी ने बैडमिंटन विश्व चैम्पियनशिप में सबसे ज्यादा स्वर्ण पदक जीते हैं?**
(अ) केंटो मोमोटा
(ब) ली चोंग वेई
(स) लिन डेन
(द) इनमें से कोई नहीं

9. **साडियो माने किस देश के लोकप्रिय अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉलर हैं?**
(अ) मिस्र (ब) सेनेगल
(स) नाइजीरिया (द) मोरोक्को

10. **भारत ने किस वर्ष पहली बार आईसीसी वन-डे क्रिकेट वर्ल्डकप जीता था?**
(अ) वर्ष 1983 (ब) वर्ष 2003
(स) वर्ष 2007 (द) वर्ष 2011

11. **इनमें से किस शहर में आईसीसी वन-डे क्रिकेट वर्ल्डकप-2023 का फाइनल खेला जाएगा?**
(अ) मुंबई (ब) अहमदाबाद
(स) बेंगलुरु (द) कोलकाता

12. **वर्ष 2022 में किस क्लब ने यूएफा चैम्पियंस लीग प्रतियोगिता जीती है?**
(अ) बायर्न म्युनिख
(ब) मैनचेस्टर यूनाईटेड
(स) रियल मैड्रिड
(द) बार्सिलोना

13. **टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने अब तक कितने ग्रैंडस्लैम टाइटल जीते हैं?**
(अ) 18 (ब) 20
(स) 21 (द) 22

14. **इस वर्ष मलेशिया ओपन बैडमिंटन ओपन में पुरुष एकल चैम्पियन बने हैं?**
(अ) केंटा निशिमोटो
(ब) कुल्नावुत वितिदसर्न
(स) विक्टर एक्सेलसन
(द) इनमें से कोई नहीं

15. **इनमें से किस गेंदबाज ने आईसीसी वन-डे विश्वकप में सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं?**
(अ) चामिंडा वास
(ब) वसीम अकरम
(स) मुथैया मुरलीधरन
(द) ग्लैन मैक्ग्रा

16. **इनमें से किस खिलाड़ी ने बर्लिन ओपन-2023 में महिला एकल वर्ग का खिताब जीता है?**
(अ) पेत्रा क्वितोवा
(ब) कैरोलिना प्लिस्कोवा
(स) मेडिसन कीज
(द) दिनारा साफिन

17. **इनमें से किस देश का राष्ट्रीय खेल गोल्फ है?**
(अ) अमेरिका (ब) स्कॉटलैंड
(स) नॉर्वे (द) मैक्सिको

18. **हाल ही में फुटबॉल से संन्यास लेने वाली महिला खिलाड़ी मेगन रेपिनो किस देश की फुटबॉलर हैं?**
(अ) ब्राजील (ब) फ्रांस
(स) अमेरिका (द) स्पेन

19. **किस देश ने सबसे ज्यादा बार टेनिस टूर्नामेंट डेविस कप जीते हैं?**
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) ब्रिटेन
(स) स्वीडन (द) अमेरिका

20. **भारत की महिला मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम ने वर्ल्ड बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में कितने स्वर्ण पदक जीते हैं?**
(अ) तीन (ब) पांच
(स) छह (द) सात

21. **इनमें से किस क्रिकेटर ने छह बार आईसीसी वन-डे क्रिकेट वर्ल्डकप में हिस्सा लिया है?**
(अ) सचिन तेंदुलकर
(ब) वसीम अकरम
(स) मुथैया मुरलीधरन
(द) कुमार संगाकारा

22. **निकहत जरीन किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं?**
(अ) क्रिकेट
(ब) मुक्केबाजी
(स) जिम्नास्टिक
(द) इनमें से कोई नहीं

23. **इंग्लैंड के स्टार फुटबॉलर हैरी केन ने किस क्लब के साथ करार किया है?**
(अ) बायर्न म्यूनिख
(ब) पेरिस सेंट जर्मेन
(स) बार्सिलोना
(द) जुवेंट्स

24. **सरबिटन ट्रॉफी किस खेल से संबंधित एक खेल प्रतियोगिता है?**
(अ) फुटबॉल (ब) हॉकी
(स) कबड्डी (द) टेनिस

25. **इनमें से किस बल्लेबाज ने आईसीसी वन-डे विश्वकप में सबसे बड़ी पारी खेली है?**
(अ) क्रिस गेल
(ब) रोहित शर्मा
(स) मार्टिन गुप्टिल
(द) रिकी पोंटिंग

उत्तर

1. (द), 2. (स), 3. (द), 4. (अ), 5. (ब), 6. (अ), 7. (द), 8. (स), 9. (ब), 10. (अ), 11. (ब), 12. (स), 13. (द), 14. (स), 15. (द), 16. (अ), 17. (ब), 18. (स), 19. (द), 20. (स), 21. (अ), 22. (ब), 23. (अ), 24. (द), 25. (स)

- पुष्पेंद्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस-10 अक्टूबर

दौड़ती भागती जिंदगी में बढ़ते मानसिक विकार

मानसिक विकार एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, जिस पर अगर समय रहते ध्यान न दिया जाए तो संपूर्ण स्वास्थ्य पर इसका नकारात्मक असर हो सकता है। स्ट्रेस-एंजाइटी के साथ शुरू होने वाली यह दिक्कत धीरे-धीरे अवसाद का रूप ले सकती है। युवाओं में अवसाद की बढ़ती समस्या एक बड़ा स्वास्थ्य जोखिम है जिसको लेकर विशेषज्ञ चिंता जताते रहे हैं। हमारा मानसिक स्वास्थ्य ही हमारे जीवन का निर्धारण करता है कि हम अपने जीवन को किस प्रकार व्यतीत करेंगे और किन परिस्थितियों में व्यतीत करेंगे इसीलिए किसी भी व्यक्ति को मानसिक तौर पर स्वस्थ होना उसके शारीरिक स्वास्थ्य से ज्यादा जरूरी होता है। क्योंकि अगर व्यक्ति मानसिक रूप से सक्षम है, स्वस्थ है और उसकी दृढ़ शक्ति औसत से अधिक है तो वह शारीरिक कठिनाइयों के बावजूद अपने लक्ष्य की प्राप्ति आसानी से कर सकता है वहीं जो शारीरिक रूप से स्वस्थ होने के बाद भी मानसिक रूप से अस्वस्थ है या अवसाद से घिरा है, दृढ़ इच्छाशक्ति की कमी है वह जीवन में पीछे रह जाता है। किंतु यह बहुत ही दुर्भाग्य की बात है कि हमारे समाज में जितना शारीरिक स्वास्थ्य को वरीयता दी जाती है उतना मानसिक स्वास्थ्य को नहीं दी जाती, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य की तो हमारे समाज में चर्चा भी नहीं की जाती। आजकल की इस दौड़ती-भागती जिंदगी में हर कोई मानसिक दबाव से गुजर रहा है, लेकिन बहुत कम लोग ही इसे अहमियत देते हैं। इस अनदेखी के कारण वह मेंटल स्ट्रेस, डिप्रेशन, एंजाइटी से लेकर हिस्टीरिया, डिमेंशिया, फोबिया जैसी मानसिक बीमारी का शिकार हो जाते हैं। दुनियाभर में मानसिक स्वास्थ्य की महत्ता को समझाने के लिए 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। अब समय के साथ-साथ जैसे-जैसे लोगों में जागरूकता बढ़ रही है उन्हें भी अब उनके मानसिक स्वास्थ्य की समझ होने लगी है। इसी जागरूकता को बढ़ाने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा हर वर्ष 10 अक्टूबर को वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे यानी विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इसका मकसद ये है कि लोगों के बीच मानसिक दिक्कतों को लेकर जागरूकता फैलाई जा सके।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का इतिहास

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस अथवा वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे को सर्वप्रथम 1992 में वर्ल्ड फेडरेशन का मेंटल हेल्थ नाम की संस्थान ने मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया था। इसे संस्था के उप महासचिव रिचर्ड हंटर की पहल पर शुरू किया गया था। इस फेडरेशन में 150 से अधिक देश शामिल थे। साल 1994 में संयुक्त राष्ट्र के तत्कालीन महासचिव यूजीन ब्रॉडी ने थीम के साथ इस दिन को मनाने का सुझाव दिया। इसके बाद से ही मानसिक स्वास्थ्य की महत्ता को समझाने के लिए हर साल 10 अक्टूबर को वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे मनाया जाता है। इस दिवस की पहली थीम थी 'इंप्रूविंग द क्वालिटी का मेंटल हेल्थ सर्विसेज थ्रू आउट द वर्ल्ड' अर्थात वैश्विक स्तर पर मानसिक रोगियों को मिलने वाली मदद के ढांचे को सुधारना और बेहतर करना, ताकि किसी भी प्रकार के मानसिक रोगी को इलाज मिलने में किसी भी प्रकार की अड़चन न आए और उसे भी एक शारीरिक रोगी की तरह ही सामान्य रोगी समझा जाए और उन्हें बेहतर से बेहतर इलाज मुहैया कराया जा सके। इसी दिन सन 2018 में यूनाइटेड किंगडम में पहले सुसाइड प्रीवेंशन मिनिस्टर भी नियुक्त किए गए थे, जिनका काम आत्महत्या की रोकथाम के लिए बेहतर नीतियां बनाना और उन पर कार्य करना था।

मानसिक स्वास्थ्य का हमारी इम्युनिटी पर भी सीधा प्रभाव पड़ता है। जब हम तनावग्रस्त होते हैं, मानसिक अवसाद से ग्रसित होते हैं हमारे भीतर रोग प्रतिरोधक क्षमता भी क्षीण होती है। हाल के दिनों में तनावपूर्ण जीवनशैली और बदलते परिवेश के कारण हम अपनी सजगता खो बैठे हैं। इसके लिए तनाव, चिंता, अवसाद को हमें जीवन से अनिवार्य रूप से खत्म करना ही चाहिए। जब हम ऐसी किसी तनावपूर्ण स्थिति का सामना करते हैं तो हमारा मस्तिष्क प्राथमिक तनाव हार्मोन कॉर्टिसोल जारी कर देता है और यह कोर्टिसोल हमारे पाचन, प्रतिरक्षा और नींद सहित शरीर में लगभग सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को बाधित कर सकता है। इसलिए हमें हमेशा ही मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग होना चाहिए। इसके लिए विभिन्न तरीकों से अपने जीवन को आयाम देना चाहिए और चिंता और तनाव को गुडबाय कहना चाहिए।

इस वर्ष की थीम 'मेंटल हेल्थ इज ए यूनिवर्सल ह्यूमन राइट

वर्ष 2023 के लिए विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस की थीम 'मेंटल हेल्थ इज ए यूनिवर्सल ह्यूमन राइट' अर्थात मानसिक स्वास्थ्य एक सार्वभौमिक मानव अधिकार है। इस थीम को मनाने का सबसे बड़ा उद्देश्य यही है कि लोगों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाई जाए कि जिस प्रकार लोग अपनी आजादी के अधिकार के लिए लड़ाई करते हैं उसी प्रकार हमें अपने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति धारणाओं को बदलने की लड़ाई करने की आवश्यकता है क्योंकि हमारी आजादी से भी ज्यादा जरूरी अगर कोई चीज है तो वह है हमारा मानसिक स्वास्थ्य अगर हम मानसिक तौर पर स्वस्थ नहीं रहेंगे तो हम आजादी का उपयोग भी सही ढंग से नहीं कर पाएंगे और हम सभी जानते हैं कि हमारे भारतीय समाज में मानसिक स्वास्थ्य को कैसी दृष्टि से देखा जाता है। अगर कोई व्यक्ति यह बोलता है कि वह अवसाद से पीड़ित है तो उसका समाज में मजाक बनाया जाता है। तो इसी विकृत मानसिकता से समाज को मुक्ति दिलाने के लिए और मानसिक स्वास्थ्य को हमारे शारीरिक स्वास्थ्य की तरह ही एक मूलभूत अधिकार के तौर पर स्थापित करने के लिए इस वर्ष की थीम को लाया गया है।

मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के प्रकार

डॉ. नम्रता सिंह साइकोलॉजिस्ट एवं काउंसलर लखनऊ के अनुसार हर मानसिक बीमारी को एक ही नजर से नहीं देखा जा सकता, मानसिक बीमारियां कई प्रकार की होती हैं और सभी का इलाज अलग ढंग से किए जाने की आवश्यकता होती है और हर मानसिक बीमारी डिप्रेशन या अवसाद नहीं होती है। आईए कुछ मुख्य मानसिक बीमारियों पर नजर डालें-

1. डिप्रेशन- डिप्रेशन या अवसाद एक ऐसी मानसिक बीमारी है जो सबसे ज्यादा देखने को मिलती है। यह एक ऐसी अवस्था है जिसमें हम दुखी महसूस करते हैं। कभी रोने का मन करता है, कभी नकारात्मक विचार हमारे मन में आते हैं। कभी उदासी छा जाती है कभी शरीर में ऊर्जा की कमी महसूस होने लगती है। जीवन में कुछ भी



अच्छा नहीं लगता और सारी खराब स्थितियों के लिए इंसान खुद को जिम्मेदार मानने लगता है। जिंदगी बोझिल बनने लगती है। इस परेशानी में कुछ लोगों का वजन बढ़ने लगता है और कुछ का वजन एकदम से कम होने लग जाता है। नींद की भी परेशानी होने लगती है। कुछ को अधिक नींद आने लगती है और कुछ में नींद आना बहुत कम हो जाती है। किसी काम में मन नहीं लगता, किसी से बात करने का मन नहीं होता। हर वक्त व्यक्ति नकारात्मक बातें सोचता रहता है। किसी भी काम में मन नहीं लग पाता। बाहर घूमना, पार्टी में जाना, खेल खेलने जैसी गतिविधियां बंद हो जाती हैं। थक हारकर कई बार आत्महत्या करने जैसी बातें भी दिमाग में आती हैं। उस इंसान को लगता है कि उसका जीवन व्यर्थ हो गया है और वो जीवन में अब कभी भी आगे नहीं बढ़ पाएगा। डिप्रेशन या तनाव से राहत पाने के लिए लोग कई बार शराब का सेवन भी शुरू कर देते हैं। अवसादग्रस्त लोगों के शराब पीने की आशंका अधिक होती है। दीर्घकालिक तौर पर ये रोग के निदान में देरी का कारण बन सकती है। डिप्रेशन बीमारी की शुरू होने की उम्र 15 से 30 साल की मानी जाती है इसलिए 15 से 30 साल के महिला और पुरुषों को अपने मानसिक स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान देना चाहिए।

2. स्किज़ोफ्रेनिया- स्किज़ोफ्रेनिया एक ऐसी बीमारी है, जिसमें व्यक्ति को सही और गलत का अंतर समझने में परेशानी होती है। इसमें व्यक्ति कुछ-कुछ ऐसी चीजें देखता है और सुनता है जो किसी दूसरे व्यक्ति को दिखाई या सुनाई नहीं पड़ता। ऐसे लोग अपनी भावनाओं को सही से व्यक्त नहीं कर पाते हैं, ऐसी बातें सोचते या बोलते हैं जो सच नहीं होती या बेकार की होती है। इस बीमारी में लोग घर के अंदर रहना पसंद करते हैं, कमरे में अंदर रहना अच्छा लगता है। लोगों से घुलना और मिलना बिलकुल पसंद नहीं करते हैं और दूसरे लोगों पर शक करते हैं कि लोग उनके खिलाफ हैं और नुकसान पहुंचाना चाहते हैं।

3. एंजायटी- यह एक ऐसी अवस्था है, जिसमें इंसान को भविष्य की किसी चीज को लेकर बहुत ज्यादा चिंता और डर होने लग जाता है जिसके कारण शरीर में परिवर्तन होने लग जाते हैं जैसे- पेट खराब रहना, सांस लेने में परेशानी होना, घबराहट होना, जल्दी गुस्सा आना, मुंह सूखना, अपने रोज के कामों को ठीक से न कर पाना। कुछ लोगों में एंजायटी अटैक भी देखा जाता है जिसमें व्यक्ति कुछ समय के लिए बहुत ज्यादा डर जाता है। ज्यादा डर महसूस करने के चलते कई बार ठीक से वो कोई काम नहीं कर पाता और असहाय महसूस करता है।

4. ओसीडी- इस बीमारी में हमारे दिमाग में कुछ विचार या तस्वीरें जो हमें परेशान करती हैं वो चलती रहती हैं जिसके कारण हमारे अंदर तनाव महसूस होने लग जाता है। इस अवस्था को ओबसेशन कहते हैं और इस तनाव को कम करने के लिए हम कुछ ऐसी आदतें विकसित कर लेते हैं, जिससे हम इस तनाव से दूर हो सकें लेकिन तनाव कम करने के प्रयास में हम एक नई परेशानी में फंस जाते हैं जिसे कम्पल्सन कहते हैं :- जैसे- गन्दगी का अहसास करके बार-बार अपना हाथ धोना, असुरक्षा और डर की भावना को कम करने के लिए जरूरत से ज्यादा दरवाजे के तालों को देखना कि ठीक से बंद है कि नहीं, किसी डर को दूर करने के लिए अपने मन में कुछ विशेष बातों या नम्बरों को दोहराना आदि।

कैसे पहचानें मानसिक रोग

विशेषज्ञों के अनुसार मानसिक बीमारियों के कुछ शुरुआती लक्षण इस प्रकार हैं :-

खाने की आदतों में परिवर्तन

डिप्रेशन की स्थिति में व्यक्ति की डाइट प्रभावित होती है। भूख न लगना, डिप्रेशन या अवसाद का एक शुरुआती लक्षण हो सकता है या तो वे बहुत ज्यादा खाने लगते हैं है या बिल्कुल कम खाने लगते हैं।

मूड स्विंग

डिप्रेशन या तनाव में लोगों के साथ अक्सर मूड स्विंग की समस्या होती है यानी बहुत जल्दी-जल्दी उनका मूड बदल जाता है। इसमें न केवल मनोदशा में नाटकीय बदलाव होता है बल्कि समग्र दृष्टिकोण, व्यवहार और ऊर्जा स्तर में भी बदलाव देखने को मिलता है। कई बार ऐसे लोगों में मूड में इस कदर बदलता है कि उन्हें घबराहट के दौरे तक पड़ने शुरू हो जाते हैं।

थकान महसूस करना

हर समय थकान लगना भी अवसाद और तनाव का एक गंभीर लक्षण हो सकता है। डिप्रेशन और क्रोनिक फेटिग सिंड्रोम किसी को बहुत ही थका हुआ महसूस करा सकती है, यहां तक कि अच्छी रात के आराम के बाद भी कमजोरी या थका हुआ महसूस करना भी डिप्रेशन के लक्षण को दर्शाते हैं।

नींद के पैटर्न में बदलाव

डिप्रेशन का हमारी नींद से बहुत गहरा संबंध है। डिप्रेशन के कारण नींद की समस्याएं हो सकती हैं। कुछ लोगों को नींद नहीं आती या फिर बहुत नींद आती है।

आत्मविश्वास में कमी

डिप्रेशन का सामना कर रहे लोगों का आत्मविश्वास बहुत कम हो जाता है और वे अक्सर अपनी ही आलोचना करने लगते हैं। इसके अलावा निराशावादी हो जाते हैं। बीते समय में जो हुआ अक्सर उन बातों को याद करके खुद को कोसते हैं, तनाव और चिड़चिड़ापन बढ़ जाता है।

बेवजह रोते रहना

डिप्रेशन में महिलाओं के चेहरे पर उदासी तो रहती है साथ ही बिना कारण वह रोने भी लगती है। इसके अलावा खुद को किसी चीज के लिए दोषी भी महसूस करती हैं। उन्हें ऐसा लगता है कि वह कुछ भी नहीं हैं।

तनाव मुक्त रहने के सरल उपाय

- दिनचर्या व्यवस्थित रखें
- सकारात्मक सोच रखें
- कामों को सूचीबद्ध तरीके से करें
- अकेले रहने से बचें
- नियमित व्यायाम करें और सुबह शाम टहलें
- अपनी बात कहने की आदत डालें
- कुछ समय अपने आप को दें
- अपनी पुरानी अभिरुचियों को पुनर्जीवित करें

मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं और परिवार

जीवन में अगर अपनों का साथ हो तो इंसान हर मुश्किल से लड़ सकता है। यह बात डिप्रेशन या किसी भी अन्य मानसिक स्वास्थ्य की समस्या पर भी लागू होती है क्योंकि अक्सर लंबे समय तक अवसाद में रहने वाले व्यक्ति अपने आसपास के लोगों और परिजनों से दूरी बना लेते हैं। अपने मन में चल रही उधेड़बुन को किसी के संग साझा नहीं करते हैं। ऐसे में कई बार जब उन्हें कोई रास्ता नहीं समझ आता है, तो वह आत्महत्या जैसा घातक कदम उठा लेते हैं या फिर खुद को गंभीर चोट पहुंचा लेते हैं। कई बार घर छोड़कर चले जाते हैं। इसलिए सर्वप्रथम तो मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण को बदलने की जरूरत है। परिवार में ऐसे सकारात्मक माहौल को बनाने की आवश्यकता होती है, जहां चाहे बच्चा हो या बड़ा हर कोई अपने मन की बात को एक-दूसरे से खुलकर कह सके। यह जनजागरण व्यापक जागरूकता और संवेदनशीलता अभियानों के माध्यम से किया जा सकता है। इसमें सरकार, सामाजिक संगठनों और नागरिक समाज के प्रमुख व्यक्तियों की निर्णायक भूमिका होगी। इसके अलावा मानसिक स्वास्थ्य ढांचे के विकास की भी महती आवश्यकता है। यह तभी संभव है जब इसमें पर्याप्त निवेश किया जाए। इसके अलावा जीवनशैली और सामाजिक मूल्यों में भी व्यापक बदलाव अपेक्षित है। योग, ध्यान, प्राणायाम जैसी क्रियाएं भी अब मानसिक स्वास्थ्य में सबसे कारगर साबित हो रही हैं। इससे मन की शांति के साथ-साथ ऊर्जा स्तर में बढ़ोत्तरी हो रही है वहीं बेहतर निर्णय क्षमता का विकास भी हो रहा है। आपसी रिश्तों में मधुरता आ रही है साथ ही क्रोध पर नियंत्रण हो रहा है और मन में सकारात्मक विचार भी आ रहे हैं।

- सर्जना चतुर्वेदी

(लेखिका : समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

राज्यपाल ने की सिकल सेल टेस्टिंग मोबाइल वैन लोकार्पित

भोपाल, राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने गांधी जयंती के अवसर पर सिकल सेल टेस्टिंग मोबाइल वैन राजभवन में लोकार्पित की। मोबाइल टेस्टिंग वैन रेडक्रॉस की राज्य इकाई द्वारा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, भोपाल को प्रदान की गई है।

राज्यपाल ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में सिकल सेल नियंत्रण प्रयासों के लिए जनजातीय समुदाय के घर पर विज्ञान को पहुंचाने की दिशा में मोबाइल टेस्टिंग वैन प्रभावी पहल है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि मोबाइल यूनिट का संचालन सिकल सेल पीड़ितों के उपचार और वाहक के पुनर्वास प्रयासों को दूरस्थ अंचल में और अधिक प्रभावी बनायेगा।

वैन में जांच सुविधाएं उपलब्ध

मोबाइल टेस्टिंग वैन में सिकल सेल रोग उपचार और पुनर्वास के लिए आवश्यक सभी जांचों की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। वैन का संचालन जनजातीय बहुल इलाकों में किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों एम्स में सिकल सेल वार्ड के उद्घाटन समारोह में भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के प्रबंधकों द्वारा सिकल सेल रोग उपचार और पुनर्वास के लिए वाहन की आवश्यकता का उल्लेख किया गया था।

भारत ने जीती सैफ अंडर-19 चैम्पियनशिप

काठमांडू, भारत की युवा फुटबॉल टीम ने पाकिस्तान को हराकर सैफ अंडर-19 फुटबॉल चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया है। नेपाल में खेले गए इस टूर्नामेंट के फाइनल में भारत की अंडर-19 फुटबॉल टीम ने पाकिस्तान की अंडर-19 टीम को 3-0 से करारी मात दी। फाइनल मुकाबले के पहले हाफ में दोनों टीमों ने गोल करने के कई मौके बनाए, लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। दूसरे हाफ में भारतीय टीम ने आक्रामक खेल दिखाया। भारतीय टीम के मंगलेनथांग किपगेन ने 64वें मिनट में शानदार गोल कर भारत को पहली सफलता दिलाई। मैच के 85वें मिनट में भारतीय टीम ने गोल करने का एक और मौका बनाया, किपगेन ने एकबार फिर गोल कर बढ़त को दोगुना कर दिया। इसके बाद इंजरी टाइम में भारत के ग्वगंमसर गोयारी गोल करने में सफल रहे, जिसकी बदौलत भारत ने मैच 3-0 से अपने नाम किया।

खेलो एमपी यूथ गेम्स

स्पोर्ट्स डेवलपमेंट अथॉरिटी होगी गठित

भोपाल, मध्यप्रदेश में खेलों के प्रोत्साहन के लिए पैसों की कमी नहीं होगी। हम खेलों के बजट को एक हजार करोड़ रुपये तक बढ़ाएंगे। विक्रम पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को शासकीय सेवा में रखा जाएगा। प्रदेश में ब्रेक डांस, मल्लखंभ और ई-गेम्स की अकादमी स्थापित होगी। खेलों के लिए संसाधनों को बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश में स्पोर्ट्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन गठित किया जाएगा, जिसकी अध्यक्ष खेल मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया होंगी। प्रदेश के नए स्टेडियम और पहले से बने स्टेडियमों के संधारण के लिए नई नीति बनाई जाएगी। ये घोषणाएं मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने खेलो एमपी यूथ गेम्स के शुभारंभ अवसर पर कीं।

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को चेक प्रदान कर सम्मानित किया। एशियाड में कमाल दिखा रहे भोपाल शूटिंग अकादमी के निशानेबाज श्री एश्वर्य प्रताप सिंह को 2 करोड़ 75 लाख रुपये और निशानेबाज आशी चौकसे को एक करोड़ 25 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। दोनों खिलाड़ियों के माता-पिता ने चेक प्राप्त किया। महिला क्रिकेट में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम की सदस्य पूजा वस्त्राकर को

एक करोड़ रुपये, सेलिंग की खिलाड़ी नेहा ठाकुर को 50 लाख रुपये और शूटिंग की खिलाड़ी मनीषा कीर को 50 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया।

खेलेंगे हम-जीतेगा एमपी

श्री चौहान ने कहा कि चीन में चल रहे एशियाई गेम्स में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने बड़ी संख्या में पदक जीतकर प्रदेश को गौरवान्वित किया है। बेटियां, बेटों से पदक जीतने में आगे निकल गई हैं। एक जमाना था जब मध्यप्रदेश खेल में पिछड़ा था, आज मध्यप्रदेश खेल रहा है और देश देख रहा है। हम सम्पूर्ण प्रदेश में खेल संस्कृति को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रदेश में खेलों के प्रति सकारात्मक वातावरण बनाने के उद्देश्य से ग्राम स्तर के साथ-साथ विकासखण्ड, जिला, संभाग सहित राज्य स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं हो रही हैं। खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन इसी दिशा में एक कदम है। मुख्यमंत्री ने 'खेलेंगे हम-जीतेगा एमपी' के संदेश से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती सिंधिया ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने और खेल वातावरण निर्मित करने में महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं। श्रीमती सिंधिया ने माता-पिता से अपने बच्चों को खेल को एक कॅरियर के रूप में लेने के लिए प्रोत्साहित करने का आह्वान किया।

केन्द्रीय मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने अपने वर्चुअल संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री की सोच के अनुरूप युवाओं में खेलों में भागीदारी बढ़ रही है। कभी बीमारू कहा जाने वाला मध्यप्रदेश, अब उपलब्धियां अर्जित कर रहा है।

शेष भारत ने जीता ईरानी ट्रॉफी का खिताब

राजकोट, शेष भारत टीम ने एक बार फिर घरेलू क्रिकेट में अपना दबदबा कायम रखते हुए ईरानी ट्रॉफी का खिताब जीता है। शेष भारत ने ईरानी ट्रॉफी में रणजी ट्रॉफी चैम्पियन सौराष्ट्र को 79 रन से हराया। शेष भारत के लिए स्पिनर सौरभ कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 6 विकेट लिए। मैच में शेष भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 308 रन बनाये। इसके बाद सौराष्ट्र की टीम ने पहली पारी में 214 रन बनाये। दूसरी पारी में शेष भारत की टीम 160 रन ही बना सकी। सौराष्ट्र को दूसरी पारी में जीत के लिए 255 रनों का लक्ष्य मिला, लेकिन सौराष्ट्र की पारी महज 79 रन पर सिमट गई।

वेरोनिका कुदेरमेतोवा ने जीता टोक्यो ओपन

टोक्यो, रूस की महिला टेनिस खिलाड़ी वेरोनिका कुदेरमेतोवा ने टोक्यो ओपन का खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट के फाइनल में वेरोनिका ने अमेरिका की जेसिका पेगुला को 7-5, 6-1 से हराया। फाइनल मुकाबले में पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें वेरोनिका ने 7-5 से बाजी जीती। दूसरे सेट में वेरोनिका ने जबरदस्त खेल दिखाया और पेगुला को वापसी का कोई मौका नहीं दिया।

एशियन गेम्स

स्क्वॉश में पाकिस्तान को हराकर भारत बना चैम्पियन

हांगझोऊ, एशियन गेम्स में भारत ने स्क्वॉश में स्वर्ण पदक जीता है। स्क्वॉश में पुरुष टीम वर्ग के फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को पटखनी देकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। भारत ने स्वर्ण पदक के लिए खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान को 2-1 से हराकर जीत दर्ज की।

एशियन गेम्स में भारतीय पुरुष टीम को खिताब का दावेदार माना जा रहा था, लेकिन भारत के सामने मलेशिया और पाकिस्तान की चुनौती थी। भारतीय टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में मलेशिया और फाइनल में पाकिस्तान को हराकर स्वर्ण पदक जीतने में सफल रही। फाइनल मुकाबले के पहले मैच में पाकिस्तान के नासिर इकबाल ने भारत के महेश मनगांवकर को 11-8, 11-3, 11-2 से हराकर पाकिस्तान को बढ़त दिलाई।

इसके बाद भारत के सौरव घोषाल ने 11-8, 11-3, 11-2 से हराकर भारत को मुकाबले में बराबरी पर ला दिया।

इसके बाद तीसरा और निर्णायक मुकाबला अभय सिंह और नूर जमां के बीच खेला गया। इस मैच को अभय ने 11-7, 9-11, 8-11, 11-9, 12-10 से हराया। मैच में 2-1 से पिछड़ने के बाद अभय ने चौथे गेम में शानदार वापसी की और जमां को 11-9 से हराया। पांचवें गेम में अभय ने 12-10 से जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक जीता।

अर्जुन-सुनील ने केनोइंग में जीता कांस्य पदक

हांगझोऊ, भारत के अर्जुन सिंह और सुनील सिंह सालाम ने एशियन गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए 29 वर्ष बाद केनोइंग खेल में कांस्य पदक जीता। अर्जुन और सुनील की जोड़ी ने पुरुषों की 1000 मीटर डबल स्पर्धा में 3 मिनट 53.329 का समय निकालकर कांस्य पदक अपने नाम किया। भारत ने एशियन गेम्स में दूसरी बार केनोइंग में पदक जीता है।

रोलर स्केट में भारत ने पहली बार जीते पदक

हांगझोऊ, भारतीय रोलर स्केटर्स ने हांगझोऊ एशियन गेम्स में इतिहास रचते हुए दो कांस्य पदक जीते हैं। भारत ने एशियन गेम्स में पहली बार रोलर स्केट में पदक जीता है। प्रतियोगिता में भारत ने पुरुष और महिला 3 हजार मीटर स्पीड स्केटिंग टीम रिले स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीते।

अदिति ने भारत को महिला गोल्फ में दिलाया पहला पदक

हांगझोऊ, भारत की स्टार गोल्फर अदिति अशोक ने एशियन गेम्स में इतिहास रच दिया है। अदिति ने एशियन गेम्स में गोल्फ की महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक जीता है। एशियन गेम्स के इतिहास में पदक जीतने वाली अदिति पहली भारतीय महिला गोल्फर हैं। अदिति ने स्पर्धा में 17 अंडर 271 के कुल स्कोर के साथ रजत पदक जीता। इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक थाईलैंड की अर्पिचया यूबोल ने जीता, वहीं दक्षिण कोरिया की ह्यून जो यू ने कांस्य पदक अपने नाम किया।

अदिति ने महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। स्पर्धा में अदिति पहले तीन राउंड तक सबसे आगे रहीं और सात शॉट की बढ़त हासिल की, लेकिन चौथे राउंड में अदिति अपनी लय बरकरार नहीं रख सकीं। चौथे राउंड में अदिति ने एक बर्डी के दौरान चार बोगी और एक डबल बोगी कर अपनी बढ़त को गवां दिया। चौथे राउंड में अर्पिचया यूबोल ने बेहतरीन खेल दिखाया और 64 का कार्ड खेला जो उन्हें स्वर्ण पदक दिलाने के लिए काफी रहा।

- **एशियन गेम्स में गोल्फ खेल में भारत का यह चौथा व्यक्तिगत पदक है।**
- **इससे पहले लक्ष्मण सिंह (1982) और शिव कपूर (2002) ने स्वर्ण तथा राजीव मेहता (1982) ने रजत पदक जीता है।**
- **भारत टीम वर्ग में वर्ष 1982 में स्वर्ण और 2006 और 2010 में रजत पदक जीत चुका है।**
- **अदिति टोक्यो ओलिंपिक में चौथे स्थान पर रह चुकी हैं।**

एथलेटिक्स में भारत का दमदार प्रदर्शन

हांगझोऊ, एशियन गेम्स में निशानेबाजी के बाद एथलेटिक्स में भी भारतीय खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन रहा। हांगझोऊ में आयोजित एशियन गेम्स में भारत ने समाचार लिखे जाने तक 28 स्वर्ण, 38 रजत और 41 कांस्य सहित कुल 107 पदक अपने नाम किए हैं। भारत ने एथलेटिक्स में सबसे ज्यादा 29 पदक जीते हैं।

नीरज ने जीता स्वर्ण पदक

भारत के स्टार एथलीट नीरज ने एशियन गेम्स में अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए भालाफेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। इस स्पर्धा में भारत के ही किशोर जेना ने नीरज को कड़ी टक्कर दी और रजत पदक अपने नाम किया। नीरज ने स्पर्धा में अपने चौथे प्रयास में 88.88 मीटर की दूरी तय की, वहीं किशोर ने भी चौथे प्रयास में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 87.54 मीटर का थ्रो किया जो उन्हें रजत पदक दिलाने के लिए पर्याप्त रहा।

- **अन्नू रानी ने महिला वर्ग में भाला फेंक स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता।**
- **पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले स्पर्धा में भारतीय टीम ने जीता स्वर्ण पदक।**

गोला फेंक में तेजिंदर बने चैम्पियन

भारत के अनुभवी एथलीट तेजिंदर पाल सिंह तूर ने एशियन गेम्स में अपना खिताब बरकरार रखा है। तेजिंदर ने गोला फेंक स्पर्धा में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। तेजिंदर ने लगातार दूसरी बार एशियन गेम्स में गोला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। तेजिंदर ने स्पर्धा के छठवें और अंतिम प्रयास में 20.22 मीटर की दूरी तय कर स्वर्ण पदक हासिल किया।

स्टीपलचेज में अविनाश को स्वर्ण

अविनाश साबले ने पुरुषों की 3 हजार मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। अविनाश ने यह रेस 8 मिनट 19.50 सेकेंड में पूरी कर एशियन गेम्स में नया रिकॉर्ड बनाया। इसके अलावा अविनाश ने 5 हजार मीटर रेस में भी रजत पदक जीता।

महिला एथलीटों ने भी जीते पदक

एशियन गेम्स में भारत की महिला एथलीटों का भी जलवा देखने को मिला। भारत की पारुल चौधरी ने महिलाओं की 5 हजार मीटर दौड़ में स्वर्ण तथा 3 हजार मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में रजत पदक जीता। भारत की हरमिलन बैंस ने 800 मीटर और 1500 मीटर दौड़ में भारत के लिए दो रजत पदक जीते, वहीं ज्योति याराजी ने 100 मीटर बाधा दौड़ में भारत के लिए रजत पदक जीता। इनके अलावा किरन बालियान, सीमा पूनिया, विद्या रामराज, प्रीति लांबा और नंदिनी अगासरा ने कांस्य पदक पर कब्जा किया।

भारतीय तीरंदाजों का स्वर्णिम प्रदर्शन, पांच स्वर्ण जीते

हांगझोऊ, भारत के तीरंदाजों ने एशियन गेम्स में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कई पदकों पर सटीक निशाने लगाए। एशियन गेम्स में ओजस देवताले और ज्योति सुरेखा वेन्नाम की जोड़ी ने भारत के लिए तीरंदाजी में पहला स्वर्ण पकद जीता।

प्रतियोगिता में तीरंदाजी की मिश्रित कंपाउंड टीम स्पर्धा में ओजस और ज्योति की जोड़ी ने सेमीफाइनल में कजाकिस्तान के तीरंदाजों को हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में भारतीय जोड़ी का सामना दक्षिण कोरिया के सो चाई वोन और जो जाई हून की जोड़ी से हुआ। दोनों ही जोड़ियों ने फाइनल में जबरदस्त प्रदर्शन किया, लेकिन भारतीय जोड़ी बेहद नजदीकी मुकाबले में 159-158 से जीत दर्ज करने में सफल रही।

ज्योति सुरेखा वेन्नाम की अगुवाई में भारत की महिला तीरंदाजों ने कंपाउंड टीम स्पर्धा में भारत को स्वर्ण पदक दिलाया।

भारतीय टीम में ज्योति के अलावा अदिति स्वामी और परनीत कौर भी शामिल हैं। भारतीय टीम ने स्पर्धा के फाइनल में चीनी ताइपे के चेन यी सुआन, हुआंग जोउ और वांग लु युन की जोड़ी को हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। फाइनल में भारतीय टीम ने 230 अंक अर्जित किए।

भारतीय तीरंदाजों ने एशियन गेम्स में पुरुष कंपाउंड टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीता है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

ट्रम्प पर 832 करोड़ के घोटाले का आरोप

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर न्यूयॉर्क कोर्ट में मुकदमा चला। ट्रम्प पर आरोप है कि उन्होंने 100 मिलियन डॉलर, यानी 832 करोड़ रुपए से भी ज्यादा का घोटाला किया है। न्यूयॉर्क अटॉर्नी जनरल लेटीटिया जेम्स ने ट्रम्प पर यह केस किया है, जिसकी सुनवाई जस्टिस आर्थर एफ.एंगोरोन कर रहे हैं। लेटीटिया ने मांग की है कि ट्रम्प पर करीब 250 मिलियन डॉलर (2 हजार करोड़) का जुर्माना लगाया जाना चाहिए। यही नहीं उन्होंने ट्रम्प और उनके दोनों बेटों- डोनाल्ड जूनियर और एरिक, के न्यूयॉर्क में सभी बिजनेस पर बैन लगाने की भी अपील की है। लेटीटिया ने कहा है कि ट्रम्प के खिलाफ 5 साल का कमर्शियल रियल एस्टेट बैन भी लगना चाहिए।

करोड़ों बच्चों को छोड़ना पड़ा अपना आशियाना

जलवायु परिवर्तन के कारण दुनियाभर में करोड़ों बच्चों को अपना आशियाना छोड़ना पड़ा है। प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, सूखा, तूफान व जंगलों की आग के कारण करीब 44 देशों में 2016 व 2021 के बीच 4.3 करोड़ से अधिक बच्चे विस्थापित हुए हैं। वहीं, एक दिन में विस्थापित होने वाले बच्चों की संख्या लगभग 20,000 है। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) की ओर से जारी रिपोर्ट बताया गया कि बाढ़ और तूफान की वजह से 95 प्रतिशत बच्चों को विस्थापित होना पड़ा।

ह्यूस्टन में खुला पहला गांधी संग्रहालय

शांति दूत महात्मा गांधी के जीवन और विरासत को समर्पित पहला गांधी संग्रहालय (इटरनल गांधी संग्रहालय) उत्तरी अमेरिका के टेक्सास के ह्यूस्टन शहर में जनता के लिए खोल दिया गया है। यह अमेरिका में एकमात्र महात्मा गांधी से संबंधित संग्रहालय है, जो गांधी के अहिंसक संघर्ष की चिरस्थायी विरासत को संरक्षित और आगे बढ़ाने के लिए समर्पित है।

आईसीएसआई का 55वां स्थापना दिवस समारोह | **नई दिल्ली में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा**

आर्थिक और सामाजिक विकास के साथ आज नई ऊंचाइयों को छू रहा है भारत

नई दिल्ली में भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) के 55वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि कंपनी सचिवों को यह याद रखना चाहिए कि उनकी निष्ठा किसी कंपनी के अधिकारी या पेशेवर के रूप में कानूनी कार्य करने तक ही सीमित नहीं है। उनका कर्तव्य देश के हर उस नागरिक के प्रति भी है जो इस विकास यात्रा में पीछे छूट गया है।

स्थापना दिवस समारोह के बाद राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु और केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन ने कंपनी सचिवों के साथ समूह चित्र खिंचवाया

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने इस बात पर जोर दिया कि संसाधनों के प्रबंधन में कॉर्पोरेट जगत की भूमिका ट्रस्टी की होनी चाहिए। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि सेवा की भावना ही उनका मूल मंत्र होना चाहिए। उन्होंने गांधीजी के बताए सूत्र "सबसे गरीब और सबसे असहाय व्यक्ति का चेहरा याद रखें" को याद रखते हुए अच्छे कॉर्पोरेट प्रशासन के मार्ग पर आगे बढ़ने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने कहा कि उनका लक्ष्य "मानवीय गरिमा के साथ समृद्धि" का होना चाहिए।

कानूनी प्रावधानों का न हो दुरुपयोग

राष्ट्रपति ने कहा कि गांधीजी द्वारा बताए गए सात पापों में से तीन पाप हैं - बिना मेहनत के धन, चरित्र के बिना ज्ञान और नैतिकता के बिना व्यापार। उन्होंने कहा कि इन तीन पापों से जुड़े सबक कंपनी सचिवों के लिए हमेशा मार्गदर्शक बने रहने चाहिए। उन्होंने "व्यापार में नैतिकता" "व्यवसाय नैतिकता" से अधिक महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि कॉर्पोरेट प्रशासन के एक सतर्क प्रहरी के रूप में कंपनी सचिवों को यह ध्यान रखना होगा कि 'ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस' को और बेहतर करने के लिए बनाए गए कानूनी प्रावधानों का दुरुपयोग न हो। राष्ट्रपति ने कहा कि आज भारत नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आर्थिक हो या सामाजिक विकास, हम अग्रणी राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर हैं।

परिवर्तन ही प्रकृति का नियम

अंत में राष्ट्रपति ने कहा कि परिवर्तन ही प्रकृति का नियम है। अगर हम परिवर्तन के साथ सहज नहीं हैं, या अगर हम समय के साथ अपने नज़रिए, पद्धति और काम करने के तरीके को नहीं बदलते हैं तो सुशासन की हमारी आकांक्षा पूरी नहीं होगी चाहे वह एआई जैसे नए तकनीकी आविष्कार हों, या नियामक माहौल में बदलाव हो, इन सभी बदलावों के साथ हमें भी बदलना होगा। आईसीएसआई ने आवश्यकता के अनुसार अपने पाठ्यक्रम को अपडेट किया और अनुसंधान को बढ़ावा दिया है यह जानकर मुझे प्रसन्नता हुई है।

प्रधानमंत्री ने स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर पूरा देश स्वच्छता अभियान में हिस्सा ले रहा है, सभी ने स्वच्छता के लिए एक घंटा समर्पित किया है, जो देश के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में मदद करेगा। इस स्वच्छता अभियान में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के साथ अंकित बैयानपुरिया भी शामिल हुए। अंकित एक फिटनेस इन्फ्लुएंसर हैं। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया जिसमें वह हमारे दैनिक जीवन में स्वच्छता और फिटनेस के महत्व के बारे में बात करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज देश स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, अंकित बैयानपुरिया और मैंने भी वैसा ही किया। स्वच्छता के साथ, हमने फिटनेस और कल्याण के बारे में भी बात की, यह सब स्वच्छ और स्वस्थ भारत के लिए है। प्रधानमंत्री ने उनके दैनिक जीवन की दिनचर्या के बारे में भी बात की और अंकित के फिटनेस टिप्स के बारे में जाना।

बुलेट ट्रेन की सौगात
इंडोनेशिया में लॉन्च हुई हाई स्पीड बुलेट ट्रेन वूश

इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने चीन की मदद से बनी हाई स्पीड बुलेट ट्रेन लॉन्च की। ये इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता से बांडुंग शहर को जोड़ेगी। वूश नामक ट्रेन की औसत गति 350 किमी प्रति घंटा है। चीन की मदद से 142 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन के प्रोजेक्ट की कुल लागत 7.3 बिलियन डॉलर यानी 6 हजार करोड़ से भी ज्यादा है। इंडोनेशिया और चीनी कंपनियों ने साथ मिलकर प्रोजेक्ट पूरा किया है। हालांकि, इसमें आई बहुत सी परेशानियों के बावजूद 2019 में रेलवे ने काम शुरू कर दिया, लेकिन कोरोना और आर्थिक समस्याओं के कारण इसमें काफी समय लगा।

इसलिये नाम मिला वूश

तेज रफ्तार की वजह से इसमें से वूश की आवाज आती है, जिस वजह से इसका नाम ही वूश रख दिया गया है। राष्ट्रपति विडोडो ने बताया कि वूश का पूरा नाम टाइम सेविंग, ऑप्टिमल ऑपरेशन, रिलायबल सिस्टम है।

2 से 31 अक्टूबर 2023 तक

प्रधानमंत्री श्री मोदी को मिले स्मृति-चिह्नों और उपहारों की ई-नीलामी शुरू

- **ई-नीलामी में 912 वस्तुएं शामिल।**
- **पहली नीलामी जनवरी 2019 में हुई।**
- **पिछले 4 संस्करणों में 7 हजार से अधिक वस्तुओं की हुई ई-नीलामी।**

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को भेंट में मिले स्मृति-चिह्नों और उपहारों की ई-नीलामी कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। इस ई-नीलामी में हमारी समृद्ध विरासत को प्रदर्शित करने वाली कलाकृतियों का एक असाधारण संग्रह है और ई-नीलामी का आयोजन 02 अक्टूबर से 31 अक्टूबर, 2023 तक https://pmmementos.gov.in/ पर किया जा रहा है।

यह कलाकृतियां हैं शामिल

ई-नीलामी के लिए उपलब्ध स्मृति चिन्हों का विभिन्न संग्रह पारंपरिक कलाओं की एक ज्वलंत श्रृंखला को प्रदर्शित करता है, जिसमें चित्र, जटिल मूर्तिकला, स्वदेशी हस्तशिल्प और आकर्षक लोक एवं जनजातीय कलाकृतियां शामिल हैं। इनमें से कुछ वस्तुओं को सामान्य रूप से सम्मान और आदर के प्रतीक के रूप में दिया जाता है, जिसमें पारंपरिक अंगवस्त्र, शॉल, हेडगियर और औपचारिक तलवारें शामिल हैं। इस ई-नीलामी की उत्कृष्ट कलाकृतियों में मोढेरा सूर्य मंदिर और चित्तौड़गढ़ के विजय स्तंभ जैसे वास्तुशिल्प प्रतिकृतियां शामिल हैं। चंबा रूमाल, पट्टचित्र, ढोकरा कला, गोंड कला और मधुबनी कला जैसी उल्लेखनीय सामग्रियां स्थायी और गहन सांस्कृतिक सार को दर्शाती हैं।

डब्ल्यूएचओ की मंजूरी के बाद
सीरम इंस्टीट्यूट बनायेगा मलेरिया का दूसरा टीका

- **2019 में दुनियाभर में मलेरिया से हुई थीं 4.09 लाख मौतें।**
- **67 प्रतिशत बच्चे 5 साल से कम उम्र के।**
- **भारत में 2019 में थे 3 लाख 38 हजार से अधिक केस।**
- **77 लोगों की हुई थी मौत।**
- **2015 में 384 मौतें।**

दुनिया में मलेरिया के दूसरे टीके आर-21 को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने मंजूरी दे दी है। यह अगले साल से मार्केट में उपलब्ध होगा। इसके एक डोज की कीमत 166 रुपए से 332 रुपए के बीच होगी। इस वैक्सीन को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने बनाया है। दुनिया के सबसे बड़े वैक्सीन निर्माता- सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के साथ हर साल 10 करोड़ डोज बनाने का अनुबंध हो चुका है।

2 साल पहले दुनिया को मिला था पहला टीका

WHO ने 2021 में मलेरिया के पहले टीके RTS,S/AS01 को मंजूरी दी थी। WHO के डायरेक्टर जनरल डॉ. टेड्रोस एडनोम घेब्येयियस ने कहा कि अब हमारा फोकस दुनियाभर में मलेरिया टीका बनाने के लिए फंडिंग के इंतजामों पर होगा, ताकि यह टीका हर जरूरतमंद देश तक पहुंच सके। इसके बाद संबंधित देशों की सरकार तय करेंगी कि वे मलेरिया को कंट्रोल करने के उपायों में वैक्सीन को शामिल करती हैं या नहीं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

वर्ष 2023 के लिये नोबेल पुरस्कारों की हुई घोषणा

रसायन शास्त्र : संयुक्त रूप से माउंगी बवेंडी, लुइस ब्रस और एलेक्सी इकिमोव

भौतिकी : संयुक्त रूप से पियरे ऑगस्टिनी, फेरेंस क्राउसज और एनी एल'हुलियर

साहित्य : जॉन फॉसे

शांति: नरगिस मोहम्मदी

चिकित्सा क्षेत्र: कैटालिन कारिको और डू वीसैन

वर्ष 2023 के नोबेल पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणा 2 अक्टूबर से शुरू हो गई है। इस साल नोबेल शांति पुरस्कार के लिए 351 उम्मीदवार थे, जिनमें से 259 व्यक्ति और 92 संगठन थे। नोबेल समिति के सचिव थॉमस पर्लमैन ने स्वीडन के कोरोलिंस्का संस्थान में विजेता की घोषणा की। चिकित्सा क्षेत्र के लिए कैटालिन कारिको और डू वीसैन को नोबेल पुरस्कार दिया गया। इन्हें न्यूक्लियोसाइड बेस संशोधनों से संबंधित खोजों के लिए सम्मान दिया गया। इससे कोरोनावायरस के खिलाफ प्रभावी टीकों के विकास में मदद मिली।

भौतिकी, रसायन, साहित्य और शांति नोबेल पुरस्कार- अमेरिकी वैज्ञानिक पियरे एगोस्टिनी, जर्मन वैज्ञानिक फेरेन्क क्रॉस्ज और स्वीडिश वैज्ञानिक एनी एल हुइलियर को संयुक्त रूप से भौतिकी का नोबेल पुरस्कार उन प्रयोगात्मक तरीकों के लिए दिया गया है, जो पदार्थ में इलेक्ट्रॉन गतिशीलता के अध्ययन के लिए प्रकाश के एटोसेकंड पल्स उत्पन्न करते हैं। अमेरिकी वैज्ञानिकों माउंगी बवेंडी, लुइस ब्रस और एलेक्सी इकिमोव को रसायन शास्त्र का नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा हुई है। उन्हें यह पुरस्कार क्वांटम डॉट्स की खोज लिए दिया जा रहा है। नार्वे के लेखक जॉन फॉसे को साहित्य का नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा हुई है। उनको नवोन्मेषी नाटकों और गद्य के लिए सम्मानित किया गया है। ईरान में महिला उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने, मानवाधिकारों और स्वतंत्रता को बढ़ावा देने की लड़ाई के लिए नरगिस मोहम्मदी को शांति का नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा हुई।

दस लाख डॉलर का नकद पुरस्कार

पहली बार जब नोबेल पुरस्कार की शुरुआत की गई तो यह राशि लगभग 11 लाख रुपये थी। समय के साथ इस राशि में बढ़ोतरी की गई है और आज नोबेल प्राइज जीतने वाले को दस लाख डॉलर का नकद पुरस्कार दिया जाता है। इसके अलावा विजेता को एक गोल्ड मेडल और सर्टिफिकेट भी दिया जाता है।

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- मनीष सिंह, मुद्रक- मनीष सिंह द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- रंजना चितले।